ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • माघ कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 20 जनवरी 2023 • वर्ष-23 • अंक-345 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

श्रद्धा कपूर ने प्यार को लेकर अपने फैंस से...

पेज 12 पर

बृजभूषण 24 घंटे में इस्तीफा दें या बर्खास्त होने को तैयार रहें!

खिलाड़ियों के अलावा कई विपक्षी दलों ने भी पद से हटाने व जांच बैठाने की मांग की

ब्यूरो। नई दिल्ली

महिला पहलवान खिलाड़ियों के यौन शोषण मामले में खेल मंत्रालय ने सांसद व खेल संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से फोन पर दो टूक कहा है कि वह 24 घंटे में इस्तीफा दें या बर्खास्त होने को तैयार रहें। एक टीवी चैनल ने इस आशय की खबर दी है। माना जा रहा है कि उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। कुश्ती के ओलंपिक खिलाड़ियों के अलावा कई विपक्षी दलों ने भी महिला पहलवान खिलाड़ियों के तथाकथित यौन शोषण मामले में बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से हटाने, उनके विरूद्ध जांच बैठाने की मांग की है। विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि कुश्ती में देश को ओलंपिक पदक दिलाने वाली बेटियां-लड़कियां कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए दिल्ली के जंतर-मंतरपर धरने पर बैठी हुई हैं, लेकिन बेटी बचाओ का नारा गढ़नेवाले हुक्मरानों के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। चर्चा है कि भाजपा सांसद बृजभूषण को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से हटाया जाये या नहीं, इसको लेकर केंद्रीय हुक्मरान पेशोपेश में हैं। क्योंकि कई बार से सांसद बृजभूषण अपने संसदीय क्षेत्र सहित अगल-बगल के कई संसदीय क्षेत्र में ठीक ठाक प्रभाव रखते हैं। संसाधन के मामले में भी भरे-पूरे हैं। उनका शिक्षा व्यवसाय कई जिलों में बहुत ही फल-फूल रहा है। इसके अलावा ठेका का भी बड़ा कारोबार है। वह माफिया दाऊद से फोन पर बातचीत के एक मामले में जेल भी जा चुके हैं। गौरतलब हो कि बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश के कैसर बाग लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हैं। उनका गोंडा सहित कई जिलों में कई तरह के कॉलेज हैं। उनके पास एक हेलीकॉप्टर भी है। संवाददाता सम्मेलन में विनेश फोगाट ने कहा : खिलाड़ियों के लिए एक-एक दिन कितना अहम होता है उसे समझना चाहिए। मैं चाहती हूं कि जल्द से जल्द कार्रवाई हो। हमें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंसाफ नहीं मिला तो न्यायालय तक जाएंगे : पुनिया

बृजभूषण शरण सिंह को अध्यक्ष पद से हटाने की मांग करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर जारी अनशन को लेकर साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया संवाददाता सम्मेलन किया। इसमें बजरंग पूनिया ने कहा : देश के पहलवान अपने भविष्य के लिए यहां लड़ रही हैं। हमने अध्यक्ष पर जो भी आरोप लगाया है उसका हमारे पास पूरा साक्ष्य है। यदि हमें इंसाफ नहीं मिलता है तो हम इस मामले को न्यायालय तक ले जाएंगे।

NEWS इन ब्रीफ

पीएम मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री की निंदा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की सीरीज (डॉक्यूमेंट्री) की आलोचना करते हुए इसे पक्षपातपूर्ण प्रोपेगेंडा करार दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा : डॉक्यूमेंट्री उस एजेंसी पर प्रतिबिंब है, जिसने इसे बनाया है। हमें लगता है कि यह बदनाम करने के लिए डिजाइन किया गया प्रचार का हिस्सा है। पूर्वाग्रह, निष्पक्षता की कमी और निरंतर औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इसे भारत में प्रदर्शित नहीं किया गया है।

केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस पहुंचे रांची

रांची। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति पारस गुरुवार को देर शाम रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। साथ ही सीसीएल के दरभंगा हाउस परिसर में शुक्रवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे।

झारखंड में 21 जनवरी तक छाया रहेगा कोहरा

रांची। झारखंड में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। इस बीच राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में ठंड भी बढ़ी है। रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। रांची मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे तक राजधानी समेत राज्यभर में मौसम सर्द रहेगा। इस दौरान अगले 21 जनवरी तक कोहरा छाया रहेगा, जिसका असर राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक होगा।

महिला सह-यात्री पर सूसू करने वाले पर 4 माह का बैन

नई दिल्ली। एयर इंडिया के यात्री शंकर मिश्रा, जिन्होंने पिछले साल नवम्बर में न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान में एक महिला सह-यात्री पर सूसू किया था, को एयरलाइन से यात्रा करने पर चार महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे पहले, एयर इंडिया ने इस घटना के प्रकाश में आने के बाद मिश्रा पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि एक एयरलाइन नागरिक उड्डयन मंत्रालय से परामर्श करने से पहले एक अनियंत्रित यात्री को केवल 30 दिनों के लिए प्रतिबंधित कर सकती है। सूत्रों ने दावा किया कि एयरलाइन ने गुरुवार को मामले के संबंध में एक आंतरिक रिपोर्ट सौंपी।

आदेश : नो अवैध खनन

समीक्षा बैठक में सीएम बोले, किसी भी परिस्थिति में न हो अवैध खनन

विभागीय सचिवों को जिलों में जाकर योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश

राज्य के पुलिसकर्मी आम जनों के प्रति बने अधिक संवेदनशील

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो टूक कहा है कि राज्य में किसी भी कीमत पर अवैध खनन न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक हर हाल में पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है उन योजनाओं के कार्यों में तेजी लाएं। ऐसी योजनाओं का समय से उद्घाटन हो इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। वह गुरुवार को मंत्रालय के सभागार में सभी जिलों के डीसी-एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के एसएसपी व एसपी को निर्देशित किया कि किसी भी सूरत में अवैध खनन न हो। न कोयला का, न बालू या पत्थर का अवैध खनन हर हाल में रुके, ये जिलों के एसपी सुनिश्चित करें। सीएम ने विभागीय सचिवों को निर्देश दिया कि वे शेड्यूल बनाकर जिलों में जाएं तथा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। जरूरत पड़ने पर जिलों में जाकर औचक निरीक्षण भी करें।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह इंप्लीमेंट का वर्ष है। हम सभी को ग्राउंड रियलिटी पर कार्य करने की जरूरत है। पोर्टल में डाटा एंट्री कर देने से लोगों को लाभ नहीं मिल जाता है बल्कि जमीनी स्तर पर क्या कार्य हो रहे हैं उस पर नजर रखनी आवश्यक है। कई योजनाएं पोर्टल पर कुछ और दिखती हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उपायुक्तों की है। जिलों के उपायुक्त कार्यों की निरंतर समीक्षा करें तथा नोडल अधिकारियों को कर्तव्य बोध का एहसास दिलाते रहें। 15 फरवरी 2023 तक मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना अंतर्गत वंचित पात्र लाभुकों को राशि का भुगतान हर हाल में करें। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों को आम जनों के प्रति अधिक संवेदनशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया है।

राज्य में 2024 तक हर हाल में नल जल योजना का लक्ष्य होगा पूरा : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की

सीएम बोले, प्रत्येक घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य में संचालित जल जीवन मिशन (हर घर नल-जल योजना) एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को आश्वस्त किया कि वर्ष 2024 तक हर हाल में जल जीवन मिशन के तहत (हर घर नल जल योजना) के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। सीएम ने कहा कि सरकार के पिछले तीन वर्षों में 14.12 लाख परिवारों को हर घर नल से जल के तहत आच्छादित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 630 गांव 105 ग्राम पंचायत तथा एक प्रखंड को शत-प्रतिशत हर घर नल से जल के साथ आच्छादित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राज्य में जलवायु के अनुकूल जल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने का प्रयास कर रही है इस संबंध में विभाग द्वारा कई योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) रहा फायदेमंद : केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से कहा कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की कार्य योजनाओं में तेजी लाएं। आपके प्रयास से दोनों कार्यक्रमों के मिशन को ससमय पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो आंकड़ों में अवश्य सुधार दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के वैसे गांव जहां जल स्त्रोत नहीं है या शुद्ध जल स्त्रोत पर्याप्त नहीं है वैसे ग्रामीण क्षेत्रों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। जल जीवन सर्वेक्षण भी इस कार्य में मददगार साबित होगा। राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के मुहिम में प्रयास को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण पानी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग राज्यों को प्रदान किया जा रहा है।

स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने अनुभवी पदाधिकारी और अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं के बावजूद अगर हम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करा पा पाएं तो यह दुर्भाग्य की बात होगी। हम सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझें और जिम्मेदारी को पूरा भी करें। झारखंड में सभी को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हमारी सरकार दे रही है। सभी वर्गों को शुद्ध पेयजल के लिए कोई वित्तीय भार न उठाना पड़े।

ईडी के अधिकार को झारखंड सरकार ने दी चुनौती

अफसरों को भेजे गए समन पर रोक लगाई जाए

राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट में ईडी के खिलाफ दायर की है क्रिमिनल रिट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय में ईडी के खिलाफ क्रिमिनल रिट दायर की है। इसमें ईडी की ओर से झारखंड पुलिस के अफसरों को समन भेजे जाने को चुनौती दी गई है। झारखंड सरकार ने पहले इसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे इंटरटेन न करते हुए बीते 16 जनवरी को झारखंड सरकार को कहा था कि उसे इस मामले में पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए। हाईकोर्ट को यह मामला सुनने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार ने वहां से याचिका वापस ले ली थी और इसके बाद गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ 25 को सुनवाई

रांची। अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोपित पंकज मिश्रा की ओर से ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ दायर कंप्लेंट केस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के अधिवक्ता मनोज मिश्रा ने अदालत में बहस करते हुए कहा कि एजेंसी के अधिकारियों ने तथ्य छुपाए हैं। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस में पंकज मिश्रा की याचिका की मेंटीबिलिटी पर सवाल उठाया। मामले में अगली सुनवाई की तिथि अदालत ने 25 जनवरी निर्धारित की है।

न्यायाधीश नियुक्ति का प्रस्ताव है लंबित, त्वरित कार्रवाई हो

डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने की है सिफारिश

ब्यूरो। नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल की नियुक्ति के लिए 11 नवम्बर, 2021 की अपनी सिफारिश को दोहराया है। कॉलेजियम, जिसमें जस्टिस एसके कौल और केएम जोसेफ भी शामिल थे, ने कहा कि कृपाल की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति का प्रस्ताव पांच साल से अधिक समय से लंबित है और इस पर तेजी से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया है : इस पृष्ठभूमि में, कॉलेजियम दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सौरभ कृपाल की नियुक्ति के लिए 11 नवम्बर, 2021 की अपनी सिफारिश को दोहराने का संकल्प लेता है, जिस पर तेजी से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। 13 अक्टूबर, 2017 को दिल्ली उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा सर्वसम्मति से की गई सिफारिश और 11 नवम्बर, 2021 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित की गई सिफारिश को 25 नवम्बर, 2022 को पुनर्विचार के लिए हमारे पास वापस भेज दिया गया है। फाइल, यह नोट किया। बयान में कहा गया है कि कृपाल के पास क्षमता, अखंडता और बुद्धि है और उनकी नियुक्ति दिल्ली उच्च न्यायालय की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रोजगार अब गंगा की मिट्टी भी बन रही है आर्थिक समृद्धि का स्त्रोत

50 रुपये प्रति किलो बिक रही है गंगा की मिट्टी

नवीन मेल संवाददाता। बेगूसराय

सनातन संस्कृति और प्राचीन ग्रंथों में जीवनदायिनी कही जाने वाली मां गंगा, सिर्फ जीवनदायिनी, पापनाशनी और मोक्षदायिनी ही नहीं, बल्कि रोजगार दायिनी भी है। उत्तर में हिमालय से दक्षिण में गंगा सागर तक गंगा के बेसिन में बसे करोड़ों लोग किसी ना किसी रूप में गंगा से फायदा ले रहे हैं। यह तो आपको ज्ञात ही होगा कि भारतीय डाक विभाग गंगाजल की बड़े पैमाने पर बिक्री कर रहा है। गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक हजारों-हजार लोग बोतल एवं डब्बा में भरकर गंगाजल बेच रहे हैं। नई खबर यह है कि अब गंगा की मिट्टी भी सोना उगल रही है। सोना मतलब लोगों के आर्थिक समृद्धि का श्रोत बन रही है। बेगूसराय में गंगा से निकाला गया मिट्टी (स्थानीय भाषा में गंगौट) 50 रुपये किलो बिक रहा है।

गंगा के अंदर से निकाला गया गीला बालू-मिट्टी 40 रुपये किलो तथा गंगा के बाहर का सूखा बालू 25 रुपये किलो बिक रहा है। हालांकि, यह खुदरा भाव है, थोक में लेने पर कुछ छूट भी दिया जाता है। बिहार के गंगा घाटों में से प्रमुख सिमरिया में बड़े पैमाने पर गंगा के बालू और मिट्टी की बिक्री हो रही है। यहां करीब एक सौ परिवार इस धंधा में लगे हुए हैं। परिवार के पुरुष सदस्य गंगा से गीली मिट्टी निकालते हैं। उसके बाद अन्य सदस्य करीब पांच-पांच सौ ग्राम का गोला बनाकर सुखाते हैं और सुखाने के बाद बेचा जाता है।

इसी मिट्टी से बनता है घर में स्थापित होनेवाले देवी का पिंडी

सिमरिया में स्नान करने के लिए आनेवाले मिथिला, मगध एवं नेपाल के लोगों और समय-समय पर छोटे जहाज से आनेवाले विदेशी पर्यटक भी इस मिट्टी को अपने घर ले जाते हैं। घर में स्थापित होनेवाले देवी का पिंडी इसी मिट्टी से बनता है। गंगा के क्षेत्र से अत्यधिक दूरी में रहनेवाले श्रद्धालु गंगा के मिट्टी को अपने घर में रखकर पूजा करते हैं। पहले लोग खुद से स्नान करने के बाद गंगा से मिट्टी निकालते थे, लेकिन अब उनकी जीवन शैली बदल रही है। सिमरिया आनेवाले लोग गंगा से मिट्टी निकालने में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गंगा विलास क्रूज कल पहुंचेगा साहिबगंज

साहिबगंज। साहिबगंज में दुनिया का सबसे लंबा जलमार्ग तय करनेवाला गंगा विलास क्रूज अब 21 जनवरी को पहुंचेगा। पहले गंगा विलास क्रूज के 23 जनवरी की शाम पहुंचना निर्धारित था। विदेशी सैलानियों को लेकर सबसे लंबी यात्रा पर निकला गंगा विलास क्रूज तय समय से पहले 21 जनवरी को साहिबगंज पहुंचेगा। वहीं, जिला प्रशासन ने विदेशी मेहमानों को गंगा विलास क्रूज के नीचे उतरने के लिए संचालक से परमिशन देने की अपील की है, जिससे विदेशी मेहमानों का जिला प्रशासन स्वागत कर सके। साथ ही गंगा तट पर विदेशी मेहमानों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर सके।

पलामू में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, सर्च ऑपरेशन जारी

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के मनातू थाना क्षेत्र के मिटार पीकेट के निकट बिसराव जंगल में गुरुवार सुबह छह बजे पलामू पुलिस और सीआरपीएफ के साथ टीएसपीसी नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की ओर से लगभग 70 राउंड और पुलिस की ओर से लगभग 80 राउंड फायरिंग की गई। इस घटना के बाद नक्सली अपने को कमजोर पड़ते देख भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर वहां से एक गन, पिठ्ठू, नक्सली साहित्य खाने-पीने के बर्तन, दरी एवं अन्य कई सामग्री बरामद किया। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस क्षेत्र में नाकेबंदी कर चुकी है। सर्च अभियान जारी है। इसमें कुछ नक्सलियों के हताहत होने की भी खबर है। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। सर्च अभियान की समाप्ति के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

पीएलएफआई उग्रवादियों ने जेसीबी मशीन और पानी टैंकर में लगाई आग

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

जलडेगा थाना क्षेत्र के ओड़गा ओपी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन और पानी टैंकर समेत अन्य मशीनों में बुधवार की देर रात आग लगा दी। अगलगी की घटना में मशीन जलकर पूरी तरह से राख हो गई। घटनास्थल पर उग्रवादियों ने पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेदारी ली है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है और रेलवे निर्माण कार्य में लगे मजदूर काम छोड़कर भाग गए। पीएलएफआई के स्टेट प्रभारी राजेश गोप की ओर से जारी पर्चा में घटना की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि संगठन को सूचित किए बिना निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसलिए इस घटना को अंजाम दिया गया। चेतावनी दी गई है कि यदि संगठन से भविष्य में भी बातचीत नहीं की गई तो ऐसी ही कार्रवाई की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

सिल्ली। सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय परिसर में गुरुवार को गणतंत्र दिवस के तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के तैयारियों की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सर्वसम्मति से प्रखंड मुख्यालय में झंडोत्तोलन के समय का निर्धारण साढ़े आठ बजे प्रातः किया गया। उसके बाद इलाके के अन्य सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन किया जायेगा। नये समय सारणी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली थाना, मुरी ओपी थाना, जीआरपी, आरपीएफ एवं कस्तूरबा गांधी खादी ग्रामोद्योग बड़ा मुरी में झंडोतोलन किया जायेगा।

पड़हा व्यवस्था हमारे पूर्वजों की देन : सुबोध कुमार लकड़ा

बेड़ो। पड़हा व्यवस्था हमारे पूर्वजों की देन है और इसे बचाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के लकड़ा फाड़ा मैदान में आयोजित 10 पड़हा के तत्वाधान में बैठक के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि पड़हा समाज के लोग जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए कृत संकल्पित है। पड़हा समाज की सामाजिक, संस्कृति व पारंपरिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान बेड़ो, ईटकी, लापुंग समेत कई गांव के 40 पड़हा के प्रेमी भाई-बहन ने भाग लिया। जहां पड़हा प्रेमियों का भव्य स्वागत किया गया।

बेड़ो में शनिवार को ऊर्जा मेला का आयोजन

बेड़ो। बिजली विभाग के तत्वावधान में आगामी शनिवार को महादानी मैदान बेड़ो में ऊर्जा मेला का आयोजन किया जाएगा। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बेड़ो के कनीय अभियंता राजेन्द्र प्रसाद चौधरी ने बताया कि मेला में बकाया बिल का भुगतान करने व मीटर से घरेलू लाईन जलाने पर 100 यूनिट बिजली सरकार की ओर से फ्री दिया जाएगा। वहीं मेला में बिजली से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही बिजली का बिल जमा करने पर रसीद काटा जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त, योगा के छात्र छात्राएं त्रस्त : आजसू

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल, रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा से मिला और योगा विभाग के अत्यंत विलंब से चल रहे यूजी 2020-23 सेशन के शैक्षणिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि योग विभाग के यूजी सेशन 20 झ23 के ढाई साल बीत जाने के बावजूद केवल 2 ही सेमेस्टर की परीक्षा हुई है बाकी आने वाले 6 महीनों में विश्वविद्यालय को 4 सेमेस्टर की परीक्षा करानी है, इसे लेकर योगा विभाग के छात्र-छात्राओं में काफी रोष है। विश्वविद्यालय प्रशासन मस्त हैं और योग के छात्र छात्राएं त्रस्त हैं।

सहाय योजना के तहत गांव के युवा खिलाड़ियों का किया जाएगा चयन

खूंटी। जिले में जमीनी स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने के उद्देश से सहाय योजना की शुरूआत की गई है, खेलों के माध्यम से युवाओं का विकास हो सके। योजना के तहत प्रखण्ड और जिला स्तर पर लड़के-लड़कियों के लिए फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और अन्य खेल प्रतियोगिताओं का अलग-अलग आयोजन किया जाएगा। एथलेटिक्स में भी ग्राम पंचायत और नगर निकाय स्तर पर प्रतियोगिता कराकर तीन सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एथलीटों का चयन किया जाएगा।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों की समीक्षा की

कार्यों को समय पर पूरा करें अधिकारी

परेड और झांकियों को लेकर विशेष निर्देश

आयुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिन झांकियों का चयन किया गया है, उनका पूर्वाभ्यास (ड्राई रन) कराया जाए ,ताकि समारोह में उसका सफल प्रदर्शन हो सके । उन्होंने समारोह स्थल पर 27 जनवरी तक झांकियों को रखे जाने पर भी सहमति जताई । बैठक में परेड में भारतीय सेना की टुकड़ी और आईआरबी की सहभागिता पर भी विचार विमर्श हुआ। प्रमंडलीय आयुक्त ने परेड के पूर्वाभ्यास को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो ने गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की चल रही तैयारियों की आज समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सारी तैयारियां समय पूरी कर ली जानी चाहिए। प्रमंडलीय आयुक्त ने समारोह स्थल पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था के साथ पंडाल निर्माण, मैदान समतलीकरण, गैलरी निर्माण, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, साउंड सिस्टम, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, सड़कों की मरम्मत, चिकित्सा व्यवस्था अग्निशमन व्यवस्था, झांकी निर्माण और परेड की चल रही तैयारियों आदि की, पूरी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साफ सफाई के साथ सड़कों की मरम्मत के भी निर्देश प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि मोरहाबादी मैदान स्थित समारोह स्थल आने वाले सभी रास्तों की मरम्मत और साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। इसके साथ समारोह स्थल में पेयजल सुविधा, चिकित्सा एवं अग्निशमन की व्यवस्था हो। वहीं, समारोह स्थल के आसपास से स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ कर अन्यत्र ले जाने के भी निर्देश दिए ।आयुक्त ने समारोह स्थल के आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने की भी निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि यहां मीडिया कर्मियों के लिए समुचित व्यवस्था हो, ताकि उन्हें कार्यक्रम कवरेज में सहूलियत हो सके । आयुक्त समारोह के मिनट 2 मिनट कार्यक्रम पर भी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नौशाद आलम, नगर पुलिस अधीक्षक, अपर जिला दंडाधिकारी, उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी, कमांडिंग ऑफिसर ,आर्मी हेडक्वाटर, जिला नजारत उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गोंदा, प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यप्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, अग्निशामक पदाधिकारी, आड्रे हाउस, रांची सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

जागरूकता के लिये चलाया गया सुरक्षा सप्ताह

नवीन मेल संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली पुलिस ने एलएंडटी कम्पनी के सहयोग से गुरुवार को सिल्ली के रामडेरा में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस दौरान सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने यातायात नियमों के अनुपालन एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के लिये वाहनों की चेकिंग की गयी। पुलिस कर्मियों ने बाइक सवारों की हेलमेट की जांच की गयी। हेलमेट नहीं पहनने वालो को हेलमेट पहन कर चलने की हिदायत दी गई। दर्जनो वाहन की जांच की गयी। पुलिस वालों ने हेलमेट नहीं पहने वालो को माला पहना कर स्वागत किया एवं आगे हेलमेट नहीं पहनने पर जुमार्ना वसूलने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर एलएनटी के कर्मचारी व पुकिसकर्मी मौजूद थे।

झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन का आयोजन

दखल जमीन का पट्टा सरकार से लें

नवीन मेल संवाददाता

बुढ़मू। झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन का आयोजन बुढ़मू प्रखंड के कोटारी गांव में सूर्यमणि भगत के घर के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। जंगल बचाओ आंदोलन के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए जंगल बचाओ एवं बहुत दिनों से दखल किए गए जमीन का पट्टा लेने और बहुत दिनों से बनाए गए घर जमीन का पट्टा सरकार से लेने, रहने व जीविका के लिए पुराने जमीन का पट्टा की मांग सरकार से करने को लेकर कई बाते कही। साथ ही सुदेश कुमार महतो ने पंचायत गांव में जंगल बचाओ कमेटी बनाने, वन पट्टा अधिकार की मांग करने को लेकर कई बाते कही। साथ ही कार्यक्रम में सुदेश कुमार महतो ने उपस्थित लोगों को पंचायत व गांव में आजसू पार्टी के कमेटी का विस्तार करने की बात कही, और अपना हक अधिकार के लिए मिलजुलकर लड़ाई लड़ने की बात कही। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार में आकर काम नहीं कर रहे लोगों को चुनाव में समर्थन नहीं करने की बात कही है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो को कार्यक्रम में ढोल नगाड़ा बजाकर गीत गाकर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पौधा देकर, एवं माला पहना कर मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो का स्वागत एवं सम्मानित किया गया। जंगल बचाओ आंदोलन कार्यक्रम सूर्यमणि देवी की देखरेख में आयोजित किया गया। जंगल बचाओ आंदोलन के आयोजन में आये मुरगी गांव निवासी संतोष यादव ने झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो से मिला।, और सुदेश कुमार महतो से मिलकर संतोष यादव ने अपना जमीन कल्हुवा गड़ा का सारा कागजात दिखाया।

भारत सरकार की स्वच्छता विभाग की सेकेट्री पहुंची रातू

रातू। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय पेयजल व स्वच्छता विभाग की सेकेट्री विनी महाजन गुरुवार की शाम रातु के सांसद आदर्श ग्राम मुरचू पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। श्री महाजन में गांव का दौरा कर वहां चल रहे कल्याणकारी योजनाओ को देखा व ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। वे करीब दो घण्टे तक गांव में रहकर ग्रामीणों को निर्माण कार्य से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पेयजल व स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के सेकेट्री नेहा अरोरा, राँची उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार, बीडीओ हरिशंकर बारीक, पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, परमेश्वर गोप आदि मौजूद थे।

बाल अधिकार व मानसिक स्वास्थ्य से निपटने के विशेष चर्चा

हमें इसे एक अभियान बनाना चाहिए : डॉ. जोसफ मारियानुस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम, और बाल रक्षा भारत, जिसे विश्व स्तर पर सेव द चिल्ड्रन के नाम से जाना जाता है, ने बाल अधिकार - मानसिक स्वास्थ्य और सीखने की कठिनाइयों से निपटने के विशेष परिद्रेश्य पर राउंडटेबल चर्चा गुरुवार को कैम्पस में की गयी। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने स्वागत भाषण दिया और कहा, जब हम बाल अधिकारों के बारे में सोचते हैं, तो हमारे दिमाग में जो विचार आते हैं,वह एक व्यसक और बच्चे के लिए समान होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पास ऑनलाइन सीखने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए गैजेट्स की पहुंच नहीं है जो उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है। हमें इन बच्चों की मानसिक, भावनात्मक और नैतिक सहायता करनी चाहिए। हमें तर्कसंगत पॉलिसी के लिए अपने हितधारकों के साथ रिसर्च और प्रशिक्षण में संलग्न होने की भी आवश्यकता है। हमें इसे एक अभियान बनाना चाहिए- हम आंदोलन लाएंगे। महादेव हांसदा, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर, सेव द चिल्ड्रेन, इंडिया ने इस आयोजन के महत्व को बताया और कहा, कोविड के बाद बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। समाज के कमजोर वर्ग- एक बच्चे की सुरक्षा करना विभिन्न हितधारकों की भूमिका और जिम्मेदारी है। इस राउंडटेबलकी चर्चा से नीति समर्थन के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी जो बच्चों के लिए मददगार होगी। श्री उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, सदस्य, जेएससीपीसीआर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उचित देखभाल और सुरक्षा बदलती दुनिया में एक बच्चे को फलने-फूलने में मदद कर सकती है, जब रोजगार के मामले में उनके परिवार को सहायता प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा आयोजित की गई जहां डॉ अनंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुख, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम, एक्सआईएसएस ने मानसिक स्वास्थ्य के पहलुओं और राज्य में एक बच्चे के लिए नीतियों की स्थिति पर प्रकाश डाला।

यौन शोषण मामले में दो न्यायायिक हिरासत में भेजा गया

मांडर। मांडर पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण मामले में दो अलग अलग मामले के दो अभियुक्तों को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।प्रखंड के कनभिट्ठा निवासी लिटरो उरांव उर्फ जोगे उरांव उर्फ अमित उरांव पर एक 28 वर्षीय गाँव की ही युवती ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2020 के 4 अप्रेल को उसके घर में ही प्रेम का इजहार करते हुए मुँह बंद कर जबरन बलात्कार किया।बाद में मौका पाकर घर में घुसकर शादी का आश्वासन देकर बलात्कार करता रहा। गर्भवती होने पर जल्द शादी करने के लिए बोलने पर दिन टालते हुए बच्चा स्वस्थ रहेगा बोल गर्भपात की दवा खिला दिया।गर्भपात के बाद पंचायत में मुखिया बहादुर उरांव सहित अन्य गणमान्यों की पंचायती में लड़के ने इसे छोड़ दूसरी लड़की से शादी की बात की। दो वर्षों से लगातार बहला फुसला कर यौन शोषण से पीड़ित युवती ने कानूनी प्रक्रिया का सहारा लिया।

10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

सिल्ली। धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं कैनारा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रांची जिला उपाध्यक्ष बीना देवी एवं सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेन बाईक उप प्रमुख आरती देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधि पूर्वक उद्घाटन किया गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहां की आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि स्वयं अपना रोजगार कर सके और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर रूडसेट संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार एवं दशरथ कुमार महेश रोहिदास एवं प्रशिक्षक अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

मुरचू गांव में शौचालय का किया गया है निर्माण

रातू। मुरचू गांव में फेज 1 के तहत खुला शौच से मुक्त के लिए हर घर में शौचालय का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जल मिशन के तहत सभी घरों में नल से जल पहुंचाया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन फेज टू के तहत ठोस व तरल कचरे का निपटारे का प्रबंध किया गया है। इसके लिए नागेप,वर्मी कंपोस्ट, सामुदायिक सोखपीठ,महामारी स्वच्छता के लिये भसमक का निर्माण किया गया है।सिंगल यूज प्लास्टिक के निपटारे के लिए 10 घरों के अंतर में बांस का जाली बनाया गया है जिसमे ग्रामीण द्वारा यूजलेस प्लास्टिक को उसमें जमा किया जाता है। इन यूजलेस प्लास्टिक को रिसाइकल के लिए फैक्ट्री भेजा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया अहिल्या देवी, ज्योति देवी,रीता भगत,सहायक कार्यपालक अभियंता देवानंद सिंह, कनीय अभियंता विजय सिंह, रोजगार सेवक नरेंद्र रजक,राँची जिला के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सभी प्रखंडों के सोशल मोबलाइजर और ब्लॉक कोडनेटर की पूरी टीम की सराहनीय योगदान रहा।

उत्कृष्ट युवा क्लब चयन के लिए आवेदन की मांग

रांची। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले युवा मंडलों से जिला स्तरीय उत्कृष्ट युवा मंडल पुरस्कार हेतु चयन के लिये आवेदन की मांग की गई है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस पुरस्कार के आवेदन के लिए वही युवा मंडल योग्य होंगे। जिसे नेहरू युवा केन्द्र,पलामू व सोसाइटी रेजिस्ट्रेशन एक्ट1860 के अनुसार संबद्धता प्राप्त हो तथा युवा मंडल द्वारा वर्ष 2021-22 में कुल आय और व्यय का ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध हो।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

Corrigendum

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No -RCD/FSD /AP/RAN/35/22-23 Dated 16.01.2023 जिसका पी0आर0न0 287659 (Road) 22-23(D) है, अपरिहार्य कारणें से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
प0 नि0 वि0, राँची

PR 287904 (Road) 22-23 (D)

हत्या का मामला

मुखिया की चचेरी गोतनी की नृशंस हत्या

पुलिस घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू की

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग थाना क्षेत्र के सापुकेरा वीरटोली की रहने वाली मुखिया सविता उरांव की चचेरी गोतनी 48 वर्षीया विधवा दीप्ति उरांव पति स्व0 बंधना उरांव की किसी भारी चीज से कूचकर नृशंस हत्या कर दी गई है। गुरुवार को दोपहर के बाद शादी का कार्ड देने पहुंचे किसी युवक ने घर का दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा बंद मिला, उसने आसपास के लोगों से पूछा कि दीप्ति कहां गईं हैं ? गांव वालों को आशंका हुई और जब खोजबीन शुरू की गई तो पीछे का दरवाजा खुला हुआ पाया। घर के अंदर दीप्ति का शव पड़ा हुआ मिला। उसके नाक के ऊपर आंख के पास का हिस्से में गहरे जख्म मिले हैं। चेहरे के ऊपरी भाग में खून का रिसाव भी मिला है। घटना की सूचना लाकुम पुलिस को दी गई। लाखों के थानेदार सुकुमार हेम्ब्रम पुलिस के पदाधिकारियों और जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। देर शाम बेड़ो के डीएसपी रजत मणि बाखला और सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार भी घटनास्थल पहुंचे। वहां पहले से मौजूद मृतका दीप्ति उरांव की चचेरी गोतनी और सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, पूर्व मुखिया और कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सुखु लोहरा सहित आस-पड़ोस के ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि दीप्ति घर में अकेले ही रहती थी मंगलवार को दिन में लोगों ने सुबह नौ बजे उसको अंतिम बार घर से बाहर देखा था उसके बाद उसको गांव वालों ने नहीं देखा। उनका घर का पिछले का दरवाजा खुला होने के कारण लोगों ने शक के आधार पर उनको घर में घुस कर देखा तो वह मृत पड़ी हुई पाई गई। गुरुवार को शाम में लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रोम, एसआई सुशील मरांडी ने पहुंचकर ग्रामीणों और सगे संबंधियों से पूछताछ की। डीएसपी रजत मनी बाखला और सर्किल इस्पेक्टर अरुण कुमार ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर गहराई से छानबीन किया एवं शव का पंचनामा कर अपने कब्जे में लेकर उसे थाना ले आई। घटना स्थल से पुलिस ने खून लगा हुआ लाल रंग का गमछा, खून लगा हुआ पीले रंग की साड़ी, एक टांगी, खून लगा हुआ मिट्टी बरामद किया है। मृतक महिला के पति बंधना उरांव की लगभग 1 साल पहले मौत हो गई थी।

झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 232/2022-23/RWD/HAZARIBAGH दिनांक :- 19.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	RWD/ HAZARIBAGH/ 20/2022-23	चटकरी से मडमो भाया पीपरा टोला मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0)	2,77,25,700.00	दो करोड़ सतहत्तर लाख पच्चीस हजार सात सौ रू0 मात्र	15 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 31.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 13.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.02.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 15.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 287931 Rural Work Department (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

उर्दू स्कूलों में परीक्षा 22 जनवरी को

रांची। प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। अब उर्दू स्कूलों में 20 जनवरी को होने वाली परीक्षा 22 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 20 जनवरी को शुक्रवार है। इस दिन उर्दू स्कूलों में अवकाश रहता है। झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि सिर्फ उर्दू स्कूलों में परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अधिवेशन और चुनाव 21 को

रांची। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का रांची जिन अधिवेशन और सांगठनिक चुनाव 21 जनवरी को अमर शहीद विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल में होगा। मुख्य अतिथि रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा होंगे। वहीं विधायक विकास सिंह मुंडा और झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य मुख्य वक्ता होंगे। आरडीडीई पुष्पा कुजूर, डीईओ आकाश कुमार सम्मानित अतिथि होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक यशवंत विजय, कुर्बान अली, सफदर इमाम, इंद्रदेव प्रसाद, भवेश चंद्र महतो, प्रेम साहू, मंजुला एक्का, आशीष खाखा सहित अन्य शिक्षक संपर्क अभियान चला रहे हैं।

साइबर ठगी के दो आरोपित देवघर से गिरफ्तार

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तीन लाख 49 हजार 999 रुपये की ठगी करने के मामले में दो ठगों को देवघर से गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाईल, तीन सिम कार्ड, दो आधार कार्ड, पांच एटीएम कार्ड,दो पैन कार्ड, एक बाइक और नौ हजार 760 रुपये नकदी बरामद हुआ है। सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में एनुल अंसारी और बहारुद्दीन अंसारी शामिल हैं।

नगर भ्रमण में महिला-पुरुषों ने शोभायात्रा निकाली

पिस्कानगड़ी। नगड़ी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में 21 जनवरी से होनेवाले सामूहिक सुंदरकांड के सस्वर पाठ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर भ्रमण किया गया। गुरुवार को मानस प्रचार मंडल नगड़ी के सदस्यों और बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं ने नगर भ्रमण कर लोगों को इसमें भाग लेने के लिए जागरूक किया। नगर भ्रमण में महिला और पुरुष भक्तों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जो गांव का भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, तपेश्वर केशरी, केशव कुमार भगत, शशिभूषण भगत, बजरंग महतो सहित मानस प्रचार मंडल के सदस्य शामिल हुए।

गरीबी और पलायन से जूझ रहा है झारखंड : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा है। लोगों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए गरीबी दूर की जा सकती है। कौशल विकास राष्ट्र निर्माण की धुरी है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए, उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में भी मदद किया जाए। बैस गुरुवार को राज भवन में आईआईएम में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की भी समस्या है। उनके उत्पाद को मार्केटिंग करने वाली संस्था या ऑनलाइन एप से जोड़ने में सहयोग किया जाए ताकि उनके उत्पाद की बिक्री हो सके और वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। एक बार मार्केटिंग से जुड़ जाने के बाद उनमें जागरूकता बढ़ेगी और उनके उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ती चली जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा द्वारा उद्यम स्थापित करने पर कम से कम चार-पांच लोगों को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें और उनकी परिस्थितियों से अवगत होते हुए उपयोगी सेक्टर का चयन कर उस पर कार्य करने के लिए प्रेरित करे और उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। ग्रामीण सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। साथ ही आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, आईआईएम रांची के निदेशक डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 14 मार्च से होंगी शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची।



झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षाएं 14 मार्च से शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षाएं तीन अप्रैल और इंटर की पांच अप्रैल तक चलेंगी। इस वर्ष सौ फीसदी सिलेबस के आधार पर परीक्षा ली जायेगी। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा। परीक्षा परिणाम 15 जून तक जारी कर दिया जायेगा। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कई ऐसे परीक्षा केंद्र भी हैं, जहां मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षा होगी। मैट्रिक के परीक्षार्थियों का प्रेक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित स्कूलों में होगा। इंटर का प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन सात फरवरी से चार मार्च तक संबंधित संस्थानों में होगा। स्कूल और कॉलेज आठ फरवरी से छह मार्च तक प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक जैक की वेबसाइट में अपलोड कर सकेंगे। अगर कोई छात्र प्रायोगिक परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहेगा तो उसे बाद में मौका नहीं मिलेगा न ही उनके आवेदन पर विचार होगा। ऐसे छात्र-छात्राओं के प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं जोड़े जाएंगे और उससे उनका परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी स्कूल और कॉलेज की होगी। इस साल राज्य के 14 सौ केंद्रों में आठ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस साल मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड स्तर पर बनाए गए केंद्रों में ली जाएगी। इंटर की परीक्षा के लिए अनुमंडल स्तर केंद्र बनाए गए हैं। सभी जिले से परीक्षा केंद्र निर्धारण कर रिपोर्ट जैक को भेज दी गयी है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पिछले वर्ष कुल 1936 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

पार्क के जीर्णोद्धार के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

नवीन मेल संवाददाता। रांची।

झारखंड के कला व संस्कृति के पुरोधा डॉक्टर रामदयाल मुंडा जी के नाम पर स्थापित रामदयाल मुंडा पार्क की जीर्णशीर्ण स्थिति की तरफ ध्यान दिलाने एवं उसका जीर्णों द्धार कराने के लिए रांची नगर निगम सिटीजन फोरम के सदस्यों ने गुरुवार को मोहराबादी मैदान में सिग्नेचर कैंपेन चलाया, जिसमें हर वर्ग ने अपना पूरा समर्थन दिया। इस कार्य को लेकर रांची नगर निगम सिटीजन फोरम के सदस्यों ने रामदयाल मुंडा पार्क की दयनीय स्थिति को लेकर फोरम मंच पर एक रिपोर्ट रखी थी, जिसमें फोरम के संयोजक दीपेश कुमार निराला ने इस संदर्भ में जनभागीदारी के लिए सिग्नेचर कैंपेन के लिए कहा था। पूर्व में रामदयाल मुंडा पार्क को टाटा स्टील ने सोशल कॉर्पोरेट रेस्पांसिबलिटी के तहत एक बेकार पड़े भूखण्ड को खूबसूरत पार्क में बदल दिया था। जब तक ये टाटा स्टील की देखरेख में रहा, इसकी व्यवस्था सही थी। बड़ी संख्या में लोग भी पार्क में भ्रमण को आते थे पर आज इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और रांची नगर निगम ने भी पार्क को अनदेखा कर रखा है। परिणामस्वरूप पार्क में लगाई गई मूर्तियां, बैठने के लिए बनाई गई कुर्सियां सब टूट गए हैं। पेड़-पौधे भी सुख रहे हैं। निगम इस पार्क के प्रति उदासीन है, क्योंकि यहां उन्हें कोई संवेदक नहीं मिलता, चूंकि यह एक छोटा सा पार्क है, जिसको कोई लेना नहीं चाहता।

टेरर फंडिंग के आरोपित की सुनवाई एक फरवरी को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को टेरर फंडिंग के मामले में आरोपित विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। मामले में एनआईए की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक फरवरी निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। रांची एनआईए की विशेष अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को प्रार्थी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। एनआईए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था।

सांसद महुआ मांजी ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। रांची।

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में राज्य सभा सांसद डॉ. महुआ माजी की उपस्थिति में साइकिल और मोटरसाइकिलशेड के निर्माण, नए फर्श, एक नए गेट और अन्य सौंदर्यीकरण के काम की आधारशिला गुरुवार को परिसर में रखी गयी। डॉ. माजी ने एमपी (एलएडी) फंड के तहत सौंदर्यीकरण कार्य को प्रायोजित किया है और निर्माण कार्य की नींव रखी। कार्यक्रम के दौरान डॉ माजी ने कहा, एक्सआईएसएस राज्य के प्रमुख संस्थानों में से एक है और राज्य के विकास में सराहनीय कार्य किया है। इस संस्थान में योगदान कर पाना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने सभा को संबोधित किया और कहा, एक्सआईएसएस के सौंदर्यीकरण के लिए पहल करने और योगदान के लिए संस्थान डॉ महुआ माजी का आभारी है। उनकी उपस्थिति में आज हम सब का यहां होना वास्तव में प्रत्येक के लिए गर्व का क्षण है। उनका प्रयास और समर्थन हमें दिखाते हैं कि वह राज्य के विकास के लिए कितनी प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम में डॉ प्रदीप केरकेट्टाएसजे, सहायक निदेशक, फादर जेवियर सोरेंग, सुपीरियर एक्सआईएसएस, डॉ. अमरतिग्गा, डीन एकेडमिक्स, सौम्बित माजी, एमपी के पीए, एक्सआईएसएस के कार्यक्रमों के प्रमुख, फैकल्टी, स्टाफ और छात्र भी मौजूद थे।

झारखंड में 21 जनवरी तक छाया रहेगा कोहरा

रांची। झारखंड में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। इस बीच राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में ठंड भी बढ़ी है। रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। सुबह से अभी दोपहर तक चारों तरफ कोहरा छाए हुए है, जिससे ठंड में थोड़ा इजाफा हुआ है। रांची मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे तक राजधानी समेत राज्यभर में मौसम सर्द रहेगा। इस दौरान कोहरा छाया रहेगा और हल्के बादल के छाने के भी आसार है, जो अगले 21 जनवरी तक छाए रहेंगे, जिसका असर राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक होगा। रांची में तापमान में गिरावट आयी है। राजधानी रांची में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची में सुबह में भी लोग गाड़ी की हेडलाइट ऑन कर चलते नजर आये।

हॉकी इंडिया के महासचिव व अध्यक्ष से मिले खेल मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ओडिसा की राजधानी भुनेश्वर और राऊलकेला में आयोजित हो रहे विश्व कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम के बीच हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तय्यब इकराम के साथ दिल्ली पहुंचे और दिल्ली में भारत सरकार के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान से मिलकर हॉकी के विकास पर चर्चा की। साथ ही साथ भोलानाथ सिंह ने खेल मंत्री और साई के महानिदेशक को हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी की प्रतीक चिन्ह भेंट की। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने चर्चा के दौरान आश्वस्त करते हुए कहा हॉकी हम लोगों का राष्ट्रीय खेल है और भारत सरकार का इस पर विशेष ध्यान ह।, हॉकी सहित भारत के पारंपरिक खेलो के विकास के लिए हमारी सरकार की प्राथमिकता है। आप लोगों के नेतृत्व में हॉकी इंडिया भी पारदर्शिता पूर्वक अच्छा कार्य कर रही है जिसका ही परिणाम है की भारत में शानदार विश्व कप का आयोजन हो रहा है। इसके लिए आप सभी सम्मान के पात्र हैं। भारत सरकार के केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हॉकी इंडिया के कार्यों की प्रशंसा करते हुए हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह जी को शॉल ओढ़ाकर तथा हिमाचल प्रदेश की विशेष टोपी पहना कर सम्मानित किए।

एक दिवसीय वनभोज व सामाजिक न्याय का सम्मेलन

नवीन मेल संवाददाता। कांके

प्रखंड राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नेतृत्व में एक दिवसीय वन भोज सह समाजिक सम्मेलन का भव्य आयोजन सुतियाम्बेगढ़ पिठोरिया के ऐतिहासिक मुड़र पहाड़ पर रखा गया है। कार्यक्रम में कांके प्रखंड के सभी गांवों से लगभग तीन हजार की संख्या में स्वजातीय समाज का महाजुटान का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने जानकारी देते हुए कहा 29 जनवरी 2023 का यह वन भोज सह सामाजिक सम्मेलन आगामी 2024 का होने वाला लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक न्याय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसकी तैयारी को लेकर गांव-गांव में सामाजिक बैठकों के माध्यम से जन जागरण अभियान पिछले 15 दिनों से चलाया जा रहा है।

यह सामाजिक सम्मेलन बहुसंख्यक पिछड़े ,दलित, आदिवासी, दबे कुचले शोषित वंचितों के लिए सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी की लड़ाई का आगाज होगा। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के नेतृत्व में राज्य में खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लागू कराना, जातीय जनगणना करा कर जनसंख्या आधारित आरक्षण की मांग एवं जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के साथ-साथ स्थानीय नेतृत्व लोकल फॉर वोकल को बढ़ाना देने का शंखनाद होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बड़कागांव के विधायक सुश्री अंबा प्रसाद , विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंत्री जोगिंदर साहू, स्टार कलाकार रमन गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश साहू जी के अलावे समाज के कई गणमान्य लोगों का गौरवमई उपस्थिति होगा।

भाजपा सांसद के कुकृत्य से देश हुआ शर्मसार : राजद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह का कुकृत्य भाजपा सांसद द्वारा किया गया है यह समाज ही नहीं पूरे देश को कलंकित करने का काम किया है जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है। डॉ मनोज ने कहा कि जिस तरह से ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों द्वारा मामला प्रकाश में लाया है पूरा खेल जगत को हिला कर रख दिया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा से केसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पद का दुरूपयोग कर समाज को देश को कलंकित किया है यही भाजपा का दोहरा चरित्र है।

अभी तक भाजपा इस पर खामोश है क्योंकि भाजपा के सांसद है यदि यही कोई और होता तो भाजपा न जाने क्या क्या अभी तक बोली होती।

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने प्रधानमंत्री से मांग किया है कि तत्काल सांसद को बर्खास्त कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा कठोर से कठोर करवाई किया जाय। भाजपा को इस मामले में भी चूपी तोड़नी चाहिए ताकि देश की जनता दोहरे चरित्र वाली भाजपा को समाज,राज्य और देश समझ सके।

बैठक डीसी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

लौटाये गये आवेदनों की पूरी रिपोर्ट दें

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की समीक्षा की गयी। किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त कुल 62675 आवेदन में से 40986 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। उपायुक्त द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के नए आवेदन जेनरेट करने निर्देश भी दिया गया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के अस्वीकृत और बैंकों द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी लौटाये गये आवेदनों की पूरी रिपोर्ट दें। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनां से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने बैंकों के पदाधिकारियों से कहा कि बैठक में पूरी तैयारी और रिपोर्ट के साथ आयें। बैठक के दौरान विभिन्न पेंशन योजना की योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी पेंशनधारियों को पेंशन सुनिश्चित करें। बैंक के अधिकारियों को उपायुक्त ने सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निदेश दिया। उपायुक्त द्वारा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने उपस्थित बैंकर्स को सभी मामलों में अपनी भूमिका अच्छे से निभाते हुए लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा।

वरजू की हत्या मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

रांची। अनगड़ा थाना पुलिस ने वरजू राम यादव हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुषेन यादव, मधुसुधन अहीर और धमेन्द्र यादव शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर खून लगा हुआ डंडा और खून लगा हुआ मिट्टी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि 18 जनवरी को जमीन हड़पने की नियत से वरजू राम यादव की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के बेटी ने अनगड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया और पुलिस को बताया कि वरजू की तीन बेटियां थी।

ऊर्जा मेला आयोजित करने का आदेश जारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची । अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड रांची के आदेशानुसार जेबीभीएनएल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने आम विद्युत उपभोक्ताओं के सुविधा के लिए शनिवार को विभाग द्वारा 'ऊर्जा मेला' का आयोजन करने का पत्र जारी किया है। यह मेला रांची खूंटी, गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा जिला के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा, जिसमें ऊर्जा मेला का उद्देश्य सरकार द्वारा दिए जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा, नया विद्युत लेने का मामला, भार बढ़ाने से संबंधित मामला, कृषि कार्य के लिए नया विद्युत संबंध, बिजली बिल सुधार से संबंधित, बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत, जले वह खराब मीटर बदलने के मामले, ट्रांसफार्मर जलने के या खराब होने की शिकायत, लो वोल्टेज, पोल व तार की आवश्यकता से संबंधित आवेदन। महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस मेले से लाभ उठाएं ताकि आपकी समस्याओं को पूरी तरह सुनकर उसपर कार्रवाई की जाये। लोगों की बिजली संबंधित काफी शिकायत मिलती है जो ससमय हल नहीं हो पाती है।

स्मार्ट मीटर लगाने पर पैसा मांगा जाए तो करें व्हाट्सएप

रांची। झारखंड में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। रांची से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शहर में 145 टीमें मीटर लगाने का काम कर रही है। स्मार्ट मीटर लगाने के एवज में कई जगहों पर पैसे मांगने की शिकायत विभाग को मिली है। इसके बाद विभाग एक्शन मोड में आ गया है। जेबीवीएनएल के जीएम पीके श्रीवास्तव ने इसके लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। जेबीवीएनएल के जीएम ने नंबर जारी करते हुए कहा है कि अगर कोई व्यक्ति स्मार्ट मीटर लगाने के बाद इसके बदले पैसे की मांग करता है तो इस बात की शिकायत व्हाट्सएप पर कर सकते हैं। इसकी सूचना मोबाइल नंबर 94311-35682 पर दें। शिकायत मिलने के दो घंटे के अंदर समस्या का समाधान होगा। स्मार्ट मीटर लगाने के काम की विभागीय समीक्षा के दौरान जो आंकड़े सामने आए हैं।

अनुबंध कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से टीकाकरण सहित कई काम प्रभावित

हड़ताल जारी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा : राज्यस्तरीय संगठन के आह्वान पर गढ़वा जिले के अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी, एएनएम-जीएनएम निश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से सरकारी कार्य बाधित हो गए हैं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण सहित संस्थागत प्रसव में भी गिरावट आ गई है वहीं जनवरी महीने में चल रहे हैं परिवार नियोजन कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ है टंडवा ड्यूटी कर रहा है सदर अस्पताल स्थिति का केंद्र से लेकर जिले के सभी प्रखंडों के टीकाकरण केंद्र प्रभावित हैं प्रसव एसएनसीयू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एक्सरे , जांच घर मेडिकल के कार्य प्रभावित हो गए हैं। सदर

अस्पताल में ओपीडी छोड़कर अन्य विभिन्न तरह के कार्य प्रभावित हो गए हैं गढ़वा जिले से करीब 400 कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं अनुबंध कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से सदर अस्पताल में जांच कराने पहुंचे एवं प्रखंडों में संस्थागत प्रसव कराने पहुंचे लोगों को सीधे सदर अस्पताल आना पड़ रहा है।हड़ताल के तीसरे दिन गुरूवार को झारखंड राज्य एनएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के निर्देश पर गढ़वा जिला इकाई के कर्मियों ने भी सिविल सर्जन कार्यालय समेत विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी अपनी मांगों के समर्थन में धरना व प्रदर्शन किया। सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना सभा की अध्यक्षता संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष संगीता कुमारी ने की। मौके पर पारा चिकित्साकर्मियों ने कहा कि उनलोगों का वर्ष 2014 की नियमावली के तर्ज पर सीधा समायोजन या नियमितीकरण किया जाना चाहिए। उनकी मांगें जब तक नहीं मानी जाएगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। पारा चिकित्साकर्मियों ने दावा किया कि उनलोगों के हड़ताल पर चले जाने से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। मौके पर विजय कुमार राम, अजित कुमार, रुपदेव सिंह, रंजीत कुमार सिन्हा, सरिता प्रकाश, कविता कुमारी, दुर्गा कुमारी, रिंकी कुमारी, संजू कुमारी, सुभागी तिर्की, सुनीता कुमारी, रीना देवी, अनुपम कुमारी, सरिता केरकेट्टा, सोनी कुमारी, विनीता कुजूर, रेखा कुमारी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

जेएसएलपीएस ने दिया उत्पादक समूह सदस्यों को प्रशिक्षण

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया प्रखंड के बन्हें पंचायत भवन में जेएसएलपीएस द्वारा उत्पादक समूह के ओबी मेम्बरों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण गुरुवार को आयोजित किया गया। बीपीओ ऑर्गेनिक सुरेन्द्र कुमार प्रजापति के अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में उत्पादक समूह का गठन, प्रबंधन, समूह को बिजनेस मोड़ तक ले जाने की प्रक्रिया, समूह के सात रजिस्टर को बनाने व उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के बारे में जानकारी देने के साथ गरमा फसल प्लानिंग भी किया गया। प्रशिक्षण एफटीसी रेणु देवी, सीईओ (एफपीसी) अनिमेष मिश्रा, बीआरपी अमन राज व अजय कुमार के द्वारा दिया गया।

गिद्धौर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

गिद्धौर (चतरा): गिद्धौर प्रखंड के ब्लॉक मोड़ समीप जीवनधारा हॉस्पिटल में गुरुवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। दृष्टि आई हॉस्पिटल के तत्वधान में आयोजित शिविर में 90 लोगों का नेत्र जांच निःशुल्क किया गया। जिसमे 30 लोगों का मोतियाबिंद पाया गया, जिनका निःशुल्क इलाज दृष्टि आई हॉस्पिटल बहेरा आश्रम में किया जाएगा। नेत्र जांच डॉ. गौरव सिंह तोमर द्वारा किया गया। मौके पर जीवनधारा हॉस्पिटल के संचालक मुकेश कुमार, संटू कुमार, रणधीर कुमार, दृष्टि आई हॉस्पिटल के शाहरुख खान, टिवंकल कुमारी, दिब्या कुमारी, चंदन सिंह, लोकेश पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

जदयू कार्यकर्ताओं ने किया क्षेत्र का दौरा

चतरा। गुरुवार को जदयू कार्यकर्ताओं की एक टीम चतरा जिले सदर प्रखंड के चांगेर, टीकर, कसियाडीह, बजराही, ओबरा, डाहुरी व पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह, बेलहर व पत्थलगड़ा चैक समेत अन्य गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान पार्टी नेता व कार्यकताओं ने आम लोगों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओ से अवगत हुए और समाधान कराने के लिए पहल करने की बात कही। भ्रमण में पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंद कुमार निराला, जिलाध्यक्ष राम आशीष कुमार, जिला महासचिव रामस्वरूप दांगी, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव आदि शामिल थे।

मुखिया ने किया पोशाक और किट का वितरण

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड क्षेत्र के बिलासपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मुखिया अनुराधा देवी,प्रधानाध्यापक आदित्यनाथ संयुक्त रूप से कक्षा 1 एक एवं दो छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक वितरण एवं कक्षा तीन से 8 के छात्र छात्राओं के बीच किट का वितरण किया गया। कुल 193 छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया अनुराधा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से चलाई जा रही पोषक,किताब,किट वितरण योजना सराहनीय है।

10 ग्राम प्रधानों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा

प्रखंड के जलडेगा पंचायत सचिवालय और कोनमेरला पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को लीड्स संस्था के द्वारा 10 गांव के ग्राम प्रधानों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधानों को झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 की जानकारी के साथ साथ, ग्राम सभा सशक्तिकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानों को ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों को सक्रिय करने और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने की जानकारी दी गई। ग्राम प्रधानों के कार्य एवं दायित्व को भी बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोनमेरला पंचायत की मुखिया अनिमा तोपनो ने कहा की आज के समय में गांव गांव में विकास तभी संभव हो सकेगा जब ग्राम प्रधान अपने अधिकारों को जानेंगे, उन्होंने लीड्स संस्था का भी आभार जताते हुए कहा की जलडेगा में एक मात्र ये संस्था है जो हक ए.आई.ई. अधिकारों को लेकर काम कर रही है।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का उद्घाटन करेंगे मंत्री रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में दिनांक 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम का उदघाटन मंत्री डा० रामेश्वर उरांव के द्वारा किया जयेगा। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू राज्यसभा सांसद, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अध्यक्ष जिला परिषद, संजय साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित अशोक यादव की अध्यक्षता में समिति की आवश्यक बैठक खेल मैदान में की गई। जिसमें तैयारियों की समीक्षा कर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सचिव सुखैर भगत, संजय बर्मन, कमल केसरी, सुधीर अग्रवाल, अरुण राम, राहुल कुमार, अजय प्रसाद, सजित लकड़ा, नसीम अख्तर, मोहन दुबे, मुरारी गोस्वामी, दुर्गा भगत, शाहिद अहमद बेलू, साजिद अहमद चंगु, विनय उरांव, सुनील साहू, संतोष राम, एस सुजुद्दीन, कुणाल अभिषेक, गौतम लेनिन, धर्मेंद्र भगत, तनवीर गौहर, सदरुल अंसारी, इमरान आजाद, मोहम्मद इम्तियाज, सुखदेव उरांव, साबिर हुसैन, नईम खलीफा, अनुज कुमार, तबारक अंसारी सत्यजीत सिंह, जफर इमाम, यूनुस अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

मनिका प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक, हुए कई फैसले

नवीन मेल संवाददता। मनिका

प्रखंड कार्यालय के सभागार में आज दिन गुरुवार को गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक किया गया लिए गए कई निर्णय। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर अधिकारी एवं प्रमुख जनों की बैठक संपन्न। मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा एक ही दिन होने के कारण प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में खेल कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा किया गया। एवं रूपरेखा तैयार कर कई निर्णय लिए जिसमें प्रमुख जनों ने कार्यक्रम खेलकूद एवं अन्य सुझाव दिए जिस पर अमल किया गया। बैठक में झंडोत्तोलन के लिए समय भी निर्धारित किया गया। मौके पर पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह, लातेहार जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, युवा विधानसभा अध्यक्ष मनिका मिथिलेश पासवान, बिससूत्रि अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव, भाजपा नेता रघुपाल सिंह, मुरारी ठाकुर, संदीप उरांव, समेत अनेकों प्रमुख जन उपस्थित थे।

मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मी रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

अपनी मांगों को लेकर महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी रहे हड़ताल पर। झारखंड राज्य संघ के आह्वान पर दिनांक 17/1/ 2023 से महुआडांड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मियों का मांग है की सरकार नियोनिती करण जल्द से जल्द पूरा करें, नियमितीकरण या समान काम का समान वेतन देना सुनिश्चित करें। यह हमारी मुख्य मांगों में से सरकार द्वारा इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए। सरकार द्वारा अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर इजहार आलम, संतोष चौबे, पिंकी कुजुर, संजू कुमारी, एलिजाबेथ टोप्पो, शांति मिंज, आराधना कुजुर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

चक्रधरपुर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

चाईबासा । 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने गुरुवार को चक्रधरपुर शहर में सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रैफ के कमांडेंट प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में चलाए गए इस स्वच्छता अभियान के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की गई। इस दौरान रैफ के पदाधिकारी एवं जवानों के अलावा चक्रधरपुर के थाना प्रभारी चंद्रशेखर मौजूद रहे। रैफ के कमांडेंट प्रकाश चंद्र ने बताया कि एक स्वच्छ समाज के लिए स्वच्छता जरूरी होती है जिससे आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहता है। जिसको लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगों को स्वच्छ रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अर्जुन मुंडा ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

सरायकेला खरसावां । दिवंगत भाजपा नेता गणेश महतो के असामयिक निधन पर शोक जताने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को गम्हरिया स्थित उनके आवास पहुंचे जहां परिजनों से मिलकर केंद्रीय मंत्री ने ढांढस बंधाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि स्वर्गीय गणेश महतो पार्टी के सच्चे और कर्मठ सिपाही के तौर पर हमेशा सक्रिय रहते थे। पार्टी क्रियाकलापों को आगे बढ़ाने मे इनका अतुलनीय योगदान है। श्री मुंडा ने कहा कि सांसद प्रतिनिधि के कार्यों को भी उन्होंने बखूबी निभाया है। इनके असामयिक निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में कर पाना संभव नहीं है।

'परीक्षा पर चर्चा' पर धनबाद में लगे होर्डिंग-बैनर

धनबादः भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' के छठे संस्करण पर जिले में होर्डिंग एवं बैनर लगाए गए। सीबीसी कार्यालय परिसर (सरायढेला), डीएवी कोयलानगर स्कूल, आदि जगहों पर होर्डिंग एवं बैनर लगाकर लोगों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ आगामी 27 जनवरी को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा' में भाग लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस बार प्रधानमंत्री के इस वार्षिक जनसंवाद में न सिर्फ छात्र बल्कि अभिभावक और शिक्षक भी शामिल होंगे। परीक्षा पे चर्चा के छठे संस्करण में भाग लेने के लिए आयोजित परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। ये प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए खुली है। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में सीधे भाग लेने का अवसर मिलेगा।

बलिगढ़ में किसान गोष्ठी का आयोजन

केतार। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार आत्मा गढ़वा के निर्देश पर गुरुवार को केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में कृषक गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रमुख शंभू सिंह और बीटीएम ओमप्रकाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर किसानों को रबी चना, मसूर सरसों और गेहूं लगाने वाले कीट व्याधि की समस्या एवं समाधान पर चर्चा करते हुए इसके समाधान के उपाय बताये गये। साथ ही गरमा फसल की तैयारी की जानकारी भी दी गयी।

सरकारी शिक्षक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

धुरकी। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिरचैया में निर्देशक आयुष झारखंड रांची के पत्रांक 1953 दिनांक 26 12 2022 के आलोक में 25 शिक्षकों के बैच पर एक संकुल का निर्धारण करते हुए स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम वर्ग 6 से 12 का प्रशिक्षण दिनांक 15 जनवरी 2023 से 19 जनवरी 2023 तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कराया जाना निश्चित हुआ था । आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक स्कूल से दो दो शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण टाटीदीरी संकुल एवं आम्बाखोरेया संकुल का उत्क्रमित विद्यालय मिरचैया में प्रशिक्षण दिया गया ।

हरियाणा से राजीव दीक्षित का प्रशंसक पहुंचा मनिका

कोलकाता उत्सव कार्यक्रम में होगा शामिल

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

मनिका प्रखंड मुख्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस में कोलकाता आसनसोल उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे। हरियाणा राज्य के चरखी दादरी जिला के तस्वीर फोगाट का आगमन हुआ। अपने साइकिल में राजीव दीक्षित का फोटो लगाकर एवं देश भक्ति संगीत के धून मे मस्त मौला होकर। प्रखंड मुख्यालय होते हुए तस्वीर फोगाट ने आगे के लिए प्रस्थान किया। मौके पर तस्वीर फोगाट से बात करने पर बताया कि हम हरियाणा राज्य के चरखी दादरी जिला से 11 दिनों से साइकिल यात्रा कर। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, और आज झारखंड राज्य के लातेहार जिले के मनिका प्रखंड पहुंचे हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया की 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस है उस दिन कोलकाता आसनसोल में उत्सव कार्यक्रम है। और उस दिन देशभर से राजीव दीक्षित वादी के लोग वहां पर ज्यादा संख्या में आ रहे हैं। और मैं राजीव दीक्षित का बहुत बड़ा फैन हूं उन्हीं का भेजा हुआ दूत हूं जो देश भर में घूम रहा हू। मैं भी पूरा जीवन स्वदेशी की इस भारत की यात्रा में लगा दूंगा जब तक शरीर में दम है ऐ साइकल चलती रहेगी। जब तक शहीदों के सपनों का भारत बन नही जाता हम रोकने वाले नहीं। मौके में धनेश्वर यादव, उमेश यादव, अमरेश यादव, जितेंद्र ठाकुर, समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

लापरवाही | **राज्य सरकार की योजना लाह उत्पादन तोड़ रहा है दम**

किसानों ने मुंह मोड़ा तो विभाग ने ली करवट

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

कभी लाह की खेती से पहचान बना गढ़वा के किसानों ने अब लाह की खेती से मुह मोड़ लिया है। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना लाह उत्पादन जिले में दम तोड़ दी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में एक भी किसान अब लाह की खेती नहीं कर रहे है। बताया जाता है कि 2001 एक से पहले कोरोड़ों रूपए का कोरोबार होता है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बड़े पैमाने पर आर्थिक आमदनी होती थी। अब यह बंद हो गया है। वहीं अब वन विभाग की लाह उत्पादकों की वाट जोह रहा है। झारखंड में

लाह के उत्पादन वाले जिले में शामिल गढ़वा लाह उत्पादन के क्षेत्र में काफी पीछे हो गया है। सरकार भले ही किसानों को लाह उत्पादन के क्षेत्र में स्वरोजगार देने की बात कहे पर जिले में यह हकीकत नहीं है। राज्य सरकार लाह उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग को राशि उपलब्ध करा रही है। उसके बाद किसानों और वनकर्मी लाह उत्पादन पर ध्यान नहीं दे रहे है। लाह उत्पादन में किसानों को दिलचस्पी नहीं लेने के कारण यह पुरी तरह से बंद हो गया है। राज्य सरकार से मिलने वाली राशि को जिले के वन विभाग के पदाधिकारी लेने से इंकार कर रहे है। वन विभाग की ओर से वर्ष 2013 और 2015 में रंका के दोनों रेंज में लाह की खेती कराई गई थी। विभागीय कर्मी और किसानों की लापरवाही के कारण लाह पुरी तरह से नष्ट हो गया। वन विभाग सहित किसान भी लाह उत्पादन को बंद कर दिया। मालूम हो कि लाह के खेती में गढ़वा राज्य भर में दूसरे स्थान पर था। किसान अक्टूबर महीने मं 200-300 पेड़ों पर लाह लगाते थे। जो मई महीने में निकाल लिया जा रहा था और उसे बाजार में बेच दिया जाता था।

जिले में अब लाह की खेती नहीं हो रहा है। पलाश के पेड़ और बैर के पेड़ नहीं रहना और किसानों के दिलचस्पी नहीं लेने के कारण अब खेती बंद हो गया है। वहीं विभाग की ओर से भी लाह की खेती के लिए फंड नहीं दिया जा रहा है। पहले किसान के साथ-साथ जिले में भारी मात्रा में पलाश और बैर का पेड़ था।

शशि कुमार, डीएफओ गढ़वा

पुलिस विभाग की पहल से लगा मोबाइल टॉवर

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखंड के तलमंगा गांव में पुलिस विभाग की पहल से मोबाइल टॉवर लगाया गया। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बोलबा प्रखंड के तलमंगा गांव में पुलिस विभाग के पहल पर एयरटेल मोबाइल का टॉवर लगाया गया। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में मोबाइल टॉवर अबतक नहीं लगा था। जिससे लोगों को बात करने के लिए किसी पहाड़ी पर चढ़कर या फिर किसी पेड़ पर चढ़कर बात करना पड़ता था। इसके साथ ही जाति, आय, आवासीय, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, मिनी बैंक लेन-देन के साथ कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो पाता था। यहां एक सबसे बड़ी समस्या जो राशन उठाने के लिए अंगूठा अपलोड करने के लिए उड़ीसा जाना पड़ता था। इन सारी

समस्याओं से छुटकारा मिल जायेगा। थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने बताया कि पीड़ियापोंछ में मोबाईल टॉवर चालू कराने के बाद कुंदुरमुंडा का टॉवर को 26 जनवरी तक चालू कराने की कोशिशें की जा रही है। इसके साथ जहां-जहां पर मोबाइल नेटवर्क नहीं है उस क्षेत्र का सर्वे कर लिया गया है वहां जल्द ही टॉवर लगवाने के काम शुरू किया जायेगा। पीड़ियापोंछ पंचायत के समाज सेवी रामदयाल प्रसाद, कमलेश मांझी, जैनुल अंसारी, सतीश शर्मा, बाबूलाल प्रसाद ने कहा है कि सिमडेगा जिले के पुलिस विभाग की पहल से समाज के लिए बड़ी काम की गई है। इसके लिए ग्रामीण जनता सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार एवं बोलबा थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

NEWS इन ब्रीफ

कोडरमा में ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, मौत

कोडरमा। जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच जयनगर मुख्यमार्ग स्थित मांझलीटांड़ के समीप गुरुवार को अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान किशुन भुइयां (60), डोमचांच नगर पंचायत के लठीयोबार निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेजा और फिर परिजनों को सौंप दिया।

पांच दिवसीय पशुधन प्रशिक्षण प्रारंभ

बरही। राजकीय पशुपालन विद्यालय गौरियाकरमा में पांच दिवसीय पशुधन प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जानकारी देते हुए मुख्य अनुदेशक डॉ. सुखराम गगरोई ने बताया कि प्रशिक्षण राज्य सरकार के स्वरोजगार योजना के तहत दिया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से बकरी और सुअर पालन संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पहले सत्र में धनबाद जिला से प्रशिक्षु आए है। यह आवासीय प्रशिक्षण है। यह प्रशिक्षण फिलहाल आगे भी महीनों तक जारी रहेगा।

आंगनबाड़ी केंद्र के 40 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत कोनहारा कला के सिमरा टोला आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बीच पूर्व वार्ड सदस्य कविता देवी की उपस्थिति में स्वेटर वितरण किया गया। मौके पर चालीस बच्चों के बीच स्वेटर वितरण करते हुए पूर्व वार्ड सदस्य ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। ताकि बच्चे ठंड से बचे और नियमित अपने केंद्र पर पहुंचें। मौके पर सेविका किरण कुमारी, सहायिका अंजू देवी, पूर्व वार्ड सदस्य कविता देवी, चमेली देवी,रुबी देवी, ललीता देवी, दुखनी देवी, राजू यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

रामगढ़ के सरकारी भवनों में 48 घंटे के भीतर हटेंगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर और पोस्टर

3,34,167 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

405 मतदान केंद्रों में संपन्न होगा मतदान

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत पूरे रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा। 7 फरवरी 2023 तक नामांकन किया जा सकेगा। उम्मीदवारों के स्क्रूटनी का कार्य 8 फरवरी 2023 को किया जाएगा एवं नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 10 फरवरी 2023 तक होगा। उप चुनाव के दौरान मतदान 27 फरवरी 2023 को एवं मतगणना 2 मार्च 2023 को होगी । चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च 2023 तक पूरी कर ली जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची एवं 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए नामांकन के आखिरी दिन तक अद्यतन मतदाता सूची में शामिल मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग उपचुनाव के दौरान कर सकेंगे। रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं । जिनमें रामगढ़ के लिए 118, दुलमी के लिए 64, चितरपुर के लिए 70 एवं गोला प्रखंड के लिए 153 मतदान केंद्र होंगे। उपचुनाव के दौरान कुल 334167 मतदाता(172923 पुरुष एवं 161244 महिलाएं) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उप विकास आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों को वैसे सभी प्रकार के प्रचार सामग्री जो कि सरकारी भवनों में लगाए गए हैं उन्हें उप चुनाव की घोषणा होने के 24 घंटे के अंदर हटाया जाना है। अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से 48 घंटे के अंदर सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्रियों को हटा लेना है। मौके पर उन्होंने सभी को बताया कि निजी स्थलों पर भी प्रचार-प्रसार करने हेतु पूर्व में निजी स्थल के स्वामी/ दावेदार अनुमति लेना अनिवार्य है।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी को जानकारी देते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर चेकपोस्ट बनाए गए है एवं चेक पोस्ट पर दंडाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है वही फ्लाइंग स्क्वायड, एसएसटी आदि के माध्यम से भी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का कार्य किया जाएगा।

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि जिला उप निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता एवं इस दौरान क्या करें और क्या ना करे से संबंधित विस्तृत प्रति उपलब्ध करा दी गयी है। इस दौरान उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों एवं इस दौरान क्या करें और क्या ना करें से संबंधित दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी प्रतिनिधियों की दुविधाओं को दूर किया।

बैठक में निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

हजारीबाग में पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड राज्य पारा चिकित्सा कर्मी संघ एवं एएनएम जीएनएम संघ के आह्वान पर चल रहे धरना के तीसरे दिन गुरुवार को संगठन के कई वरीय पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने एक सुर पर हेमंत सरकार पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए अपनी मांगों को पूरी करने का आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य विभाग के पारा मेडिकल कर्मियों का 30 जनवरी 2014 के तहत समायोजन किया गया था। उक्त नियमावली के मुताबिक ही वर्तमान में अनुबंध पर कार्यरत कर्मी अपनी सेवा का समायोजन सरकार करे।

धरना कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बडी संख्या में एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, नेत्र सहायक सहित अन्य कर्मी पहुंचे थे।

गौरतलब है कि पारा मेडिकल कर्मी विगत तीन दिनों से अपनी सेवा के नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। वे सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके कारण जिला की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। सर्वाधिक असर मरीजों पर पड़ा है।

आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपचुनाव को लेकर की बैठक

आजसू पार्टी लोगों के हर सुख-दुख में साथ रहती है : मनोज महतो

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। नगर परिषद क्षेत्र के छत्तर मांडू बुढ़िया मंदिर प्रांगण में गुरुवार को आजसू पार्टी वार्ड कमेटी द्वारा आगामी होने वाले उपचुनाव को लेकर एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन वार्ड अध्यक्ष पवन कुमार ने किया। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, उपाध्यक्ष डिया महतो उपस्थित हुए।

मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने कहा कि फरवरी माह में होने वाले उपचुनाव में आजसू समर्थित उम्मीदवार सुनीता चौधरी को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विधानसभा भेजने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों के घर तक जाकर लोगों को जागरूक करें और वर्तमान सरकार के उदासीन रवैये से उन्हें अवगत करायें।

बैठक में मुख्य रूप से अजीत कुमार, राजकिशोर कुमार, प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दीपन कुमार, पारस कुमार, कीरिंग नायक, रवि कुमार, अजित कुमार, अंजू देवी, मीना देवी, यशोदा देवी, बबिता देवी, स्वास्तिक कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता

बरही। पिछले 15 जनवरी से झारखंड सरकार के तत्वाधान राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत शिक्षको के लिए प्रारंभ हुए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। हेल्थ एंव वैलनेस अम्बेसडर प्रशिक्षण शिविर में चौपारण में 15 शिक्षकों के योगाचार्य किशुन कुमार दास और बरही में 16 विद्यालय के शिक्षकों को योगाचार्य अनिल कुमार ने योग प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण सत्र चौपारण में राजकीय बुनियादी विद्यालय ठूठी में आयोजित किया गया था। वही बरही में मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया। बताया गया कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योगासन शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करते है। जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास आवश्यक है। स्वास्थ को बेहतर बनाने के लिए योगासनों में शारीरिक मुद्राओं, सांस लेने के व्यायाम और ध्यान का संयोजन किया जाता।

लोक अदालत में अधिक मामलों के निष्पादन के लिए पहल की अपील

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में 11 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अमृत लाल यादव सहित कई बैंकों के अधिकारी मौजूद थे।

अभाभु कल्याण समिति की बैठक

कुंदा(चतरा)। गुरुवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञ मंडप परिसर में इंद्रदेव भारती की अध्यक्षता मे अखिल भारतीय भुइंया समाज कल्याण समिति की बैठक 26 फरवरी को शबरी पूजा मनाने को लेकर हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीका से पूजा मनाने का निर्णय लिया। इसके साथ ही कलश यात्रा, पूजा के दिन भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने पर चर्चा की गई। बैठक में समाज के प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, समाजसेवी जयराम भारती, चुनेर भारती, अमलेश भारती, रामोतार भारती, रविंद्र कुमार भारती, अजय भुइयां, राजकुमार भारती समेत समाज के लोग उपस्थित थे।

21 को बिजली विभाग जागरुकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

ऊर्जा संरक्षण और सदुपयोग पर आधारित नुक्कड़ नाटक का होगा मंचन : एसडीओ

बरही, करियातपुर, बरकट्ठा, सूर्यकुंड में होगा नुक्कड़ नाटक

नवीन मेल संवाददाता

बरही। 21 जनवरी को अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में बिजली विभाग के द्वारा विद्युत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी विद्युत सहायक कार्यपालक अभियंता बरही सौरभ लिंडा ने दी। उन्होंने बताया कि बिजली का सही उपयोग कैसे किया जाए, मीटर कैसे लिया जाए, उसकी अनिवार्यता क्यों है, कैसी विद्युत संरक्षण किया जा सकता है आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आम लोगों को जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेष टीम गठित किए गए हैं। जो उक्त तिथि को प्रातः 9:00 बजे करियातपुर हनुमान मंदिर के पास, 11 बजे बरकट्ठा बाजार में, 12.30 से सूर्यकुण्ड मेला में और 2.00 बजे से बरही ब्लॉक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की अपील किया है। बताया कि लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से बिजली विभाग के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की भी जानकारियां मिलेगी।

विभिन्न पंचायतों के मुखिया की एक बैठक

गोविंद साहू जिला सचिव और मोतीलाल बने जिला कोषाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

बरही। नेशनल पार्क स्थित राजडेरवा डैम परिसर में हजारीबाग जिला के विभिन्न पंचायतों के मुखिया की एक बैठक हुई ।जिसमे हजारीबाग जिला मुखिया संघ का गठन किया गया। मौके पर सर्वसम्मति से बरही मुखिया संघ के सचिव सह रसोईयाधमना मुखिया गोविंद साहू को जिला सचिव और बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी को जिला संघ के कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है वह पूरी निष्ठता और कर्मठता के साथ निभाने का सफल प्रयास करेंगे। उनका हर कदम संगठन की मजबूती और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ही उठेगा। सभी के बीच आपसी प्रेम और सहमति बनी रहे यह पूरा प्रयास रहेगा। बरही मुखिया संघ ने अपने साथियों के जिला में मनोनयन होने पर नवनिर्वाचित जिला सचिव और कोषाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

तीन ट्रैक्टरों से बैटरी की चोरी

पत्थलगड़ा (चतरा)। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बेलहर गांव में बीते रात घर के सामने खड़े तीन ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली। पीड़ितों बेलहर गांव निवासी संतोष कुमार दांगी, राम अवतार दांगी व ऋतुराज दांगी द्वारा गुरुवार को थाना में लिखित शिकायत की गई। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि हमेशा की तरह बुधवार को कृषि कार्य के बाद ट्रेक्टरों को अपने घर के सामने खड़ा किया था। सुबह उठे तो देखा कि घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी बॉक्स का ताला टूटा हुवा व बैटरी गायब है।

डॉ संजय सिंह का डॉ राहुल बरेलिया ने किया स्वागत

सम्मानित होने पर जीवन में और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है : संजय

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शिक्षाविद डॉ संजय सिंह की पुस्तक दो पुस्तकों अभिप्रेरणा के स्वर तथा खुशी और सफलता का विमोचन झारखंड के राज्यपाल द्वारा किया गया था। डॉ सिंह की पुस्तकों की इन दिनों लोगों के बीच काफी चर्चा है और लोग पुस्तकों को पसंद कर रहे हैं। गुरुवार को जाने माने चिकित्सक डॉ राहुल बरेलिया एवं ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने डॉ संजय सिंह का शॉल ओढ़ाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर डॉ राहुल बरेलिया ने कहा कि डॉ सिंह ने देशभर में रामगढ़ का नाम रौशन किया है। कहा कि लोगों को उनस प्रेरणा लेने की जरूरत है। जबकि विनोद जायसवाल ने कहा कि डॉ संजय सिंह जैसे शिक्षाविद का रामगढ़ में होना हमारे लिए गौरव की बात है। सम्मानित किये जाने पर डॉ सिंह ने कहा कि इस तरह सम्मानित किये जाने से हौंसला बढ़ता है और जीवन में और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

सिमरिया में पिकअप बोलेरो वाहन की चोरी जांच में जुटी पुलिस

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया थाना क्षेत्र के दाडी बक्कोमा निवासी राजकुमार विश्वकर्मा के पिकअप बोलेरो एफबी वाहन जेएच 13ई 8491 की चोरी बीते देर रात घर के पास से ही कर ली गई। वाहन मालिक ने बताया कि गाड़ी में एक जनरेटर, वेल्डिंग मशीन, ग्रैंडर, स्टील पाइप रखा हुआ था, जिसे रात में अपने घर के पास खड़ा किए थे। जब सुबह उठकर देखे तो गाड़ी गायब थी। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिला तो थाना में इसकी लिखित सूचना दी।

बैठक

बीस सूत्री अध्यक्ष ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक

अंतिम पायदान तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभागार में प्रखंड अध्यक्ष बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने की। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभी कर्मियों के साथ बैठक आहूत कर स्वास्थ्य सेवाएं एवं परिचय प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक साधनों की जानकारी पहुंचे इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं संसाधनों की जानकारी पहुंचाने का काम करें जिससे लोगों का विकास व सरकार का उद्देश्य पूरा हो सके। बैठक में बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी, सदस्य जमुना प्रसाद, राधा देवी, सीताराम मांझी, राजाराम मांझी, जसीम अख्तर, सोनी रविदास, रंजीत कुमार, पंकज कुमार शर्मा, सत्यनारायण कुमार, भावेश कुमार, विशाल कुमार, नरेश कुमार, ममता मुर्मू, हीरालाल महतो समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

वार्षिक कार्य योजना चयन को लेकर ग्रामसभा की बैठक

पंचायत का विकास मेरी प्राथमिकता : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत सचिवालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 39 के आलोक में जीपीडीपी कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 - 24 के लिए वार्षिक कार्य योजना चयन को लेकर मुखिया अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मौके पर पंचायत सचिव नागेश्वर महतो ,उपमुखिया शबाना प्रवीण उपस्थित थे। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा पंचायत की प्रमुख समस्यायों को प्राथमिकता देते हुए जल्द समाधान करने की कोशिश की जा रही है। कहा कि पंचायत की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। बैठक में वार्ड सदस्य जहीर अंसारी,मुस्ताक अंसारी,किरण कुमारी, विनोद ठाकुर, संतोष यादव, रोजगार सेवक बीरेंद्र कुमार, महादेव साव, सहदेव यादव, जागेश्वर प्रजापति, मुकेश यादव, छोटी रविदास, श्यामलाल सिंह, प्रमोद यादव, संतोष कुमार पाण्डेय, फिरोज अंसारी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

मदर टेरेसा कॉलेज में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

बानो। मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में झारखंड राज्य सहकारी बैंक बानो शाखा के द्वारा बैंक प्रबंधक विकास कुमार के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सुरक्षित बैंक व्यवहार के बारे भारतीय रिजर्व बैंक एवं बैंकिंग लोकपाल के बारे में सभी छात्राओं को अवगत कराया गया। प्रबंधक के द्वारा सभी छात्राओं को अपने पिन, अकाउंट नंबर तथा अपने ओटीपी नंबर किसी अन्य को ना देने के बारे में भी समझाया। गुरुवार के कार्यक्रम में कालेज के निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा प्राचार्या संगीता कुमारी डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल ट्यूटर प्रभा सुरीन, अलबिना तोपनो, रश्मि, निभा, लीला, विनीता, मटिलदा एवं सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

सड़क हादसे में मृत वृद्ध की हुई शिनाख्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप बुधवार की देर शाम गुमला लोहरदगा एनएच 143 मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। जिसकी पहचान नही हो पाया था। वहीं पुलिस अज्ञात वृद्ध के शव को पहचान करने में जुटी हुई थी। इसी बीच मृत वृद्ध का पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के हिरही जुबला टोली निवासी भीखराम भगत के रूप में किया गया। मृतक का पुत्र रंजीत भगत ने वृद्ध का फोटो देख बताया कि मेरे पिता है। जो मानशिक रूप से विक्षिप्त होने का भी बात बताया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि मृतक का शिनाख्त होने के उपरांत उसके परिजनों को बुलाया गया है। पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौप दिया जाएगा।

नियोजनालय में भर्ती कैंप का आयोजन

लोहरदगा। जिला नियोजनालय में गुरुवार को भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हाईली इंडिया लिमिटेड, गुजरात की कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा शामिल हुए अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग की गई। कंपनी की ओर से मोहम्मद मोबिन हैदर के द्वारा कंपनी के कार्य, कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं से अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया। इसमें 18-35 वर्ष के युवक-युवतियां शामिल हुए। कंपनी के पास कुल 200 रिक्तियां हैं जिसके लिए यह भर्ती कैंप आयोजित किया गया। मौके पर कंपनी के प्रतिनिधि, कार्यालय के कर्मीगण व बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थे।

उच्च विद्यालय जामुनटोली का 39वां वार्षिकोत्सव आज

लोहरदगा। उच्च विद्यालय, जामुन टोली, बगडू प्रखंड किस्को का 39 वां वर्षगांठ समारोह 20 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोहरदगा, सह वित मंत्री झारखंड सरकार डॉ० रामेश्वर उरांव व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संरक्षक सह सांसद राज्यसभा झारखंड धीरज प्रसाद साहू होंगे। उक्त जानकारी किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह में मंत्री सांसद के अलावे जिले के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

मंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिया निर्देश

समस्याओं का समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता : वित्तमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने सदर प्रखंड के ग्राम रघु टोली, करचा टोली, नदिया, बाघा नवाटोली, रामपुर रूगड़ी टोली आदि गांवों का दौरा कर जनसमस्या सुनी। ग्रामीणों ने मंत्री सह विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमे मुख्य समस्या राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आवास योजना, सड़क की समस्या व अन्य समस्या रखी गई। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान ही हमारी

पहली प्राथमिकता है। झारखंड सरकार के द्वारा काफी जनकल्याणकारी योजना चलायी जा रही है, जिससे आम जनता को काफी लाभदायक है। जिसका फायदा सभी जनता को लेने की जरूरी है। सरकार के हर योजना गांव-गांव तक पंहुचे यही उद्देश है हमारी। मेरे विधायक मद के द्वारा भी गांव की जो मुख्य समस्या है उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जिससे गांव का विकास हो सके। राशन कार्ड, विधवा पेंशन, बृद्धा पेंशन, आवास योजना,सड़क की समस्या आदि अन्य समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग एव अधिकारियों से तवरीत करवाई करते हुवे समाधान करने को कहा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, मंत्री सचिव संजय दुबे, प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, आजाद खान, संतोष महतो, असलम अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद , जितेंद्र उरांव, दिनेश उरांव, अमृत लकड़ा, अजय उरांव, धीरज उरांव, परवेज अंसारी, तबरेज अंसारी, बबलू अंसारी आदि उपस्थित थे।

छापेमारी अभियान: बिजली चोरी के खिलाफ 16 पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में बिजली विभाग द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 16 नामजद पर कारवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बदला में छापेमारी अभियान के पूर्व टीम गठन कर अभियान चलाया गया। गठित टीम में कनीय अभियंता सुजीत कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता, सहायक विधुत अभियंता उमेश कुमार दांगी, सारणी पुरुष, फिरोज अख्तर मानव दिवस कर्मी रंजीत उरांव एवं भोला साहू और शिवशंकर उरांव तथा सेन्हा थाना शस्त्र बल शामिल थे। वहीं विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार ने बताया कि बकाया

बिजली बिल जमा नहीं करने पर पूर्व में 6 कंज्यूमर का कनेक्शन काटा गया था। उसके बाबजूद टोका लगा कर विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। जबकि 5 कंज्यूमर का वैद्य मीटर होने के बाबजूद मीटर से वाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा गया। विवेक कुमार चौहान के स्कूल एवं घर में एक ही कनेक्शन से बिजली इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया। और एल टी लाइन से चार लोग को विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। इस प्रकार 16 नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में कारवाई हेतु प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि विद्युत कनीय अभियंता सुजीत कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 12/23 दर्ज कर बिजली अधिनियम 135 एवं 137 के तहत रविन्द्र महतो, सुबोध महतो, पुष्कर महतो, मधुसूदन महतो, रंजीत महतो, बुधन महली, लक्ष्मण राम, भुखन राम, विवेक सिंह चौहान सहित 16 नामजद के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है।

एक दिवसीय डेटा प्रबंधन और उपयोग कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भाजपा ने गुरुवार को एक दिवसीय डेटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वागत भाषण पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश एवं बूथ तक डेटा प्रबंधन की कार्यशाला की जा रही है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का डाटा सरल एप पर उपलब्ध होगा। एक क्लिक पर सारी जानकारी राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों तक पहुंच जाएगी। वहीं आधार व्यख्यान करते हुए जिला संयोजक श्रद्धानंद बेसरा ने सभी कार्यकर्ताओं को डाटा प्रबंधन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं आने वाले दिनों में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला एवं बूथ प्रबंधन का डेमो भी दिखाया। डाटा प्रबंधन पर प्रदेश से आए हुए मुख्य अतिथि के तौर पर अमित चरण ने कहा के पिछले 2 वर्षों से भाजपा सरल ऐप पर कार्य कर रही है अब बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता एक ऐप पर एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध मिलेंगे एक क्लिक पर बूथ की सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी। भाजपा अब पूरी तरह डिजिटल रूप में आने की ओर बढ़ चुकी है जल्द ही सरल ऐप का विस्तार करते हुए अपने कार्यकर्ता वोटर्स एवं समर्थकों को भी सरल ऐप से जोड़ा जाएगा। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दिनों परदेस में डेटा प्रबंधन एवं उपयोग पर कार्यशाला हुई थी जिसमें दिल्ली से आए हुए राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने डेटा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया था जिसे हम लोगों को मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक ले जाना है। जिला सोसल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने किस तरह से मंडल एवं बूथ तक सरल ऐप का विस्तार कर उस पर कार्यकर्ताओं को जोड़ना है इस पर विस्तार पूर्वक बताया एवं मंडल स्तर तक बैठक कर ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं तक सरल ऐप को पहुंचाने पर जोर दिया।इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गान गा कर कार्यशाला की शुरूआत की गई। मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला सहसंयोजक सुजान मुंडा ने किया।

सोना-चांदी की सफाई के नाम पर ठगी, घर से जेवरात लेकर फरार

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेफरल अस्पताल में कार्यरत सचिन सिंह नामक व्यक्ति के घर में महिलाओं को अकेला पाकर दो लोगों के द्वारा सोना चांदी की सफाई के बहाने लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गए। इधर काफी खोजबीन की गई लेकिन चोरों की कहीं नहीं पता चला जिसके बाद सचिन सिंह ने ठेठईटांगर थाना में इसकी जानकारी दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सचिन सिंह की मां और उसकी पत्नी घर में थी इसी बीच मोटरसाइकिल में 2 लोग पहुंचे और उन्होंने सोना चांदी को नए की तरह चमकाने एवं साफ सफाई करने की बात कही उनकी बातों में दोनों महिलाएं आ गई और घर की लाखों रुपए की ज्वेलरी उनके सामने रख दिया इधर चकमा देकर दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर उनके घर से फरार हो गए थाना प्रभारी ने कहा है क्षेत्र में इस प्रकार के कोई भी सोना चांदी साफ सफाई के नाम पर आते हैं ऐसे लोगों से सतर्क रहें और इसकी सूचना पुलिस को दें।

कोलेबिरा विधायक ने मेरोमडेगा में ग्रामीणों संग की बैठक, सुनी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखंड के मेरोमडेगा गांव में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने रात्रि भ्रमण कर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हो गए ग्रामीणों ने बताया कि जनवरी 2022 में वन विभाग के तरफ से हम गांव वालों के झूठा उपर केस दर्ज कर दिया गया था इससे हम परेशान है। जिसपर विधायक ने कहां मैं उच्च अधिकारियों से बात करके आप लोगों का समस्या का निदान जरूर करूंगा। उन्होंन वन अधिकार के नियम बताते हुए कहा वन में निवास करने वाले अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परम्परागत वन निवासियों के जो वन क्षेत्रों में पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं, किन्तु उनके अधिकारों को अभिलिखित नही किया जा सका हैं वन अधिकारो एवं वनभूमि में अधिभोग/निवास को शासन स्तर पर मान्यता देने तथा उपयोग हेतु अतिक्रमित भूमि का निवास एवं

विधायक मद से बने खेल मैदान और शेड का कोलेबिरा विधायक ने किया उद्घाटन

बांसजोर। प्रखंड के बांगेरा में कोलेबिरा विधायक के मद से निर्मित खेल मैदान एवं शेड का कोलेबिरा विधायक ने उद्घाटन किया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल ने कहा कि खेल का मैदान नहीं होने से इस क्षेत्र में छिपी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती थी गांव में खेल का मैदान होने से खिलाड़ियों को तैयारी करने में असुविधा होती थी। आज यहां मैदान बन जाने से लोगों को खेलने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा उन्होंने कहा खेल हमारे जीवन का हिस्सा हैं। खुशहाल व तंदरुस्त जीवन के लिए खेलकूद जरूरी है। उन्होंने कहा प्रतिभावान खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाया है। इसलिए ग्रामीण स्तर पर

सुविधाएं जुटाने की जरूरत को में अपने स्तर से कर रहा हूं। उन्होंने शेड उद्घाटन पर कहा बच्चों को बारिश के दिन में भी बारिश से बचने के लिए होगी। मौके पर समी आलम, रावेल लकड़ा, बांसजोर जिला परिषद समरोम पोल टोपनो, हीरा लाल एक्का, उरते मुखिया सीमा डुंगडुंग, कोंबाकेरा मुखिया प्रसन लुगुन, दयाल बरवा, आसियान खेस आदि मौजूद थे।

जीविकोपार्जन हेतु अधिकार सौपने के लिए यह नियम लागू किया गया है यह सुनिश्चित करेगा कि लोग अपने जंगलों का प्रबंधन स्वयं करें, यह अधिकारियों के माध्यम से वन संसाधनों के दोहन को नियंत्रित करेगा जिससे वन शासन में सुधार हो और आदिवासी अधिकारों का बेहतर प्रबंधन करेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, फ्रांसीस बिलुंग मोहम्मद कारू, प्रिंस कुमार अब्दुल वाहिद, सिहासन डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

संगोष्ठी आयोजित

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन जागरुकता दिवस के अवसर पर प्रखंड सिमडेगा के आदिवासी बालिका छात्रावास के सभागार में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सत्यव्रत ठाकुर प्राचार्य पार्वती शर्मा इंटर कॉलेज ने युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार और प्रशिक्षक रमेश कुमार काशी भी मौजूद रहें। तत्पश्चात सभी को युवा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में छात्रावास की युवतियों ने भाग लिया। सत्यव्रत ठाकुर ने युवाओं को जानकारी देते हुए उन्हें आज के वर्तमान परिस्थिति में रोजगार के अवसर और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपने कौशल को निखारने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के बारे में भी बताया। प्रशिक्षक रमेश कुमार काशी ने युवाओं से वर्तमान परिस्थिति में साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा के बारे में बताते हुए उन्हें स्वयं जागरूक रहने के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने मानव तस्करी से भी सावधान रहने हेतु जागरुक किया। कार्यक्रम का आयोजन रेश्मा कुमारी के नेतृत्व में किया गया।

नंदलाल प्लस टू उवि में वार्षिक उत्सव सह विज्ञान कला संस्कृति प्रदर्शनी का आयोजन

मेहनत करें, सफलता मिलेगी : डीईओ

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत नंदलाल प्लस उच्च विद्यालय में विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव सह विज्ञान कला संस्कृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, अंचलाधिकारी विजय कुमार, जीप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, मुखिया राजश्री उरांव, प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर डीईओ सुनंदा दास ने कहा की बच्चो के भविष्य निखारने का काम शिक्षक कर रहें है। विद्यालय के बच्चे लगातार मेहनत करें विद्यालय ने काफी लोगों का आगे बढ़ाया है। जिसे छात्र छात्राएँ आज विद्यालय और समाज का नाम रौशन

कर रहें है। यह अच्छी बात है। आप सब भी लक्ष्य प्राप्ति के लिये मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी साथ ही कहा कि समय को पहचाने और आगे बढ़े और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का कला सीखे। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहाकी विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विधार्थियो को झारखंड की सांस्कृतिक को सीखने समझने का मौका मत है। दोना पत्तल, गुंगू पत्ता का प्रयोग करने पर प्लास्टिक का उपयोग से बचाव होगा। बच्चे अपने जीवन में प्लास्टिक के उपयोग से बचें। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं द्वारा धरधरिया जल प्रपात का स्वरूप तैयार किया गया था। जहाँ पर पदाधिकारी और प्रबंध समिती के लोग फोटो खींचवाते नजर आये। साथ ही बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी स्वास्थ ही धन है, स्वच्छता अभियान, विद्युत कि चलकता, सड़क सुरक्षा, जी एस टी, बैंक ऑफ इंडिया, वायु मंडलपरते, गांव की विकास की बदलते तस्वीर, बगडू पहाड़, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ झारखंडी औजार धान मोरा आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अतिथि व मुख्य अतिथि द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान हमार सोना झारखंड ग्रुप को दोना पत्तल, हल, खान-पान पर मिला। दूसरा स्थान देशी कूलर, तीसरा स्थान धरधरिया एवं जीएसटी ग्रुप को मिला। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, जिप सदस्य राधा तिर्की, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, मुखिया राजश्री उरांव, प्रधानध्यापक नैंसी सीमा लकड़ा के अलावे शिक्षक शिक्षिका अनील उरांव, सुरेश कुमार बड़ा, अरविन्द कुमार, संगीता बखला, ममता कुमारी, कंचन कुमारी, विक्रम कुमार,प्रीति कुमारी, रीना बखला, उत्तिम कुमारी, सुभ्रा दस और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अपराधियों ने लोहरदगा में मुर्गी बेचने वाले को मारी गोली, रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सदर थाना से महज आधा किलोमीटर दूर बस स्टैंड के समीप मुर्गी बेचने वाले दुकानदार को गुरुवार शाम अपराधियों ने गोली मार दी। ग्रामीणों के सहयोग से युवक को कुडू सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

गोलीबारी की घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए तथा जोरदार हंगामा कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बताया जाता है कि गुरुवार शाम बस स्टैंड में संचालित प्रिंस चिकन शाप के दुकानदार अरबिंद पासवान उर्फ गुड्डू पासवान अपनी दुकान को बंद करने के तैयारी कर रहा था। इसी बीच पैदल तीन

लोग दुकान में पहुंचे तथा गुड्डू पासवान को टारगेट करते हुए तीन गोली चला दिया। एक गोली पेट में लगने के बाद गुड्डू गिर गया नतीजा दो गोली उपर चली गई।

गोलीबारी की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े तब तक अपराधी पैदल जामुन टोली की तरफ भाग गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायल गुड्डू पासवान को कुडू सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने थाना के समीप तथा बस स्टैंड में सड़क जाम कर दिया है। समाचार लिखें जाने तक सड़क जाम है। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहीं है।

बैठक लोहरदगा में 6000 से अधिक आवास अधूरे, एसडीओ ने दिये निर्देश

15 फरवरी तक आवास हर हाल में पूर्ण करें

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्यों की समीक्षात्मक बैठक निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण लोहरदगा सह अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल लोहरदगा के द्वारा की गई। बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक एवं पंचायतों में कार्य कर रहे जनसेवक के साथ विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के क्रम में पाया गया कि लोहरदगा जिले में आवास की प्रगति

संतोषजनक नहीं है। अभी भी 6000 से अधिक आवास अपूर्ण है। जिन पंचायतों में आवास पूर्णता का प्रतिशत बहुत कम है या बहुत अधिक संख्या में आवास पूर्ण किए जाने बाकी हैं, उन पंचायत के जनसेवकों को 15 फरवरी 2023 तक राज्य औसत से अधिक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सबसे अधिक आवास अपूर्ण रहने वाले पंचायत के जनसेवक डाडू, उगरा, उदरंगी, हिसरी, तिगरा, सिरम, हनहट, बेटहठ, भटखिजरी, मुरकीतोडार, सुन्दरू पंचायत के जन सेवकों को आवास निर्माण में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में यह निर्देश दिया गया कि सभी लाभुकों को पंचायत भवन में बैठक कर उन्हें आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जाए उन्हें ससमय आवास निर्माण हेतु सामग्री उपलब्ध कराने में सभी जन सेवक एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि भी सहयोग करें तभी आवास निर्माण का कार्य समय पूर्व किया जा सकेगा। लाभुकों को विभिन्न तरह से प्रेरित करने के बाद भी जो लाभुक जानबूझकर आवास को पूर्ण करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं उन पर तत्काल चेतावनी देने हेतु नोटिस निर्गत करने का निर्देश भी बैठक में लिया गया। बैठक में जिला समन्वयक, कृष्णा कुमार गुप्ता, प्रषिक्षण समन्वयक- विजेन्द्र कुमार, सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा पुलिस द्वारा बीते 1 अक्टूबर को हुए मोटरसाइकिल चोरी मामले में दूसरा आरोपी को गिरफ्तार करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया। समसेरा मोड़ के दुकान के पास से पिछले दिनों मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी। थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने बताया की पिछले 1 अक्टूबर 2022 को जेएच20 एफ 7501 हौंडा शाइन मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था पुलिस द्वारा लगातार इसकी खोजबीन की जा रही थी। इसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर 10 नवंबर को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी अर्जुन कुमार ग्राम अंडाली जामबहार, थाना रायपुरा जिला सुंदरगढ़ सुंदरगढ़ का रहने वाला को गिरफ्तार किया गया था। वही दूसरा आरोपी विक्रम कुजुर फरार था। उन्हें ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोरोमिंया पंचायत अंतर्गत बिरिंगा टोली से बीती रात गिरफ्तार कर लिया गया इनके खिलाफ बोलबा थाना कांड संख्या 18/22 धारा 379 दर्ज किया गया है। आरोपी विक्रम कुजूर को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। विक्रम कुजूर अंडाली के थाना रायबोगा सुंदरगढ़ का रहने वाला है।

NEWS इन ब्रीफ

घर के बाहर से स्कूटी की चोरी

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला निवासी पिंटू राइन का स्कूटी जेएच03यू 1420 बीती रात चोर चोरी कर फरार हो गए । इस संबंध में पिंटू राइन ने बताया कि बीती रात घर के बाहर नूरी मस्जिद के पास से उसकी स्कूटी की चोरी हो गई। स्कूटी चोरी होने के बाद गुरुवार की सुबह वह अपने आसपास के लोगों से इसकी जानकारी ली। लेकिन किसी ने स्कूटी चोरी होने से संबंधित जानकारी नहीं दिया। इसके बाद पिंटू राइन के द्वारा स्कूटी चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया गया है। वहीं मामला दर्ज होने के बाद शहर थाना की पुलिस चोरी हुई स्कूटी को खोजने में जुट गई है।

उत्कृष्ट युवा क्लब चयन के लिए आवेदन की मांग

मेदिनीनगर। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले युवा मंडलों से जिला स्तरीय उत्कृष्ट युवा मंडल पुरस्कार हेतु चयन के लिये आवेदन की मांग की गई है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस पुरस्कार के आवेदन के लिए वही युवा मंडल योग्य होंगे। जिसे नेहरू युवा केन्द्र,पलामू व सोसाइटी रेजिस्ट्रेशन एक्ट1860 के अनुसार संबद्धता प्राप्त हो तथा युवा मंडल द्वारा वर्ष 2021-22 में कुल आय और व्यय का ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध हो। जिला स्तर पर उत्कृष्ट युवा मंडल के विजेता को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। जिस युवा मंडल को पिछले दो वर्षों में उत्कृष्ट युवा मंडल का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है वो इस वर्ष के पुरस्कार के लिये योग्य नहीं होंगे। आवेदन प्रारूप के बारे में ज्यादा जानकारी के लिये नेहरू युवा केन्द्र के जिला कार्यालय से जरूर संपर्क करें।

गांव -गांव, गली गली झाड़ू की हवा चली

मेदिनीनगर। पलामू के चैनपुर सोनपुरा गांव में पिंटू पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । आप नेताओं ने पार्टी की टोपी व पट्टा बनाकर सभी को पार्टी में शामिल कराया । पार्टी के कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सदस्यता अभियान पंचायत स्तर पर चलाई जा रही है। पंचायत के सैकड़ों लोग पार्टी की कार्य से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं। आप के नेता राकेश तिवारी ने कहा कि जन जन तक आम आदमी पार्टी की कार्यशैली को बताने के लिए हम सभी गांव की ओर निकल चुके हैं। वही आप नेत्री वंदना सिन्हा ने महिलाओं को भी बढ़ चढ़कर पार्टी के इस आंदोलन में साथ देने की बात कही । महिलाएं भी पार्टी की कार्यशैली से काफी खुश है और पार्टी से जुड़ कर संगठन को मजबूत कर रही हैं । आप के युवा उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया । खबर संकलन कर रहे आप के वरिष्ठ कार्यकर्ता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि आम आदमी पार्टी पलामू के सभी नेता लगन से पार्टी को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं । पार्टी पंचायत स्तर तक बहुत जल्द मजबूत हो जायेगी । भाजपा और गठबंधन की राजनीति से ऊब चुके ग्राम वासियों को आम आदमी पार्टी एक विकल्प के रूप में मिलेगी । इस कार्यक्रम में शशिकांत तिवारी ,रुपेश तिवारी ,ओम प्रकाश गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे । पार्टी की सदस्यता लेने वालों में सतीश सोनी, राजू पासवान, प्रदीप पासवान, मनोज पासवान ,अरविंद चंद्रवंशी, रमेश पासवान, जितेंद्र पासवान ,शंभू पासवान , रवि पासवान, रूबी कुमारी, रमेश राम, उषा देवी, अनीता देवी, बालचंद भैया, रविंदर भैया, गंगा भैया ,राजा भैया सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

पलामू:सीएस कार्यालय में एएनएम-जीएनएम की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थायीकरण, मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर एएनएम-जीएनएम कर्मियों ने तीसरे दिन भी पलामू सिविल सर्जन कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते हुए कर्मियों ने स्थायी करने और मानदेय वृद्धि की मांग की। सभी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा कहा गया था कि सभी एएनएम और जीएनएम कर्मियों को स्थायी किया जायेगा। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य नहीं की गई है। इधर, जिला सचिव चंचला कुमारी ने बताया कि अभी हमलोग 2 से 3 दिन तक शांतिपूर्वक तरीके से हड़ताल पर रहेंगे। सरकार द्वारा एनएचएम विनय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमलोगों को आश्वासन दिया था कि आपलोगों को स्थायीकरण किया जायेगा। लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया। इसी कारण हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जबतक हमारी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। धरना पर बैठने वालों में प्रीति मिंज, रश्मि कुमारी, प्रीति कुमारी, कुशुम रानी कुमारी, आरती कुमारी, प्रीति कुमारी, निशा कुमारी, नेहा कुमारी, आलोक कुमार, सतेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, खुशबू कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे। सार्थक पहल नहीं होने पर हम सभी कर्मी अपने आन्दोलन को उग्र करते हुए सभी ओपीडी सेवा बंद करवायेंगे। आवश्यकता पड़ी तो ओपीडी के साथ साथ इमरजेंसी सेवा भी बाधित करेंगे। जबतक हमलोगों की मांग पूरी नहीं होती है। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे और 22-23 जनवरी को राजभवन के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। मानदेय में बढ़ोतरी का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी उनकी कोई मांग पूरी नहीं की गई। जिसको लेकर सभी धरना पर बैठे हैं। एएनएम और जीएनएम कर्मियों के धरना पर बैठने से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

वैचारिक पत्रिका ने किया विचार गोष्टी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वैचारिक पत्रिका सुबह की धूप के तत्वावधान में प्रो. रजनी कोठारी के स्मृति दिवस के अवसर पर राजनीति में बौद्धिकता और वैचारिक विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता पत्रिका के संपादक शिव शंकर प्रसाद ने की । विषय प्रवेश सहायक संपादक सह स्तंभकार पंकज श्रीवास्तव ने किया। अपने संबोधन में पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीतिक मुद्दे की समझ प्रो.रजनी कोठारी में अद्भुत था। वह समय एवं परिस्थिति का आकलन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से करते थे। यही कारण है कि वह आपातकाल में इंदिरा गांधी के कार्यशैली की आलोचना करने में भी पीछे नहीं हटे। विचार गोष्ठी में अपनी बात रखते हुए शब्बीर अहमद ने कहा कि प्रो.रजनी कोठारी को याद करते हुए देश के सामाजिक राजनीतिक आर्थिक परिस्थितियों का विश्लेषण करने की जरूरत । एससीयू.आइ के राजेश कुमार ने कहा कि राजनीति में बौद्धिकता तभी आएगी जब हम अपने दर्शन का अध्ययन करेंगे ,साथ ही साथ शोषण दमन करने वालों को चिन्हित करने की क्षमता विकसित हो । रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रो. रजनी कोठारी को तभी समझ सकते हैं । जब हम वैज्ञानिक नजरिया रखेंगे। गोष्टी की अध्यक्षता कर रहे शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि प्रो. रजनी कोठारी के बहाने हमने आज राजनीति में बौद्धिकता पर विचार मंथन करके नई परंपरा की शुरूआत की है। मौके पर विकास दुबे ,सुग्रीव ओझा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

बाइक सवार अपराधियों ने की फायरिंग, छानबीन में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला रेहला थाना क्षेत्र में रंगदारी के लिए बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। फायरिंग करने वाले अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना बुधवार की शाम पलामू के रेहला थाना क्षेत्र की है। पीड़ित कारोबारी ने रेहला थाना को आवेदन दिया है। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना में शामिल अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और उनके खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कई इलाके में सर्च अभियान शुरू किया गया है। बता दें कि

अपराधियों ने सोनी हार्डवेयर के सामने फायरिंग की है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की। पीड़ित कारोबारी से रंगदारी मांग कर फायरिंग की गई है। घटना के बाद पीड़ित कारोबारी ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है। रंगदारी कितनी मांगी गई है इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस के टॉपर अधिकारी रंगदारी मांगे जाने के बाद कैंप कर रहे हैं। अगले कुछ दिनों में मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा। हाल के दिनों में रेहला से सटे विश्रामपुर और नावाबाजार थाना क्षेत्र में सीएसपी की लूट की घटना हुई है। सीएसपी से लूट की घटना को बाइक सवार अपराधियों ने ही अंजाम दिया है। अब रेहला के इलाके में रंगदारी की मांग की गई है। लगातार आपराधिक घटनाओं को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

आयोग ने किया अभ्यर्थियों के डीवी की तिथि जारी

मेदिनीनगर। जेएसएससी के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार 106 मूल याचिकाकर्ता के प्रमाणपत्रों के जांच के लिये तिथि जारी किया गया। जिसमें 30 और 31 जनवरी को 11 बजे से डीवी का कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में 9 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी है। जो नियोजन नीति के कारण लंबित पड़ा हुआ था। पिछले महीना सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अवमानना वाद में अंतिम निर्णय दिया जा चुका है। जिसमें सरकार को तीन महीने में सभी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश दिया गया है। वहीं,पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के नियुक्ति के लिए भी निर्णय दिया गया है। जिसकी प्रक्रिया भी आयोग के द्वारा शुरू कर दिया गया है।

सविता सर्राफ के निधन पर मारवाड़ी समाज ने जताया शोक

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह अग्रसत्ता के प्रदेश संपादक संजय सर्राफ की भाभी समाजसेवी सविता सर्राफ के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन,रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, पवित्रम गोसेवा परिवार एवं अग्रसत्ता के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति सांत्वना प्रकट की है। स्व.सविता सर्राफ की अंतिम संस्कार पुरी (उड़ीसा) के स्वर्गद्वार में किया गया। अंत्येष्टि अंतिम संस्कार में समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मौत मामले की जांच शुरू

रांची। नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय स्थित आईआईएम के सेकेंड ईयर के छात्र शिवम कुमार की संदेहास्पद स्थिति में मौत मामले की एसआईटी ने जांच शुरू तेज कर दी है। पुलिस ने शिवम के जब्त मोबाइल व लैपटॉप का लॉक खोलने की कार्रवाई शुरू कर दी। गुरुवार को एक्सपर्ट ने मोबाइल खोलने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि शुक्रवार को दूसरे एक्सपर्ट से मोबाइल अनलॉक करने की कार्रवाई की जाएगी। जैसे ही फोन अनलॉक हो जाएगा, पुलिस को वह सभी जानकारियां हासिल हो जाएंगी, जो जांच में आगे मदद करेंगी। पुलिस को यह भी जानकारी मिल जाएगी कि शिवम से चैट के दौरान क्या-क्या बातें, किनसे हुई थीं। गौरतलब हो कि आईआईएम के छात्र शिवम का बीते 16 जनवरी की रात हॉस्टल के कमरे से फंदे से लटका उसका शव बरामद हुआ था। मामले में पिता अखिलेश्वर के बयान पर हत्या की प्राथमिकी नगड़ी थाने में दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने परिवहन विभाग को पत्र भेजा

रांची। डोरंडा पोस्ट ऑफिस से सिरमटोली चौक तक फ्लाईओवर निर्माण का कार्य चल रहा है। इस इलाके में बड़े वाहनों के प्रवेश पर भी रोक नहीं लगायी गई है। इस वजह से डोरंडा व उसके आसपास इलाके में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने परिवहन विभाग को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि फ्लाईओवर निर्माण का कार्य चल रहा है। साथ ही जमशेदपुर से आने वाली बसें डोरंडा में लग रही है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इन बसों को डोरंडा आने से रोकने जरूरी है। इसके लिए इन बसों के लिए अलग रूट निर्धारित किया जाए, ताकि जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हो। ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पत्र विभाग को भेजा गया है। वहां से आदेश मिलने के बाद पूर्ण रूप से डोरंडा में बसों के परिचालन पर रोक लगायी जाएगी।

आत्महत्या मामले की जांच शुरू

रांची। सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने धर्म परिवर्तन के दबाव में आकर एमबीए छात्र दीपक कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम गुरुवार को दीपक के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा स्थित घर पहुंची। पुलिस की टीम ने दीपक के पिता अनिल कुमार सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों का बयान दर्ज किया। पिता ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र के दोस्त नसीम और एक मौलाना ने उसे धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसी वजह से वह डिप्रेशन में आ गया था। जिस कारण दीपक ने फंदे से झूलकर आत्महत्या की। साथ ही दीपक के मोबाइल को भी पुलिस जब्त कर अपने साथ ले गई। पुलिस का कहना है कि टेक्निकल सेल की मदद से मोबाइल की जांच की जाएगी।

जगन्नाथपुर क्षेत्र के दो मंदिरों में चोरी

रांची। राजधानी रांची में पुलिस गश्ती को चुनौती देकर लगातार चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। चोर धार्मिक स्थलों को भी निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर टू का है। यहां चोरों ने पंचमुखी और गणेश मंदिर के ग्रील का ताला तोड़कर घुसे और दानपेटी उखाड़कर अपने साथ ले गए। मंदिर समिति का कहना है कि दोनों दान पेटी में करीब 50 हजार रुपए थे। चोरों ने इस घटना को 19 जनवरी को भोर करीब चार बजे अंजाम दिया है। इस संबंध में मंदिर समिति ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

पलामू में अभाविप का विराट जिला छात्र सम्मेलन 23 को

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अभाविप की ओर से प्रेसवार्ता का आयोजन प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्य शुक्ल उपस्थित रहेंगे। एबीवीपी के प्रदेश कार्यसमिती सदस्य विनीत पांडे ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि अभाविप शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। ज्ञान ,शील एकता के मूल मंत्र को लेकर छात्र समुदाय में राष्ट्रीयता की भावना, सामाजिक, सांस्कृतिक और नेतृत्व क्षमता का विकास छात्रों में हो। इस विश्वास के साथ विद्यार्थी परिषद विगत 74 वर्षों से काम कर रही है।इस निमित्त चतरा जिले में भी 23 जनवरी दिन सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में जिला सम्मेलन आयोजित कर रही है। इस सम्मेलन में जिले भर के स्नातकोत्तर, स्नातक, बीसीए, आईटीआई, बीएड और प्लस टू से लगभग पांच हजार छात्रों की सहभागिता होगी। नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने कहा कि जिला छात्र सम्मेलन चार सत्रों में संपन्न होगी। कार्यक्रम सह प्रमुख सुमित पाठक ने वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस जिला सम्मेलन के माध्यम से जो भी छात्रों से संबंधित समस्याएं हम सबों के बीच आएगी उस मांग को प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त, सांसद, विधायक से मिलकर अवगत कराएंगे। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे हम लोग आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे। प्रेस वार्ता का संचालन जिला संयोजक संचालन प्रकाश पांडे ने किया। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनीत पांडे,जिला संयोजक अभय वर्मा,एफ डी प्रमुख सुमित पाठक,नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता,निगर सह मंत्री , नीतीश दुबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसएफ बैटरी शोरूम का उद्घाटन

मेदिनीनगर । स्वामी विवेकानंद चौक स्थित शाहपुर के निकट एसएफ बैटरी के एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षिका किरण सिन्हा ने किया। मौके पर रूपेश कुमार ने कंपनी के द्वारा निर्मित बैटरी है। आर के इंटरप्राइजेज का इस क्षेत्र में यह दूसरा प्रतिष्ठान है । जहां अत्यंत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता की बैटरी एवं इनवर्टर एक्सक्लूसिव शोरूम में उपलब्ध है। उद्घाटन के विशेष अवसर पर प्रत्येक खरीद पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। रूपेश कुमार ने बताया यहां केवल बैटरी और इनवर्टर ही उपलब्ध नहीं है । बल्कि शोरूम के कंपनी के द्वारा त्वरित सर्विसिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के शोरूम का मेदिनीनगर में खुलना हर्ष का विषय है तथा इससे नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर मनीषा श्रीवास्तव, शालिनी सिन्हा , बक्सी, मुकेश विश्वकर्मा, अमित रंजन, कुमार समेत अन्य कई शुभचिंतक उपस्थित थे।

सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम के तहत जनसंवाद आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद वीडी राम ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड में सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत झरगड़ा, पतराखुर्द एवं उर्दवार मंजूराहा में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त पंचायतों में जनता संवाद कार्यक्रम में जनता की जनसमस्याओं से अवगत हुए और उसका निदान कराने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि हुसैनाबाद प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मरम्मतीकरण कार्य के तहत 5 सड़क क्रमशः जपला पथरा से पोलडीह तक 4.00 किलोमीटर, बलदिहरी पीच रोड से गाजीबिहरा तक 10.80 किलोमीटर, पीडब्ल्यूडी रोड़ जपला से तेतरिया पूर्णदरबिगहा रोड़ होते हुए बुधुआ तक 2.80 किलोमीटर, बरेवा से बुधुआ तक 2.80 किलोमीटर, पीडब्ल्यूडी रोड़ से उर्दवार मंझौली तक 5.00 किलोमीटर का मरम्मतीकरण कराने की स्वीकृति प्रदान करायी गई। साथ ही सांसद ने ग्राम पंचायत झारगड़ा में विगत दिनों सड़क दुघर्टना में स्व० मंगल पासवान एवं स्व० मिस्त्री पासवान के परिवारजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा पीड़ित परिवार को मदद कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सांसद ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही के पिताजी के ब्रह्मभोज के आयोजित कार्यक्रम में केतार प्रखंड स्थित उनके आवास पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, प्रशांत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, शेखर गुप्ता, विनय कुमार सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण, ईश्वरी पांडेय, ग्राम पंचायत झारगड़ा के मुखिया अशोक चौधरी, ग्राम पंचायत पतरा खुर्द के मुखिया अंचल देवी, ग्राम पंचायत उर्दवार मंजुरहा के मुखिया पूनम कुमारी सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

जपला दुर्गाबाड़ी के समीप से बाइक की चोरी, मामला दर्ज

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के नदियाई गांव निवासी प्रियरंजन सिंह ने हुसैनाबाद थाना में गुरुवार को बाइक चोरी हो जाने का आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि वह अपनी बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 01सीसी 5179 है। उसे मैंने हुसैनाबाद के दुर्गाबाड़ी के समीप राजीव रंजन सिंह के सीमेंट दुकान पर लगाकर डाल्टनगंज चला गया था। जब डालटनगंज से वापस आकर देखा तो हमारी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ भी पता नहीं चला। तो इसकी सूचना मैंने थाने को दी है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले में छान बीन कर बाइक का पता लगाने का आग्रह किया है।

सराहनीय — **अच्छी फिल्म बनाने वालों को मिलेगी मदद : एसपी**

मासूम आर्ट ग्रुप की शॉर्ट फिल्म छतरी की शूटिंग प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में अच्छी फिल्म बनाने वालो को हर संभव मदद की जायेगी। पलामू के कलाकारों में काफी संभावनाएं है, उन्हे प्लेटफार्म की जरूरत है। मासूम आर्ट ग्रुप जिस मानवीय संवेदना को सहेज कर फिल्म बना रही है ,वो सराहनीय है। उक्त बातें पलामू के आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कही। वे गुरुवार को शहर थाना में फिल्म छतरी के मुर्हूत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मुर्हूत शॉट का केल्पिंग देते हुए गणपति पूजा में भी भाग लिया। मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा बनाया जा रहा शॉर्ट फिल्म छतरी के लेखक पिंकू दुबे व निर्देशक बंटी दुबे है। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि पिंकू व बंटी दुबे पलामू के रहने वाले है जो मुंबई के फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पैठ बना चुके है। इस बार वे अपने घर में मासूम के साथ मिलकर फिल्म बना रहे है। मुर्हुत के मौके पर पिंकू दुबे व बंटी दुबे को सम्मानित किया गया। पांडेय ने कहा कि यह फिल्म मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। जिसे फिल्म फेस्टिवल को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा है। इस फिल्म के सभी कलाकार पलामू के है। जबकि डीओपी झारखंड के जाने माने कैमरामैन सुमित सचदेवा है। प्रोडक्शन कैंट्रोलर बेलाल अंसारी है। फिल्म छतरी के मुख्य कलाकार सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, उज्वल सिन्हा, कनक लता तिर्की आदि है। फिल्म में एसपी के महत्वपूर्ण भूमिका में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल नजर आयेंगे। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर संजीत प्रजापति व असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक कुमार है। फिल्म में गुलशन मिश्रा, सूरज शर्मा, प्रकाश कुमार, गिरिंद्र यादव, एमडी नसीम, सतीश कुमार, विवेक कुमार, अदनान कासिफ, अनीश गुप्ता, सिकंदर कुमार, आदित्य कुमार, आनंद गुप्ता, संजीव कुमार राम सहित करीब 30 कलाकार शामिल है। मुहुरत के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, कवि हरिवंश प्रभात रंगकर्मी संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायकों का किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा । भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर जाने के क्रम मे खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं चंदनक्यारी विधायक सह पूर्व मंत्री अमर बावरी का सतबरवा के भाजपा कार्यकर्ता व विधायक प्रतिनिधियों ने शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास जोरदार स्वागत किया। वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सम्मानित विधायकों ने कहा कि झारखंड की सरकार अभी तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार में गरीबों का काम नहीं हो रहा है। चारों तरफ लूट, बलात्कार की घटनाएं घट रही है। मुख्यमंत्री का जोहार यात्रा सिर्फ दिखावा हैं । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग जनता की जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करें, क्योंकि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सभी मंत्री व विधायक भ्रष्टाचार में लिप्त है । हम सभी को मिलकर इस सरकार को उखाड़ने की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी, तभी जनता का भला ही हो सकता है। मौके पर मेदिनीनगर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पाकी विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव, विजय मांझी, नवीन उपाध्याय, महाराणा प्रताप कुशवाहा, तरुण मिश्रा, गोविंदा कुमार, राकेश कुमार भूईंया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

हाय महंगाई..

यह जगजाहिर है कि पिछले करीब ढाई-तीन साल के दौरान आम लोगों के लिए महंगाई कैसी समस्या बन चुकी है। आय के मुकाबले बाजार में न केवल आम उपयोग के, बल्कि जीवन के लिए जरूरी चीजों की कीमतें भी जिस स्तर पर बनी हुई थीं, उससे लोगों की परेशानी बढ़ी। हालांकि इस बीच सरकार ने लगातार ऐसे प्रयास किये, जिससे जरूरत की वस्तुओं के मूल्य कुछ स्थिर हो सकें। लेकिन बाजार की अपनी गति रही और महंगाई की चुनौती बनी रही। काफी समय बाद अब इस मोर्चे पर साधारण लोगों के लिए यह राहत की खबर है कि खुदरा महंगाई दर पिछले एक साल में सबसे नीचे पहुंच गई है। दरअसल, बीते साल नवंबर के मुकाबले दिसंबर में खुदरा महंगाई दर में आई कमी ने एक बार फिर यह उम्मीद पैदा की है कि अगर यह स्थिति बनी रहती है तो देश की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आ जाएगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर जहां 5.88 फीसद थी, वह दिसंबर में यह 5.72 फीसद दर्ज की गई। हो सकता है कि आंकड़ों के लिहाज से इसे कोई बड़ा फेरबदल नहीं माना जाये, लेकिन कई बार बाजार में जरूरी चीजों की कीमतों में आई कुछ कमी साधारण लोगों के लिए किसी उम्मीद कम नहीं होती। बाजार में जरूरी चीजों के खुदरा मूल्यों में आई गिरावट को जहां देश में एक बड़ी समस्या से राहत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं इसकी अहमियत इस रूप में भी दर्ज की जा रही है कि जिस दौर में समूची दुनिया महंगाई से उपजी समस्याओं का सामना कर रही है, वैसे में भारत ने इस मोर्चे पर उभरी मुश्किलों को कुछ कम करने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि खुले बाजार में खुदरा महंगाई दर के आकलन के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाया जाता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सेवाओं के इस्तेमाल को कसौटी माना जाता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लिए चार सौ अड़तालीस और शहरी क्षेत्रों के लिए चार सौ साठ वस्तुओं और सेवाओं को शामिल किया गया है। यों खुले बाजार में ऐसी तमाम वस्तुएं होती हैं, जिनकी कीमतों तक लोगों की पहुंच उसकी खरीदारी को तय करती है। लेकिन मुख्य रूप से रोजमर्रा की जरूरी और खासतौर पर खाने-पीने की चीजों के दाम से महंगाई की तीव्रता दर्ज की जाती है। यह छिपा नहीं है कि पिछले काफी समय से सब्जियों के ऊंचे दाम ने लोगों की थाली को कुछ हद तक खाली रखना शुरू कर दिया था। अब इस मौसम में सब्जियों के साथ-साथ कुछ अन्य खाद्यान्नों की कीमत कम होने से महंगाई की चुनौती कमजोर पड़ती दिख रही है। दरअसल, खरीफ फसलों की कटाई नवंबर तक पूरी हो जाती है और उनके बाजार में आने से इस मामले में मदद मिलती है। यों सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई को दो फीसद के उतार-चढ़ाव के साथ चार फीसद पर बनाये रखने का लक्ष्य दिया हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर जहां 5.88 फीसद थी, वह दिसंबर में यह 5.72 फीसद दर्ज की गई। हो सकता है कि आंकड़ों के लिहाज से इसे कोई बड़ा फेरबदल नहीं माना जाये।

जल पर्यटन से खुल सकते हैं विकास के कई द्वार



कमलेश पांडेय

लीक से हटकर सोचने और कुछ नया कर गुजरने की पीएम नरेन्द्र मोदी की जो कार्यशैली है, वही उन्हें आमलोगों के बीच लोकप्रिय बनाती है। हाल ही में अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर उन्होंने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। सच कहा जाए तो उनका यह कदम कई मायने में खास है, जिससे देश में जल पर्यटन में लंबी छलांग की उम्मीदें बढ़ी हैं। क्रूज पर्यटन का यह नया दौर जल पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगा और युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। मसलन, वाराणसी से डिब्रूगढ़ के बीच क्रूज सेवा की शुरूआत से पूर्वी भारत के अनेक पर्यटक स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता से लाने में मदद मिलेगी। देखा जाए तो देश में क्रूज पर्यटन और विरासत पर्यटन का यह संगम ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत में पर्यटन का एक बुलंद दौर शुरू हो रहा है। अमूमन, भारत की वैश्विक भूमिका जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे भारत को देखने, भारत को जानने और भारत को समझने की उत्सुकता भी बढ़ रही है। इसलिए जल, थल व नभ से भारत आने और घूमने वाले लोगों को क्रूज यात्रा एक नया और अलहदा अनुभव देगी। जाहिर है कि केंद्र सरकार के इस कदम से न केवल उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड, बल्कि पश्चिम बंगाल और असम में छिपी जल पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को भी तलाशा और तराशा जा सकता है। हमलोग जानते हैं कि गंगा हमारे लिए सिर्फ एक जलधारा भर नहीं है, बल्कि यह प्राचीन काल से महान भारत भूमि की तप-तपस्या की साक्षी है। इसलिए यह क्रूज यात्रा एक साथ कई नये अनुभव लेकर आने वाली है। भारत आने वालों और रिवर क्रूज के शौकीन लोगों में से जो लोग अध्यात्म की खोज में हैं, उन्हें वाराणसी, बोधगया, विक्रमशिला, पटना साहिब की यात्रा करने का सौभाग्य मिलेगा। वहीं, जो लोग भारत की राष्ट्रीय विविधता को देखना चाहते हैं, उन्हें यह क्रूज सुंदरवन और असम के जंगलों की सैर करायेगा। वहीं, जो लोग बहुराष्ट्रीय क्रूज अनुभव लेना चाहते हैं, उन्हें ढाका से होकर गुजरने का अवसर मिलेगा। यहां पर यह कहना गलत नहीं होगा कि, जिस तरह से यह क्रूज 51 दिन में 3200 किलोमीटर की रोमांचक यात्रा पूरी कर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बंगलादेश से गुजरते हुए डिब्रूगढ़ पहुंचेगा, उससे निःसंदेह अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के सम्बन्ध मजबूत होंगे और इन क्षेत्रों में भी रोजगार की नई सम्भावनाएं पैदा होंगी। क्रूज के सैलानी देश-प्रदेश की संस्कृति व अध्यात्म से रूबरू होंगे। वहीं, राजमहल, हावड़ा आदि जगहों पर भी ऐसे टेंट सिटी कंसेप्ट विस्तार पा सकते हैं। इससे इन इलाकों में नौका, गोंडोला, हाउसबोट, शिकारा, पैडलबोट, जेट-स्की या यहां तक कि एक पुरानी नौका में जाने के अवसर से पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में चार चांद लग जायेंगे। चूंकि बनारस में गंगा पार बनाई गई टेंट सिटी काशी आने वाले श्रद्धालुओं को एक नया अनुभव देगी। क्योंकि इस टेंट सिटी में आधुनिकता भी है, अध्यात्म और आस्था भी है। राग से लेकर स्वाद तक बनारस का हर रस, हर रंग इस टेंट सिटी में देखने को मिलेगा। दरअसल, यह परियोजना शहर के घाटों के सामने विकसित की गई है। इसलिए इस बात के प्रबल आसार हैं कि अन्य महत्वपूर्ण गंगा घाटों पर भी ऐसी सिटी निकट भविष्य में आकार ग्रहण कर लेगी। इसलिए उम्मीद है कि क्रूज संचालन में विभिन्न राज्य सरकारें व बांग्लादेश की सरकार हरसंभव मदद करेंगी, ताकि सुरक्षित माहौल में जल पर्यटन की समस्त सम्भावनाओं का विकास हो सके। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गंगा विलास जल परिवहन के क्षेत्र में भी सम्भावनाओं के नये द्वार खोलेगा, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अपने इस ऐतिहासिक कदम से प्रधानमंत्री ने ट्रांसपोर्टेशन से ट्रांसफॉर्मेशन यानी परिवहन से परिवर्तन करने का अपना वायदा भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में मल्टी मॉडल टर्मिनल, यूपी-बिहार में फ्लोटिंग जेटी, असम में समुद्री वाहन कौशल केंद्र, जहाज मरम्मत केंद्र, टर्मिनल कनेक्टिविटी परियोजना का भी शिलान्यास व लोकार्पण किया है, उससे इस बात की उम्मीद जगी है कि क्रूज पर्यटन के अलावा सरकार यहां पर जल यातायात और माल परिवहन की सम्भवनाओं को भी विस्तार देने वाली है। यदि ऐसा हुआ तो लैंड लॉक स्टेट समझे जाने वाले यूपी-बिहार के कृषि उत्पादों को जल मार्ग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजना और सस्ता हो जायेगा। इसे कहते हैं- एक पंथ, दो काज। आप मानें या न मानें, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम यूपी-बिहार के लिए विशेष मायने इसलिए भी रखता है, क्योंकि बड़ी आबादी को कृषि और पशुपालन के अलावा पर्यटन के क्षेत्र में भी नया काम मिलेगा।

अमूमन, भारत की वैश्विक भूमिका जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे भारत को देखने, भारत को जानने और भारत को समझने की उत्सुकता भी बढ़ रही है। जल, थल व नभ से भारत आने और घूमने वाले लोगों को क्रूज यात्रा एक नया और अलहदा अनुभव देगी।

इन दिनों

बनारस टेंट सिटी के उद्घाटन से यह स्पष्ट हो गया कि निकट भविष्य में बक्सर, आरा, पटना, हथिदह-सिमरिया, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहेबगंज,

बोधि वृक्ष

आईए सुनें वीरभद्र की कहानी

(गतांक से आगे)

उनके आते ही ब्रह्माजी, सती और भगवान शिव को छोड़कर अन्य सभी देवताओं और राजाओं ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। जब महादेव, दक्ष के स्वागत में खड़े नहीं हुए तो प्रजापति दक्ष को लगा कि महादेव और सती ने उनका अपमान किया है। उसी समय दक्ष ने यह निश्चय कर लिया कि वह अपने इस अपमान का बदला लेकर रहेंगे। इस घटना के कुछ समय पश्चात प्रजापति दक्ष ने भी यज्ञ का आयोजन किया और उस यज्ञ में अपनी पुत्री और शिव के अलावा सभी को आमंत्रित किया। जब सती को इस यज्ञ की जानकारी मिली तब सती ने अपने पति भगवान शिव से कहा कि उन्हें भी उस यज्ञ में शामिल होना चाहिए। शिव ने सती की बात को यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि बिना निमंत्रण के किसी भी स्थान पर जाना सही नहीं है। सती ने शिव के सामने कई बार जिद की, कि वे अपने पिता की सबसे चहेती पुत्री हैं, उन्हें किसी निमंत्रण की आवश्यकता नहीं है। भगवान शिव तो यज्ञ में शामिल होने के लिए राजी नहीं हुए लेकिन सती के बार-बार आग्रह करने की वजह से उन्होंने नंदी के साथ सती को वहां भेज दिया। जब प्रजापति दक्ष ने अपनी पुत्री को देखा तो उन्होंने सती और उनके पति महादेव का अनादर करना शुरू कर दिया। सती से अपने पति का अनादर सहन नहीं हुआ और उन्होंने यज्ञ की अग्नि में कूदकर अपनी जान दे दी। जब इस घटना की जानकारी भगवान शिव को लगी तो वे अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

(क्रमशः)

हमारे बाजरे से रूबरू होंगे दुनिया भर के देश

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के देश हमारे बाजरे के स्वाद से रूबरू होंगे। आज मोटे अनाज को देश और विदेश दोनों जगह लोकप्रिय बनाना शुरू हो गया है। अब भारत के मोटे अनाज खासतौर से बाजरा को दुनिया के देशों में पहुंचाने की पहल आरंभ हुई है। सरकार ने विदेशों में मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाने और बाजरा आदि के निर्यात को बढ़ाने का पूरा रोडमैप तैयार कर क्रियान्वयन आरंभ कर दिया है। एपिडा सहित अन्य निर्यातक संस्थाओं द्वारा इसके लिए संयुक्त प्रयास किये जा रहे हैं तो विदेशों में रोड़ शो, फूड फेस्टिवल, कॉन्क्लेव आदि के आयोजन से मोटे अनाज से बने उत्पादों से विदेशियों को आकर्षित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास शुरू हो गये हैं। दिल्ली में सांसदों को लंच में मोटे अनाज से तैयार व्यंजन दिये जा चुके हैं। अन्य आयोजनों में भी मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों को भी प्रमुखता से स्थान दिया जा रहा है। बाजरा व अन्य मोटे अनाज और उनसे तैयार उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार तैयार करने की सकारात्मक शुरूआत हुई है जिसके परिणाम प्राप्त भी होने लगे हैं। यही कोई चार-पांच दशक पुरानी बात होगी। संदर्भ तो राजस्थान से ही ले रहा हूं पर कमोबेश यही स्थिति देश के अन्य प्रदेशों में भी रही होगी। जब घर पर कोई मेहमान आता था या तीज-त्योहार होता था तभी घर में मीठे के रूप में चावल और गेहूं की चपाती बना करती थी। अन्यथा दिन प्रतिदिन का खाना तो सर्दियों में बाजरा-मक्का की रोटी, बाजरा की राबड़ी या मक्के की दलिया या गर्मियों में जौ की दलिया और इसके साथ इसी तरह से मोटे अनाज की रोटी और हरी सब्जियां, कढ़ी जिसे गांव-देहात में खाटा कहकर पुकारा जाता था बड़े चाव से खाते थे। फिर एक दौर चला जब मोटे अनाज की जगह गेहूं ने ले ली और फिर आज तो लोग गेहूं-चावल को भी छोड़कर जंक फूड पर जोर देने लगे हैं जिसके दुष्परिणाम साफ दिखाई देने लगे हैं। दवाइयों के सहारे जीवन गुजरने लगा है तो इम्यूनिटी भी बुरी तरह से प्रभावित होने लगी है। खैर यह तो रही एक बात। अब यदि हम खेती किसानी की भी चर्चा करें तो देखेंगे कि मोटे अनाज की खेती कम लागत और कम पानी की खेती होती है। अब वह चाहे बाजरा हो, मक्का हो, रागी हो, ज्वार हो या और इसी तरह का मोटा अनाज। दूसरी बात यह कि इनमें रोग भी कम लगते हैं तो जहरीले कीटाणु नाशकों का उपयोग भी ना के बराबर ही होता है। इस सबके बावजूद एक बात और मोटे अनाज का रकबा धीरे धीरे घटने के बावजूद यदि बाजरे की ही बात करें तो सारी दुनिया में उत्पादित कुल बाजरे का 41 फीसद बाजरा हमारे देश में उत्पादित होता है। राजस्थान में तो बाजरा खरीफ की प्रमुख फसलों में से एक है। आज सभी राजनीतिक दल और किसान समर्थक संगठन किसानों की आय बढ़ाने की बात कर रहे हैं। तो यह भी साफ हो जाना चाहिए कि मोटे अनाज के निर्यात की मार्केटिंग सही तरीके से होती है और इसके उत्पादों को बाजार में आक्रामक रणनीति के साथ उतारा जाता है तो अंततोगत्वा इसका फायदा किसान को ही जाना है। यह अपने आप में कटु सत्य है। जंक फूड के जद में आए दुनिया के देशों को मोटे अनाज का महत्व समझाने की पहल तो भारत ने 2018 को कदन्न वर्ष मनाकर ही कर दी थी। उसी का परिणाम रहा कि मार्च, 2021 में भारत द्वारा मोटे अनाज के महत्व को एकबार फिर समझाने के लिए 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव रखा तो दुनिया के 72 देशों ने भारत के प्रस्ताव का समर्थन किया। अब योजनाबद्ध तरीके से विदेशों में भारत के मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। दिसंबर में रोम में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष का आगाज हो चुका है। विदेशी धरती पर बायर सेलर मीट जैसे आयोजन आरंभ कर दिए गए हैं। उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संवाद कायम करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू हो गया है। दरअसल अब लोगों को समझ आने लगा है कि कुपोषण के खिलाफ मोटा अनाज हथियार के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है तो दूसरी और हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियों में भी मोटा अनाज कारगर सिद्ध हो सकता है। अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष का फायदा उठाने के लिए नई रणनीति के अनुसार आगे बढ़ना होगा। हालांकि सरकार ने दक्षिण अफ्रीका, दुबई, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, जर्मनी, अमेरिका, इंग्लैण्ड सहित विदेशों में रोड शो, प्रदर्शनी, फूड फेस्टिवल आदि आयोजित करने का रोडमेप तैयार किया गया है। निश्चित रूप से इसके परिणाम सकारात्मक ही प्राप्त होंगे।

दिल्ली में सांसदों को लंच में मोटे अनाज से तैयार व्यंजन दिये जा चुके हैं। बाजरा व अन्य मोटे अनाज और उनसे तैयार उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार तैयार करने की सकारात्मक शुरूआत हुई।

खाद्यान्न

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Babita Phogat
@BabitaPhogat

मैं अपने खिलाड़ियों की इस लड़ाई में उनके साथ हूँ।

मुझे सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाले देश के खिलाड़ियों के साथ न्याय करेगी॥

फेसबुक वॉल से

रात के एक बजे रायपुर दरबार...लोगो की समस्या सुनते पूज्य गुरुदेव...उनके मन के सवाल का जवाब देते पूज्य गुरुदेव...

4.7k 632 comments

Like Comment Share

राजस्थान में कांग्रेस को मिटाना होगा आपसी झगड़ा

राजस्थान में दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह चुनावी मूड मे लग रही है। प्रदेश में 18 दिन तक चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस संगठन सक्रिय हो गया है। कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पद संभालते ही लम्बे समय से रिक्त पड़े संगठन के पदों पर नियुक्तियां करवानी प्रारंभ करवा दी है। इससे संगठन में हलचल होने लगी है और सुस्त पड़े कार्यकर्ता भी अब तरोताजा लग रहे हैं। प्रदेश प्रभारी रंधावा ने जहां प्रदेश कांग्रेस के रिक्त पड़े सभी 400 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में से अधिकांश ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन करवा दिया है। वहीं पहली बार मंडल इकाई का भी गठन करवाया जा रहा है। यह कांग्रेस में एक नई शुरूआत है। इससे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को संगठन में पदाधिकारी बनाया जा सकेगा, जिससे कार्यकर्ता पार्टी उम्मीदवार के साथ जुट कर चुनाव में काम करेगें। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने के बाद 27 जनवरी से प्रदेश कांग्रेस कमेटी नया कार्यक्रम हाथ जोड़ो अभियान चलायेगी। 18 दिसंबर को अलवर के मालाखेड़ा में भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा था कि मुझे भाजपा वाले बुरे नहीं लगते हैं। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो? मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइये आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, अंबेडकर साहब ने भी मोहब्बत की दुकान खोली थी। राहुल गांधी के भाषण की इन लाइनों को अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी घर-घर पहुंचाने का काम करेगी। इसके लिए पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। इसी अभियान के तहत राहुल गांधी के पत्र हर घर तक पहुंचाए जायेंगे। राहुल का व्यक्तिगत पत्र प्रदेश के हर घर में पहुंचाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों को टास्क दे दिया गया है। अगले दो महीने में प्रदेश के हर कोने तक राहुल गांधी के इस संदेश को लोगों को तक पहुंचाया जायेगा। इस अभियान की निगरानी के लिए प्रदेश में वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों बनाया गया है। बताया जा रहा है कि ये पत्र घर जाकर दिया जायेगा ताकि जनता से सीधा संवाद भी हो और उनकी परेशानी व मुद्दों को सुना जाए। इस कार्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली यात्रा दो महीने तक गांवों में रहेगी। एक महीने में सभी पॉलिंग बूथ कवर किये जायेंगे। हर गांव में मीटिंग होगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर संदेश लेकर जायेंगे। पत्र में राहुल गांधी के संदेश के साथ केंद्र सरकार की नाकामियां भी बताई जायेंगी। गांवों में यात्रा का वीडियो भी दिखाया जायेगा। हर गांव के ग्रुप भी बनेंगे। गांवो में युवक कांग्रेस व एनएसयूआई बाइक रैली निकालेगी। जिला स्तर पर कार्यकर्ता मेला लगेंगे। इसमें प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। प्रदेश स्तर पर महासंगम होगा। कांग्रेस महारैली का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य बड़े नेता आयेंगे। राजस्थान का बजट भी इस बार अलग हट कर होगा। माना जाता है कि राजस्थान का बजट पूरे देश को रास्ता दिखाता है। राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिए फिर से पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद कांग्रेस शासित व अन्य कई राज्यों ने भी इस योजना को लागू करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा आने वाले बजट में प्रदेश को बहुत कुछ खास मिलने वाला है। कांग्रेस का बजट आम आदमी का बजट होता है। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की जा चुकी है। चुनावी वर्ष में प्रशासन को भी और अधिक सक्रिय किया जा रहा हैं। सियासी तापमान नापने के लिए सभी जिला कलेक्टर और मंत्री भी जल्द ही गांव-कस्बों में महीने में दो बार जन सुनवाई कर रात्रि चौपाल लगायेंगे। चुनावी वर्ष में गुड गवर्नेंस को प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऐसा होने जा रहा है। जिलों में जहां भी संभव होगा मंत्रियों-कलेक्टरों की मीटिंग्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर स्थित सचिवालय से भी जोड़ा जायेगा, जिससे समस्याओं को हाथों-हाथ ही निपटाया जा सके। इस विषय में जयपुर के ओटीएस में चिंतन शिविर का आयोजन होगा। शिविर की मुख्य थीम ही गुड गवर्नेंस है।

रमेश सर्राफ धमोरा

प्रदेश प्रभारी रंधावा ने जहां प्रदेश कांग्रेस के रिक्त पड़े सभी 400 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में से अधिकांश ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन करवा दिया है। वहीं पहली बार मंडल इकाई का भी गठन करवाया जा रहा है।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

मंडल की हिरासत अवधि दो हफ्ते बढ़ी

आसनसोल। पश्चिम बंगाल में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अनुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। अदालत के सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी है। मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी।

केंद्रापडा में बस पलटी 15 मजदूर घायल

भुवनेश्वर। केन्द्रापडा जिले के राजकनिका व आली इलाके में गुरुवार सुबह सीएनजी गैस पाइपलाइन के कार्य में लगे मजदूरों को लेकर जा रही बस संतुलन खोकर पलट गई। घटना कटक- चांदबाली राज्य राजमार्ग के राजकनिका गंजाघाट के निकट हुई। घटना में 15 मजदूर घायल हो गये हैं, जबकि तीन मजदूरों की हालत गंभीर है। इन तीनों मजदूरों को कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य 12 मजदूरों का इलाज स्थानीय राजकनिका अस्पताल में चल रहा है।

सेंगर को अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप से जुड़े एक दूसरे मामले के दोषी और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बेटी की शादी में शामिल होने के लिए 15 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने सेंगर को 27 जनवरी से 10 फरवरी तक की अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने रेप पीड़ित युवती के पिता की हत्या के मामले में अंतरिम जमानत दी है।

पश्चिम चंपारण में दो पक्ष भिड़े, दर्जनों जख़्मी

बेतिया। जिला स्थित श्रीनगर थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत के कोहड़ा फुलवरिया गांव में गुरुवार की सुबह रास्ता को लेकर दो पक्षों में पहले वाद विवाद हुआ फिर दोनों तरफ से लाठी-डंडों का प्रहार होने लगा फिर दोनों तरफ से जमकर रोड़ेबाजी होने लगी उस दौरान गांव में अफरा तफरी का माहौल रहा। सभी घायलों का इलाज जिला के योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे चल रहा है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना देने के दो घंटे बाद पहुंची श्रीनगर पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया है। घटनास्थल पर पुलिस कैंप कर रही है। हालांकि अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के तरफ से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर इलाज करा रही।

करंट लगने से एक जवान की मौत, चार घायल

सिलीगुड़ी। न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) स्टेशन पर गुरुवार को करंट लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि चार जवान घायल हो गए। मृत जवान का नाम मनीष मेहता है। घायल जवानों को एनजेपी रेलवे अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद बैंगडूबी आर्मी अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद रेलवे के कटिहार डिवीजन के एडीआरएम संजय चिलवारवार भी मौके पर पहुंचे। इससे सेना के पांच जवान घायल हो गए। आनन-फानन में सभी जवानों को एनजेपी रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां एक जवान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सेना के जवान बिन्नागुड़ी से राजस्थान की ओर जा रहे थे।

सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

रायगढ़। वेदांता कोल साइडिंग कुनकुनी के पास बुधवार शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार चार लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को चक्काजाम कर दिया। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री उमेश पटेल अपने दौरा कार्यक्रम से वापस नंदेली लौट रहे थे तभी उन्हें हादसे की खबर मिली तो वे तत्काल घटनास्थल पहुंचे और रक्त रंजित हालत में चारों युवकों को चपले अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बताए अनुसार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

विपक्ष के लोग एकजुट हों, मेरी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं : नीतीश

एजेंसी। पटना

तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव द्वारा बुधवार को खम्मम में आयोजित एक रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नहीं बुलाए जाने पर अब सवाल उठने लगे हैं। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रैली में बुलाए जाने पर कहा कि यह उनकी बैठक थी। नीतीश कुमार ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि कोई अपनी पार्टी की बैठक करता है और अगर लोगों को बुलाता है तो

इसमें कौन-सी नई बात है। उन्होंने कहा कि मेरी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं है, बस यही चाहत है कि विपक्ष के लोग एकजुट हों और देशहित में आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि वे लोग यहां भी आए हुए थे। सब से बातचीत हो ही रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी हमलोग अपने काम में लगे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी विपक्षी दलों को एकजुट करने पर अभियान चलाने की बात करते रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख चंद्रशेखर राव द्वारा बुधवार को खम्मम में आयोजित रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ वाम दल के नेता डी राजा पहुंचे थे। इसे विपक्ष की एकजुटता से जोड़कर देखा जा रहा है।

विपक्ष को बनाया जा रहा निशाना : शिवपाल

एजेंसी। बलिया

सपा विधायक शिवपाल यादव ने भाजपा पर जमकर हमले किए। यहां बुधवार की देर शाम पहुंचे शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। चुन-चुन कर विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। यहां एक प्रेसवार्ता में शिवपाल यादव ने कहा कि तीन बार नेता जी मुख्यमंत्री रहे और एक बार अखिलेश यादव सीएम थे। हमने हमेशा विपक्ष का सम्मान किया लेकिन भाजपा सरकार चुन-चुन कर विपक्ष के लोगों का उत्पीड़न कर रही है। विपक्षी लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाना, नोटिस भेजना और परेशान करने का काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने अभी तक कहीं पर भी विकास का कार्य नहीं किया है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जिन अधिकारियों को विकास का काम करना चाहिए वे चुन चुन कर विपक्ष के लोगों पर मुकदमा करा रहे हैं। यदि कोई अपराधी है तो उसे जेल भेजो, लेकिन उसके परिवार का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। देश और प्रदेश की जनता दुखी है। जनता में निराशा है। भाजपा वाले केवल झूठ बोलना जानते हैं और भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकार पर नौकरशाही हावी है। अब प्रदेश में कहीं पर भी उत्पीड़न होगा तो हम समाजवादी पार्टी के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। चाहे हमलोगों को जेल भरो आंदोलन करना पड़े, प्रदर्शन करना पड़े या धरना ही क्यों न देना पड़े। सभी समाजवादी लोगों को इकठ्ठा करेंगे।

अखिलेश मेरे नेता, उनके ही नेतृत्व में करेंगे काम

लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों की एकता के सम्बंध में सवालों के जवाब में शिवपाल यादव ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम सबको इकट्ठा करेंगे। सपा 2024 की तैयारी में जुटी है। हम उत्तर प्रदेश से भाजपा को बाहर करेंगे। समाजवादी पार्टी भाजपा को हराने में अकेले सक्षम है। अखिलेश को अपना नेता बताते हुए कहा कि वे मेरे भतीजे हैं उनके ही नेतृत्व में हम काम करेंगे। कहा कि मैं समाजवादी पार्टी को मजबूत करने में जुटा हूं। जो पक्के समाजवादी हैं वे ईडी और सीबीआई से नहीं डरते। भाजपा का बिना नाम लिए कहा कि हमलोग राम और कृष्ण को मनाने वाले लोग हैं। लंका जरूर लगेगी।

राष्ट्रीय जनता दल भी नागालैंड में लड़ेगा चुनाव

नवीन मेल नेटवर्क। पटना

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जनता दल (यूनाइटेड) तो ऐसे पहले भी नागालैंड विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेते रही है, लेकिन अब उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की महत्वकांक्षा भी राष्ट्रीय पार्टी बनने की हो गई है। यही कारण माना जा रहा है कि राजद ने भी नागालैंड विधानसभा चुनाव में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। जदयू 2014 में नागालैंड विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जिसमे से एक सीट पर जीत हासिल की थी। उस चुनाव में पांच ऐसी सीट थी जिसपर जदयू के प्रत्याशी का प्रदर्शन अच्छा था। ऐसे में जदयू ने नागालैंड चुनाव में फिर से हाथ आजमाने की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे भी जदयू राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता हासिल करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। जदयू के एक नेता कहते हैं कि नागालैंड में जदयू पूरी मजबूती से चुनाव लडेगी। पहले भी जदयू वहां चुनाव लड़ चुकी है।

फतेहपुर में ठंड लगने से दो किसानों की मौत

फतेहपुर। जिले में गुरुवार की बीती रात गेहूँ की फसल में पानी सींचने गये दो अधेड़ किसानों की ठंड लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है। धाता थाना क्षेत्र के देवराज गांव निवासी गुमान सिंह (55) पुत्र रामराज की आज रात में गेहूं के खेत में पानी लगाकर घर वापस लौटते समय ठंड लग जाने से उपचार दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कल रात में अपने गेहूं के खेत में पानी लगाने गये हुए थे और सुबह भोर पहर खेत में पानी लगाकर वापस घर आये तो तेज ठंड के कारण हालत बिगड़ी।

बिहार की 40 में 36 लोस सीट जीतने का भाजपा का लक्ष्य

नवीन मेल नेटवर्क। पटना

भाजपा अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इशारा मिलते ही भाजपा ने बिहार में 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ जाने के बाद से भाजपा का ज्यादा फोकस बिहार पर है। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 में से 36 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसकी रणनीति पर मंथन करने के लिए भाजपा ने 28 और 29 जनवरी को दरभंगा में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दरभंगा में दो दिनों तक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाए जाने को लेकर बिहार प्रदेश अध्यक्ष ने खुशी जाहिर की। डा.

जायसवाल ने नड्डा के कार्यकाल में भाजपा को और ज्यादा बुलंदियों पर पहुंचने का भरोसा जताया। पटना में विभिन्न मुद्दों पर धरना दे रहे भाजपा सांसद अश्विनी चौबे के समर्थन में संजय जायसवाल भी धरना में शामिल हुए। उन्होंने नीतीश सरकार को हर मोर्चे पर फेल बताया। डा. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी-20 सम्मेलन के लिए पटना को भी चुना गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जब पूरे देश और दुनिया में बिहार की चर्चा होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार अप्रासंगिक हो गये हैं। अब उनको कोई नही पूछता है। वह इसलिए यात्रा कर रहे हैं कि बिहार के लोग उनसे कोई प्रश्न ना पूछे और अब उनको कोई पूछने वाला नहीं है। समाधान यात्रा को महज दिखावा करार देते हुए उन्होंने कहा कि इस यात्रा से बिहार का कोई भला नहीं हो रहा है। यह सिर्फ नीतीश कुमार का जनता के सवालों से बचने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले के कारण ट्रेन को रोक देने की जो खबरें हैं ,यह बहुत दुखद स्थिति है। इसके लिए जो भी दोषी हो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। डा. जायसवाल ने कहा कि नीतीश की यात्राओ से बिहार का कोई भला नहीं होगा, ना ही जदयू के प्रति जनता में विश्वास है। आगामी चुनाव भाजपा खुद अपने बलबूते पर लड़ेगी और बिहार में लोकसभा की 36 सीट जीतेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि एक बार फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे।

हापुड़ में तालाब में गिरी कार, चार लोगों की मौत

मेरठ। हापुड़ जनपद में बुधवार देर रात एक कार तालाब में गिर गई। कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। हापुड़ जनपद के कपूरपुर थाना क्षेत्र के कमरूद्दीन नगर गांव में बुधवार देर रात एक कार बेकाबू होकर तालाब में गिर गई। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने गोताखारों की मदद से चारों शव और कार को बाहर निकलवाया। मृतकों की पहचान समाना गांव निवासी राहुल, हारुन, शौकीन और अरुण के रूप में हुई। चारों लोग गाजियाबाद के वेदांता फार्म हाउस में पार्किंग की ठेकेदार का काम करते थे और काम खत्म करके होंडा सिटी कार से अपने घर लौट रहे थे। डीएम मेधा रूपम और एसपी दीपक भूकर तत्काल मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

अपमान : सांकेतिक मौन उपवास पर चौबे

नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे बिहार सरकार की दमनकारी नीतियों एवं रामचरितमानस के अपमान को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक मौन उपवास पर हैं। वे नीतीश कुमार के समाधान यात्रा के विरोध में पटना से सांकेतिक मौन उपवास शुरू कर रहे हैं। इस मौके पर चौसा कांड के किसान भी अश्विनी चौबे के समर्थन में आयोजित सांकेतिक मौन उपवास में शामिल हो रहे हैं। इस बाबत केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लटकाया जा रहा है। जहां-जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा पर गए हैं, वहां-वहां वे एक दिवसीय मौन उपवास रखेंगे। 24 जनवरी को दरभंगा और 30 जनवरी को भितिहरवा बेतिया में मौन उपवास करेंगे।

डीआरएम की बेटी के चोरी गए जूते को तलाश रही है जीआरपी

एजेंसी। मुरादाबाद

आपको आजम खान याद हैं या भूल गए। एक बैर उनकी भैंस चोरी हो गई थी। तब अखिलेश चीफ मिनिस्टर थे। उस दौर में यूपी पुलिस को भैंस खोजने के काम में लगा दिया गया था। अब एक नया मामला आया है जो किसी नेता से नहीं बिल्क रेलवे के एक अफसर की बेटी से जुड़ा है। सूत्रों के अनुसार, पूर्वी रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम की बेटी के जूते पांच दिन पहले मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चोरी हो गए। इसकी रिपोर्ट ओडिशा में दर्ज की गई। ओडिशा और मुरादाबाद रेल मंडल की राजकीय रेल पुलिस मिलकर डीआरएम की बेटी के जूते तलाशने में जुटी है। जूते हैं कि अब तक मिले ही नहीं।

रेलवे के एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि मुरादाबाद जीआरपी को ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं दी गई। शायद जूते चोरी होने की घटना बरेली जंक्शन की है और घटना के बारे में ओडिशा में सूचना दी गई। अगर मुकदमा ट्रांसफर होकर आएगा तभी इसके बारे में कुछ पता चलेगा। उनका कहना था कि फिलहाल इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी मुरादाबाद जीआरपी के पास नहीं है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में उड़ीसा रेलवे पुलिस और जीआरपी की बरेली यूनिट मिलकर काम कर रहे हैं। डीआरएम की बेटी के जूते खोजने के लिए दोनों स्टेट की रेलवे पुलिस मिलकर तलाश कर रही है।

इस मामले में रेलवे बोर्ड ने डीआरएम से कड़ी नाराजगी जाहिर की है। बेटी का जूता खोजवाने के लिए अपने पद का इस्तेमाल कर रेलवे पुलिस का दुरुपयोग करने पर रेलवे बोर्ड डीआरएम से बेहद खफा है।

तेंदुए की खाल बरामद, 3 गिरफ्तार

भुवनेश्वर। मालकानगिरि जिले के मोटू पुलिस सीमा के तहत पोटेरू नहर क्षेत्र के पास छापेमारी कर वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए की खाल जब्त की है। इस मामले में तीन लोगों मुकेश माडकामी, पैंटा माडकामी व दुला माडकामी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारियों को मान्यमकोंडा पंचायत के पोटेरु कनाल के निकट तेंदुए की खाल बेचे जाने की गोपनीय सूचना मिली। वन विभाग के अधिकारी टीम ने वहां छापा मारा और वहां से खाल व एक बाइक बरामद की। इस खाल की लंबाई 1.13 मीटर है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

टीम योगी गुजरात में, निवेश के लिए दिया आमंत्रण

टीम अहमदाबाद ने गुरुवार को पहुंचकर टोरेंट फॉर्मा के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर प्लांट का किया दौरा

शुक्रवार सुबह से शुरू हो जाएगा बीटूजी मीटिंग्स का दौर, शाम को होगा रोड शो

नवीन मेल नेटवर्क। अहमदाबाद

उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने और जीआईएस-23 में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए सीएम योगी की टीम (मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का समूह) तीन दिवसीय अहमदाबाद के दौरे पर गुरुवार सुबह पहुंच गई, जहां बिजनेस टू गवर्नमेंट (बीटूजी) मीटिंग्स और रोड शो में भाग लेगी।

योगी की टीम अहमदाबाद ने गुरुवार को द क्राउन प्लाजा होटल में टोरेंट फॉर्मा प्लांट फैसेलिटी के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तम से सर्वोत्तम बन रहे प्रदेश की खूबियों और योगी सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने प्लांट का विजिट किया। वहीं स्पोर्टस एंड यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट के एसीएस नवनीत सहगल ने ट्रांसस्टेडिया समूह और अमूल समूह के सीईओ जयन मेहता से मुलाकात की।

टीम अहमदाबाद उद्योगपतियों को निवेश के लिए करेगी प्रोत्साहित

सीएम योगी की टीम अहमदाबाद में कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, जितिन प्रसाद और राज्य मंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर शामिल हैं। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों में एमएसएमई और टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के एसीएस अमित मोहन प्रसाद, स्पोर्टस एंड यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट के एसीएस नवनीत सहगल, सीएम योगी के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, ज्ञानेंद्र नाथ सिंह, यीडा के एडिशनल सीईओ रविंद्र कुमार और यूपीनेडा के डायरेक्टर अनुपम शुक्ला शामिल हैं, जो गुजरात के उद्यमियों को नए भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहे उत्तर प्रदेश की खूबियों के बारे में बताएंगे। टीम अहमदाबाद तीन दर्जन से अधिक दिग्गज उद्योगपतियों से वन टू वन मुलाकात करेगी जबकि रोड शो में कई दिग्गज उद्योगपति शामिल होंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट (बीटूजी) के आधार पर होगी, जो शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगी। बीटूजी और रोड शो में सीएम योगी की टीम अहमदाबाद उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी देगी और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।

माघ माह **मौनी अमावस्या 21 को, स्नान पर्व पर इस बार विशिष्ट योग में डुबकी लगायेंगे श्रद्धालु**

स्नान, दान व अर्घ्य से मिलेगा मनोवांछित फल

एजेंसी। वाराणसी

मौनी अमावस्या इस बार 21 जनवरी शनिवार को है। स्नान पर्व पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। घाटों पर पंडा समाज और पुजारी भी स्नान पर्व को लेकर उत्साहित है। खास बात यह है कि मौनी

शनि हर ढाई साल में राशि परिवर्तन करते है

इस ढाई वर्ष की अवधि में शनि कभी मार्गी तो कभी वक्री अवस्था में चलते है

हर साल माघ मास के कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि को मौनी अमावस्या मनाई जाती है

अमावस्या पर 30 साल बाद खास दुर्लभ संयोग बन रहा है। स्नान पर्व पर खप्पर योग बन रहा है। जिसमें धार्मिक कार्य और शनि से जुड़े कुछ उपाय को करने से श्रद्धालुओं को लाभ मिलता है। शनि हर ढाई साल में राशि परिवर्तन करते है। इस ढाई वर्ष की अवधि में शनि कभी मार्गी तो कभी वक्री अवस्था में चलते है। इस बार शनि ने मौनी अमावस्या से ठीक चार दिन पहले 17 जनवरी को राशि परिवर्तन किया है।

शिव आराधना समिति के डॉ मृदुल मिश्र बताते है कि इस वक्त शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान हैं। इसी वजह से मौनी अमावस्या एक अद्भुत और दुर्लभ संयोग में पड़ रही है। इस वक्त मकर राशि में सूर्य और शुक्र की युति है। साथ ही त्रिकोण की स्थिति में खप्पर योग का निर्माण कर रही है। जब भी इस प्रकार की युति बनती है तो अलग-अलग तरह के योग-संयोग बनते हैं। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन भगवान विष्णु और प्रत्यक्ष देवता सूर्य देवता की पूजा का विधान है। हर साल माघ मास के कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि को मौनी अमावस्या मनाई जाती है। मौनी अमावस्या को स्नान और दान का विशेष महत्व है। स्नान पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त में उठकर घर की साफ-सफाई करने के बाद गंगा या पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। किसी कारण से ऐसा न हो पाने पर घर के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। स्नान करते समय 'गंगा च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन संनिधिम कुरु' मंत्र पढ़ते हुए चराचर जगत के पालनहार श्रीहरि भगवान विष्णु का ध्यान करें और मौन व्रत का संकल्प लें। इसके बाद साफ वस्त्र पहनें और भगवान सूर्य को अर्घ्य देना दे। इसके बाद जरूरतमंदों को तेल, गुड़, वस्त्र, कंबल इत्यादि का दान अवश्य करें। साथ ही सामर्थ्य अनुसार भोजन का भी दान करें।

विश्वनाथ धाम: 15 दिनों में 26 लाख भक्तों ने किए दर्शन

एजेंसी। वाराणसी

काशी कॉरिडोर बनते ही विश्वधाम दरबार में भक्तों की संख्या बढ़ गई है। नये साल के पहले ही पखवारे में लगभग 26 लाख लोगों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दिव्य और भव्य काशी विश्वनाथ धाम में सुविधाओं में इजाफा होने से यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी थी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि साल के पहले ही दिन 5,32,551 दर्शनार्थियों ने दर्शन किया है। जनवरी के पहले 15 दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या करीब 23,73,392 थी। जबकि, 17 तारीख तक ये संख्या 26,08,099 हो गयी है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी की 5 लाख से अधिक की संख्या को छोड़ दिया जाए तो बाकी दिनों में एक लाख से ज्यादा भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी है। जीर्णोद्धार के पहले विश्वनाथ धाम में 30 से 40 लाख दर्शनार्थी साल भर में आते थे। श्री काशी विश्वनाथ धाम में सुविधाओं के विस्तार के साथ आने वाले समय में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

NEWS इन ब्रीफ

जेनसन ब्रुक्सबी की सनसनीखेज जीत

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन में पदार्पण कर रहे जेनसन ब्रुक्सबी ने गुरुवार को बड़ा अपसेट करते हुए दूसरी सीड कैस्पर रुड को दूसरे दौर में हरा दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार दूसरे दिन एक गैर वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने पुरुष एकल ड्रा में शीर्ष वरीय खिलाड़ी को लुढ़काया है। मैकेंजी मैकडोनाल्ड के बुधवार को राफेल नडाल को हराने के अगले दिन ब्रुक्सबी ने रुड को 6-3, 7-5, 6-7(4), 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

सबालेंका ने तीसरे दौर में प्रवेश किया

मेलबर्न। दुनिया की नंबर 5 आर्यना सबालेंका की साल में जीत की शुरुआत गुरुवार को भी जारी रही। उन्होंने फ्लोटर शेल्बी रोजर्स को हराकर 2023 आस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका ने रोजर्स पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज कर मेलबर्न में रॉड लेवर एरिना में तीसरे सीधे वर्ष के लिए तीसरे दौर में प्रवेश किया।

नडाल 6-8 हफ्तों तक खेल से रहेंगे बाहर

मेलबर्न। वर्ल्ड नंबर 2 राफेल नडाल के आस्ट्रेलियन ओपन में अपनी दूसरी हार के दौरान चोट के बाद छह से आठ सप्ताह तक कोर्ट से बाहर रहने की उम्मीद है। बुधवार के मैच में मैकेंजी मैकडोनाल्ड के खिलाफ दूसरे सेट में 3-4 से, स्पैनियार्ड को फोरहैंड का पीछा करते हुए चोट का एहसास हुआ। नडाल ने ट्वीट किया : मैंने हार के बाद चिकित्सा परीक्षण किया। एमआरआई में पुष्टि हुई है। अब यह खेल फिट रहने का है। इसलिए मुझे वापसी करने में 6 से 8 सप्ताह तक का समय लगेगा।

सातवें स्थान पर शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने ब्रेसवेल

हैदराबाद। भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले एकदिवसीय मैच में 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलनेवाले माइकल ब्रेसवेल ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। ब्रेसवेल ने केवल 57 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और सातवें स्थान पर 100 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने एकदिनी क्रिकेट में सातवें या उससे नीचे के स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए 100 से अधिक रन बनाए थे।

मार्को ने सर्वश्रेष्ठ पारी खेली : प्रज्ञान ओझा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका में चल रहे एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की क्योंकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आलराउंडर मार्को जानसेन ने टेबल-टॉपर्स एमआई केप टाउन पर दो विकेट की रोमांचक जीत में शानदार बल्लेबाजी की। 172 रनों का पीछा करते हुए, जानसेन तब आए जब उनकी टीम को आठ ओवर से कम समय में 81 रन चाहिए थे।

एफआईएच हॉकी विश्व कप -2023

ट्रॉफी जीतने की उम्मीद : श्रीजेश

एजेंसी। भुवनेश्वर

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने अपने 17 साल लंबे चमकदार करियर में लगभग हर उपलब्धि हासिल कर ली है, बस इसमें विश्व कप पदक की कमी है और वह इस बार यहां घरेलू सरजमीं पर चल रहे इस टूर्नामेंट में अपने इस सपने को पूरा करना चाहते हैं। श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में भारत के ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत में बड़ी भूमिका अदा की थी। टीम भुवनेश्वर और राउरकेला में चल रहे विश्व कप में 48 साल बाद पोडियम स्थान हासिल करने की उम्मीद लगाए है। भारत ने अपना एकमात्र विश्व कप पदक (स्वर्ण पदक) कुआलांलपुर में 1975 चरण में के रूप में जीता था।

श्रीजेश ने कहा : यह (विश्व कप पदक) ही एकमात्र पदक है जो मेरी कैबिनेट में नहीं है। भारतीय टीम पोडियम स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और यह पदक जीतना मेरा सपना है। उन्होंने कहा : अगर हम ऐसा करते हैं तो मैं भी कह सकता हूं कि मेरे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक हैं। श्रीजेश 2006 में पदार्पण के बाद से 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और वह सभी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पदक जीत चुके हैं। वह 2014 और 2018 में एशियाई खेलें में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। राष्ट्रमंडल खेलों (2014 और 2022) में रजत पदक जीतनेवाली टीम में भी वह शामिल थे। 2016 और 2018 में चैम्पियंस ट्राफी में रजत पदक जीतने के अलावा वह 2011, 2016 और 2018 में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वह तीन बार के ओलंपियन हैं और अब यहां अपना चौथा विश्व कप खेल रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक पदक जीतनेवाली टीम के कुछ सदस्य जैसे बीरेंद्र लाकड़ा और रूपिंदर पाल सिंह तब से संन्यास ले चुके हैं। उनके बारे में बात करते हुए श्रीजेश ने कहा : हर ओलंपिक चक्र में कोच काफी खिलाड़ियों को बदलने की कोशिश करते हैं, क्योंकि वे (कोच) अगले चार साल की योजना बनाने लगते हैं। यह हमारे लिये ज्यादा महत्वपूर्ण होता है इसलिये हमारी टीम में भी काफी बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा : काफी सारे युवा खिलाड़ियों ने सीनियर खिलाड़ियों की जगह ली है। ताकि उन्हें काफी अनुभव मिले और वे देश के लिये ओलंपिक चक्र के अंत में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिये तैयार रहें।



तेज रफ्तार वाली गेंद से डर नहीं : रोहिदास

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) सुरक्षा मुद्दों के मद्देनजर पेनल्टी कॉर्नर ड्रैग-फ्लिक में नियमों में बदलाव पर विचार कर सकता है, लेकिन भारतीय खिलाड़ी इस दौरान भारतीय टीम में ज्यादातर मौके पर सबसे पहले दौड़ शुरू करने वाले अमित रोहिदास इससे जुड़े जोखिम को लेकर चिंतित नहीं हैं। 29 साल के डिफेंडर ने कहा : मैं भारतीय टीम में सबसे पहले दौड़ने वालों में से एक रहा हूं। टीम जो भी और जब भी चाहे, मैं पहला तेज रनर हो सकता हूं। मुझे कोई समस्या नहीं है। राउरकेला के नये बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुरूआती मैच में स्पेन द्वारा लिए गए तीन पेनल्टी कार्नर में रोहिदास पहले भारतीय खिलाड़ियों में दौड़ शुरू करने वाले पहले खिलाड़ी रहे थे। भारत ने पेनल्टी कॉर्नर से कोई गोल नहीं खाया और 2-0 से मैच जीत लिया। रोहिदास ने इस मैच में एक गोल भी किया था।

बजरंग पुनिया समेत कई भारतीय पहलवानों ने मंदिर में गुजारी रात

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने बुधवार रात पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित एक मंदिर में बिताई। सूत्रों ने बताया कि सभी पहलवान देर रात तक जागते रहे। वे आंदोलन की आगे की योजना पर चर्चा कर रहे थे। वे सोशल मीडिया पर संदेश साझा कर रहे थे और अधिक से अधिक पहलवानों और भारत के लोगों से गुरुवार को जंतर-मंतर पर शामिल होने का अनुरोध कर रहे हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उनसे मंदिर में मुलाकात की। गुरुवार की सुबह उन्होंने प्रसाद खाया और अपना विरोध जारी रखने के लिए जंतर-मंतर के लिए रवाना हो गए। विनेश ने कहा कि उन्हें बृजभूषण शरण सिंह द्वारा मानसिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा, जिसके बाद हमने आत्महत्या के बारे में भी सोचा था। इससे पहले खेल मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से अगले 72 घंटों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा, जब विनेश फोगाट ने खेल निकाय के कोचों और अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए।

पहलवान देश की शान, उचित कार्रवाई हो : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एथलीट विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों के आरोप को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जायज ठहराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी पहलवानों की मांग को लेकर कहा कि हमारे खिलाड़ी देश की शान हैं। विश्व स्तर पर अपने प्रदर्शन से वे देश का मान बढ़ाते हैं। कुश्ती फेडरेशन व उसके अध्यक्ष पर खिलाड़ियों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन खिलाड़ियों की आवाज सुनी जानी चाहिए। इनके आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। पहलवान बबीता फोगाट ने ट्वीट कर कहा, कुश्ती के इस मामले में मैं अपने सभी साथी खिलाड़ियो के साथ खड़ी हूं।

धरने पर बैठी कुश्ती खिलाड़ियों से मिलीं स्वाती मालीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल जंतर मंतर पर धरने पर बैठी कुश्ती खिलाड़ियों से मिलने पहुंची। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। स्वाति मालीवाल ने इतनी भीषण सर्दी में कुश्ती खिलाड़ियों के धरने पर बैठने पर गहरा दुख भी व्यक्त किया। इस दौरान स्वाति मालीवाल ने कहा भारत को ऊंचाइयों पर ले जाने वाली महिलाओं को न्याय मांगने के लिए जंतर-मंतर पर इकट्ठा होना शर्मनाक है। मालीवाल ने कहा कि हमने केंद्रीय खेल मंत्रालय और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। इस पूरे मामले में तत्काल प्रभाव से न्याय मिलना चाहिए।

हाशिम अमला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी। लंदन

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। 39 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने सरे कंट्री क्लब को सूचित किया है कि वह 2023 काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगे। अमला ने काउंटी क्लब के साथ अपने अनुबंध के आखिरी सत्र 2022 में सरे को चैंपियनशिप जीतने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने दो दशक लंबे करियर में, अमला ने सभी प्रारूपों में 34,104 रन बनाए हैं। 124 टेस्ट में 9,282 रन, जो अपने देश के लिए जैक्स कैलिस के बाद दूसरे सबसे बड़े खिलाड़ी हैं। उन्होंने टेस्ट में 28 शतक लगाए हैं। इसमें 2012 में द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 311 रन की पारी भी शामिल है, जो टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका का पहला तिहरा शतक भी था। अमला सफेद गेंद के क्रिकेट में भी काफी सफल रहे, उन्होंने 181 एकदिवसीय मैचों में 27 शतकों सहित 8113 रन बनाए।

भारत में अभ्यास मैच नहीं होने को लेकर इयान चिंतित

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज इयान हीली ने भारत के खिलाफ 9 फरवरी से नागपुर में शुरू होनेवाली अपनी चार मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आस्ट्रेलिया के किसी भी अभ्यास मैच में नहीं खेलने को लेकर थोड़ा चिंतित होने की बात स्वीकार की है। 2017 में आस्ट्रेलिया ने दुबई में आईसीसी अकादमी में विशेष रूप से तैयार पिचों पर दस दिवसीय कार्यकाल के साथ भारत टेस्ट दौरे की तैयारी की थी।

चिराग-सात्विक की जोड़ी मुकाबले से हटी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने कहा कि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी और गत चैम्पियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने चोट के कारण गुरुवार को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अपने दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया।

बीएआई ने ट्वीट किया : भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी दुर्भाग्य से चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। हम सभी के लिए एक दुखद क्षण! सात्विक की ग्रोइन चोट के कारण स्टार जोड़ी चीनी जोड़ी लियू यू चेन और ओउ जुआन यी के खिलाफ मैच से हट गई। मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 5 की जोड़ी ने स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली पर केवल 41 मिनट में 21-13, 21-15 से आसान जीत दर्ज की। डिफेंडिंग मेन्स डबल्स चैंपियन इंडिया ओपन 2023 में अपने करियर के दूसरे सुपर 750 खिताब के लिए संघर्ष कर रहे थे, जिन्होंने लू चिंग-याओ और यांग पो-हान की ताइपे जोड़ी को हराकर पिछले साल फ्रेंच ओपन जीता था। भारतीय जोड़ी ने अपने फ्रेंच ओपन 2022 के बाद इतिहास रचा था क्योंकि वे सुपर 750 खिताब जीतनेवाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बनी थी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन : सानिया मिर्जा ने पहला दौर जीता

एजेंसी। मेलबर्न

भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना के साथ महिला युगल के पहले दौर में जीत के साथ अपने आस्ट्रेलियाई ओपन अभियान की शानदार शुरुआत की। इंडो-कजाख जोड़ी ने यूक्रेनी-बेल्जियम की जोड़ी एनहेलिना कालिनिना और एलिसन वान उइतवैंक को 6-2, 7-5 से हराया। सानिया और अन्ना का सामना शुक्रवार को दूसरे दौर में यूक्रेन-बेल्जियम की जोड़ी एनहेलिना कालिनिना और एलिसन वान यूत्वांक से होगा। पूर्व विश्व नंबर-1 महिला युगल खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह 19 फरवरी से शुरू होनेवाली डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता दुबई टेनिस चैंपियनशिप में पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लेंगी। सानिया के नाम छह प्रमुख खिताब हैं, जिसमें युगल में तीन और मिश्रित युगल में तीन शामिल है। उनकी पहली जीत 2009 में आई, जब उन्होंने महेश भूपति के साथ मिलकर आस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था। 2015 में, उन्होंने स्विस लीजेंड मार्टिना हिंगिस के साथ जोड़ी बनाई, जिनके साथ उन्होंने तीन बैक-टू-बैक ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते और दोनों की पहली ग्रैंड स्लैम सफलता उसी वर्ष आई।

इंटर मिलान ने एसी मिलान को 3-0 से हराया

एजेंसी। रियाद

इंटर मिलान ने अपनी सातवीं सुपरकोपा ट्रॉफी जीती क्योंकि टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान पर 3-0 की आसान जीत के बाद अपने खिताब का बचाव किया। सुपर कोपा में पिछले सीजन के सीरी ए और कोपा इटालिया चैम्पियन के बीच कड़ा मुकाबला रहा। इंटर ने बुधवार रात के मैच में गत चैम्पियन के रूप में प्रवेश किया, जबकि एसी मिलान ने पिछले सत्र में 'स्कुडेटो' जीता था। एसी मिलान के पास बराबरी करने का मौका था, लेकिन राफेल लीओ ने अपने बॉल को गोलकीपर आंद्रे ओनाना से दूर जाते हुए देखा, जबकि दूसरे छोर पर इंटर ने 20वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया, जब डेजेको ने सैंड्रो टोनाली के डिफेंस को पछाड़ दिया। रॉसनेरी के पास मैच में ज्यादा पास थे, लेकिन इंटर के खिलाड़ी मैच में अधिक सक्रिय थे और 77वें मिनट में मैच को टीम के नाम कर दिया। इस महीने सऊदी अरब में आयोजित यूरोपीय क्लबों से जुड़ी यह दूसरी कप प्रतियोगिता है।

ओपिनियन

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा

गिल ने वनडे में ओपनिंग की बहस सुलझा दी

भारत के कई पूर्व क्रिकेटरों ने सलामी बल्लेबाज की प्रशंसा की

वनडे में दोहरा शतक लगानेवाले सबसे युवा खिलाड़ी बने गिल

एजेंसी। हैदराबाद

न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल के शानदार दोहरे शतक ने इस बहस को खत्म कर दिया है कि वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत कौन करेगा। आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारत के कई पूर्व क्रिकेटरों ने सलामी बल्लेबाज की प्रशंसा की। गिल बुधवार को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में वनडे में दोहरा शतक लगानेवाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

वनडे में दोहरा शतक बनानेवाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी, गिल मेजबान टीम की पारी में हावी थे। चाहे पावर-प्ले में हो या डेथ ओवरों में, वह तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ चौके लगा रहे थे। लेकिन दोहरे शतक से अधिक, यह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सफलता थी, जिसने कई लोगों को प्रभावित किया क्योंकि भारत रोहित शर्मा के लिए एक साथी की तलाश कर रहा था। आकाश चोपड़ा ने कहा कि पहले वनडे में गिल की पारी ने एक साल में वनडे में ओपनिंग स्लॉट के बहस को सुलझा दिया है, जिसमें भारत अक्टूबर-नवम्बर में 50 ओवरों के विश्व कप की मेजबानी करेगा। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में इस मैच की समीक्षा करते हुए कहा : गिल ने इस बहस को खत्म कर दिया है कि किसे ओपनिंग करनी चाहिए। ईशान किशन के दोहरे शतक के बाद कुछ चर्चा हुई थी और इससे पहले शिखर धवन के बारे में भी कुछ बातें हुई थी। कभी-कभी यह भी महसूस किया जाता था कि केएल राहुल सही बल्लेबाजी कर रहे हैं या नहीं। लेकिन अब यह काफी स्पष्ट है कि शुभमन गिल को ओपनिंग करनी चाहिए।

हालांकि, विकेटकीपर ईशान किशन ने भी हाल ही में दोहरा शतक बनाया है, चोपड़ा को लगता है कि पंजाब के बल्लेबाज का शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करना तय है। चोपड़ा ने कहा : वह शीर्ष पर वनडे क्रिकेट खेलने के लिए लाए गए हैं। भारत ने पिछले डेढ़ से दो महीनों में दो दोहरे शतक बनाए हैं। ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था और यहां शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मारा है। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की है।

शुभमन ने खेली शानदार पारी : जाफर

भारत के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने शुभमन गिल की प्रशंसा की, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार दोहरा शतक लगाया। उन्होंने कहा कि 350 में से 208 बनाना एक शानदार प्रयास है। गिल ने भारत के लिए हैदराबाद में खेले गए पहले वनडे में शानदार 208 रनों की पारी खेली, जिससे भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड को 12 रनों से हरा दिया। 23 वर्षीय गिल इस असाधारण पारी की वजह से पुरुषों के वनडे इतिहास में दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए। जाफर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा : गिल ने सबसे बेहतरीन पारियों में से एक खेली। सभी खिलाड़ियों के आउट होने के बाद गिल अकेले मैदान पर डटे रहे। उन्होंने कहा : शुभमन गिल, ब्रेसवेल और सेंटनर के अलावा, हर कोई उस पिच पर संघर्ष कर रहा था।

NEWS इन ब्रीफ

प्रैट एंड व्हिटनी ने इंडिया इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया

चेन्नई। वैश्विक विमान और हेलीकॉप्टर इंजन निमार्ता और रेथियॉन टेक्नोलॉजीज ग्रुप का हिस्सा प्रैट एंड व्हिटनी ने गुरुवार को बेंगलुरु में अपने नए इंडिया इंजीनियरिंग सेंटर (आईईसी) के लिए आधिकारिक तौर पर दरवाजे खोल दिए। कंपनी ने कहा कि 50 से अधिक कर्मचारी अब अत्याधुनिक सुविधा पर आधारित हैं, अगले चार वर्षों में अतिरिक्त 450 नौकरियों को भरा जाना है। यह सुविधा प्रैट एंड व्हिटनी के भारत क्षमता केंद्र (आईसीसी) के साथ सह-स्थित है, जो एकीकृत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला समर्थन प्रदान करने के लिए 2022 में खोला गया था और हाल ही में उद्घाटन किए गए कोलिन्स एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और वैश्विक संचालन केंद्र हैं।

कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड एक फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

टाटा साल्ट का गणतंत्र दिवस अभियान शुरू

रांची। टाटा साल्ट ने एक राष्ट्रव्यापी गणतंत्र दिवस अभियान शुरू किया है। इस अभियान को देश के लिए #हरसवालउठेगा नाम दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को सवाल उठाने के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है जिससे प्रासंगिक बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके और सामाजिक परिवर्तन को बल मिल सके। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की प्रेसिडेंट, पैकेज्ड फूड्स-इंडिया, दीपिका भान ने कहा कि देश के लिए #हरसवालउठेगा एक ऐसा मंच है जो इन वास्तविक सवालों को सामने लाने का प्रयास करता है। हमें इस तरह के अंतर्दृष्टिपूर्ण, उद्दीपक प्रश्न पहले ही प्राप्त हो चुके हैं और भावी पीढ़ी द्वारा कल्पित बदलाव एवं उनकी जागरूकता से उत्साहित हैं।

अगले वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन एक अरब टन से ज्यादा रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य एक अरब टन से ज्यादा रखा गया है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "कुल लक्ष्य में से सरकारी कंपनी कोल इंडिया को 78 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा सिंगरेनी कॉलरीज कंपनी लिमिटेड (एसीसीएल) को 7.5 करोड़ टन और वाणिज्यिक खदानों से 16.2 करोड़ टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी का ऐलान

फॉलो-ऑन शेयरों की खरीद पर 15 प्रतिशत छूट

एजेंसी। नई दिल्ली

गौतम अडानी की फ्लैगशिप कंपनी निवेशकों को भारत की सबसे बड़ी फॉलो-ऑन शेयर बिक्री में 10-15 प्रतिशत की छूट की पेशकश कर रही है। कंपनी की ओर अपने समर्थकों का बेस मजबूत करने का यह प्रयास है। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा एक्सचेंज में फाइलिंग के अनुसार, 3,112 रुपये से 3,276 रुपये के प्राइस बैंड में शेयर बेचकर 2.15 बिलियन डॉलर जुटाने की कोशिश है।

ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार, बड़े निवेशकों को मौजूदा बाजार मूल्य पर 10 प्रतिशत की रियायत मिलेगी, जबकि खुदरा निवेशक खरीदारी करने के लिए और भी कम भुगतान करेंगे। इस कंपनी बाजार मूल्य पिछले एक साल में लगभग दोगुना हो गया है। कंपनी ने अपने प्रॉस्पेक्टस में कहा कि एकत्र किए गए पैसे में लगभग आधा अडानी

के हवाईअड्डे और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए खर्च किया जाएगा, जबकि 42 अरब रुपये ऋ जुटाई गई राशि के एक चौथाई से थोड़ा कम ऋ का उपयोग कर्ज को कम करने के लिए किया जाएगा। प्रमुख निवेशक 25 जनवरी को और बाकी 27 जनवरी से 31 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। अनुवर्ती बिक्री के लिए एक दुर्लभ कदम में, एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति निवेशकों को उनकी खरीद के लिए किश्तों में भुगतान करने की अनुमति देंगे। बोलीदाताओं को प्रस्ताव मूल्य का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के रूप में देना होगा, उसके बाद शेष राशि की एक या दो किश्तें अदाएगी करनी होगी। खुदरा निवेशकों को प्रति शेयर 64 रुपये की छूट मिलेगी। बड़े पैमाने पर शेयरों की बिक्री से अडानी को कई लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अपने निवेशकों के आधार को बड़ा करने से अडानी समूह को उन आरोपों से बचाव करने में आसानी होगी कि उनके साम्राज्य में मुख्य रूप से कम कारोबार वाले स्टॉक शामिल हैं; ऋण चुकाने से कई अन्य चिंताओं का भी समाधान होगा।

यूपी में फरवरी में होंगी जी20 की 11 बैठकें

लखनऊ। जी20 से संबंधित 11 बैठकें 13 से 15 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाएंगी। वाराणसी छह, आगरा तीन, लखनऊ एक और ग्रेटर नोएडा एक आयोजन करेगा। भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन के क्रम में 200 से अधिक बैठकें आयोजित करने की उम्मीद है। केंद्रीय विदेश मंत्रालय द्वारा 3 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाली प्रत्येक बैठक में लगभग 40 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी की उम्मीद है। भारत की अध्यक्षता में पहली जी20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक 16-17 जनवरी को पुणे में होगी। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा, लखनऊ में होने वाली बैठक के लिए भारत सरकार का नोडल विभाग इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय है। लखनऊ में होने वाली बैठक कार्यसमूह से संबंधित है।

एयरटेल की 5जी सेवाएं देहरादून में शुरू

एजेंसी। देहरादून

भारती एयरटेल ने गुरुवार से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 5जी सेवाओं की शुरूआत कर दी है। यह जानकारी भारतीय एयरटेल के सीईओ सोबन मुखर्जी ने देहरादून में दी। उन्होंने कहा कि मैं देहरादून में एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। सीईओ सोबन मुखर्जी ने कहा कि देहरादून के एयरटेल के ग्राहक अब मौजूदा 4जी स्पीड से 20-30 गुना अधिक तक की गति के साथ एक अल्ट्राफास्ट नेटवर्क का उपयोग कर सकते हैं। हम पूरे शहर में इसका विस्तार करने की प्रक्रिया में हैं जो हमारे ग्राहकों को गेमिंग, मल्टीपल चैट, इंस्टेंट फोटो अपलोड और एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसी गतिविधियों के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा। सीईओ मुखर्जी के अनुसार सम्पूर्ण एयरटेल सर्विस पोर्टफोलियो को एयरटेल 5जी प्लस का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, यह एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैट, इंस्टेंट फोटो अपलोड और अन्य गतिविधियों के लिए अविश्वसनीय रूप से तेज एक्सेस सक्षम करेगा। इस लॉन्च के परिणामस्वरूप, एयरटेल 5जी प्लस भारत में मोबिलिटी, लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

मारुति सुजुकी इंडिया ने ग्रैंड विटारा का निर्यात शुरू किया

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता और निर्यातक कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमआईएस) ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन ग्रैंड विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि इसकी पहली खेप लैटिन अमेरिका भेजी जा रही है। एमआईएस ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उसने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन ग्रैंड विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है। इसकी पहली खेप लैटिन अमेरिका भेजी जा रही है। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, पश्चिम एशिया, आसियान और पड़ोसी क्षेत्रों के 60 से अधिक देशों में इस मॉडल का निर्यात करना है। मारुति के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेयुची ने एक बयान में कहा कि ग्रैंड विटारा सहित 17 वाहन मॉडलों का निर्यात करते हैं। ताकेयुची ने कहा कि भारत से निर्यात बढ़ाने के सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए मारुति सुजुकी ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं।

सोना-चांदी के भाव गिरे

नई दिल्ली। भारतीय सराफा बाजार में गुरुवार को को सोने और चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली है। सोने की कीमत 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं, चांदी का भाव 67 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 56642 रुपये है। जबकि 999 शुद्धता वाली चांदी (ऋ'५१) 67264 रुपये की है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, बुधवार की शाम को 24 कैरेट का शुद्ध सोना 56755 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो गुरुवार की सुबह 56642 रुपये पर आ गया है। इसी तरह शुद्धता के आधार पर सोना और चांदी दोनों सस्ते हुए हैं। आधिकारिक वेबसाइटके मुताबिक, गुरुवार की सुबह 995 प्योरिटी वाले दस ग्राम सोने के दाम घटकर 56415 रुपये पहुंच गए हैं तो वहीं 916 शुद्धता वाला सोना आज 51884 रुपये का हो गया है। इसके अलावा, 750 प्योरिटी वाले सोने के दाम घटकर 42482 पर आ गए हैं।

पुरानी पेंशन योजना में जाने से भविष्य में देनदारी बढ़ सकती है

एजेंसी। नई दिल्ली

कई राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना में वापस जाने का इरादा दिखाया है। इस पर आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि ऐसा करने से सरकारी खर्च कम हो जाएगा, लेकिन भविष्य के लिए देनदारियां बढ़ सकती हैं। उन्होंने खुदरा ऋण देने की दिशा में बहुत अधिक झुकाव पर बैंकों को आगाह किया है। डावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) से इतर एक ऑनलाइन पोर्टल को दिए साक्षात्कार में राजन ने कहा कि नई पेंशन योजना को इसलिए अपनाया गया क्योंकि पुरानी योजना में भारी देनदारियां बन गई थीं। सरकारों के लिए परिभाषित लाभ योजनाओं को अपनाना आसान है क्योंकि देनदारियों को मान्यता नहीं दी जा रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब जैसी कई राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना को अपनाया है, इसमें हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। राजन ने साक्षात्कार में कहा कि हालांकि यह प्रत्येक राज्य सरकार को तय करना है, लेकिन इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से समाज के कमजोर वर्गों के लिए लक्षित किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें लाभ मिल सके। राजन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय बैंकों ने थोक ऋण की तुलना में खुदरा संपत्ति में भारी उछाल देखा है।

एप्पल विश्व स्तर पर एडवान्स्ड डेटा प्रोटेक्शन ऑप्शन का विस्तार करेगा

नई दिल्ली। एप्पल ने घोषणा की है कि वह वैश्विक स्तर पर उपयोगकर्ताओं के लिए अपने उन्नत डेटा सुरक्षा विकल्प का विस्तार कर रहा है। मैकरियूमर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आईओएस 16.3 से शुरू होकर, सुरक्षा फीचर उपयोगकताओं को फोटो, नोट्स, वॉयस मेमो, मैसेज बैकअप, डिवाइस बैकअप और बहुत कुछ सहित अतिरिक्त आईक्लाउड डेटा श्रेणियों के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन को सक्षम करने की अनुमति देगा। आईओएस 16.3 वर्तमान में बीटा में है और अगले सप्ताह जनता के लिए रिलीज होने की उम्मीद है। एडवांस्ड डेटा प्रोटेक्शन सबसे पहले अमेरिका में दिसंबर में आईओएस 16.2 के साथ लॉन्च किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, उन्नत डेटा सुरक्षा का उद्देश्य अधिकांश शेयर्ड आईक्लाउड कंटेंट के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन बनाए रखना है।

अमेजन में नौकरी में कटौती का नया दौर शुरू

18,000 से अधिक की छंटनी

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेजन ने छंटनी के अपने नए दौर से प्रभावित अपने कर्मचारियों को सूचित करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कुल 18,000 कर्मचारियों को हटाने की योजना बनाई है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस विशेष दौर में कितने कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन कंपनी ने अमेरिका के वाशिंगटन राज्य में 2,300 कर्मचारियों को पहले ही निकाल दिया है, जिनमें से अधिकांश सिएटल में काम करते थे, जहां कंपनी का एक मुख्यालय स्थित है। अमेजन ने पिछले नवंबर में छंटनी का पहला दौर शुरू किया था। उस समय, ऐसी रिपोर्टें थीं कि इसके हार्डवेयर और सेवाओं, मानव संसाधन और खुदरा टीमों के सदस्यों सहित लगभग 10,000

लोग प्रभावित होंगे। इस महीने की शुरूआत में, अमेजन ने छंटनी और उनके बड़े पैमाने की पुष्टि करते हुए कहा था कि पिछले साल, बुधवार के दौर और 2023 में संभावित अतिरिक्त कटौती सहित, वे कुल मिलाकर 18,000 कर्मचारियों को प्रभावित करेंगे। कंपनी की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए सीईओ एंडी जेसी के एक मेमो ने घोषणा की है कि प्रभावित कर्मचारियों को बुधवार से सूचित किया जाएगा। जेसी ने एक बयान में कहा कि वे वार्षिक योजना प्रक्रिया के साथ नहीं किए गए थे जैसा कि पहले उल्लेख किया गया था और 'मुझे उम्मीद थी कि 2023 की शुरूआत में और अधिक भूमिका में कटौती होगी। जैसा कि अमेजन ने भारत में लगभग 1,000 सहित वैश्विक स्तर पर 18,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, रिपोर्टें सामने आई हैं कि प्रभावित कर्मचारियों में से कुछ पूरी तरह से टूट गए और 'कार्यालय में रोते' देखे गए जब उन्होंने सुना कि उन्हें जाने के लिए कहा गया है।

हेलमेट पर जीएसटी माफ करने का आग्रह

एजेंसी। नई दिल्ली

सड़क सुरक्षा निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर केंद्रीय बजट 2023-24 में दोपहिया सवारों की सुरक्षा के लिए जीवन रक्षक उपकरण हेलमेट पर जीएसटी हटाने की मांग की है। केके कपिला, अध्यक्ष एमेरिटस, इंटरनेशनल रोड फेडरेशन ने अपने पत्र में कहा, भारत में दुनिया भर में लगभग 11 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और नवीनतम बॉश रिपोर्ट के अनुसार इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लगभग 15.71-38.81 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है। दोपहिया सवारों की दुर्घटना होने पर मुख्य रूप से सिर की चोटों के कारण मौत हो जाती है। इसे रोकने का सबसे प्रभावी साधन हेलमेट है। हमारे देश में हेलमेट का उपयोग कम पाया गया है।

पेज एक के शेष

कुश्ती महासंघ अध्यक्ष...

मजबूर नहीं किया जाए कि हमें काला दिन देखना पड़े। प्रधानमंत्री जी को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा : बृजभूषण सिंह कह रहे हैं कि वह इस्तीफा देंगे। उन्हें इस्तीफा देना ही पड़ेगा। अध्यक्ष को मेरे सामने लाइए अगर वे दो मिनट मेरी आंखों में आंखें डालकर बात कर लें तो मैं मान जाऊंगी।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की लड़कियों का कैरियर को बर्बाद कर दिया, अब बाकी राज्यों की लड़कियों का कैरियर खराब कर रहे हैं। यदि उन पर कार्रवाई नहीं होगी तो हम पुलिस में एफआईआर कराएंगे। हम अपनी पहलवानी को रोजी रोटी छोड़ कर यहां आएं। साक्षी मलिक ने कहा : बैठक में हमें सिर्फ आश्वासन दिया गया है। मैं चाहती हूं कि पूरी रेसलिंग फेडरेशन को भंग किया जाए। मैं प्रधानमंत्री जी से अपील करती हूं कि इस मुद्दे पर संज्ञान लें। हमें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। इस बारे में कई जानकारों का कहना है कि 22 जनवरी को कुश्ती महासंघ की बैठक अयोध्या में होनेवाली है। उसी में ब्रजभूषण से इस्तीफा ले लिया जा सकता है। लेकिन धरना पर बैठी पहलवानों का कहना है कि इस मामले में केंद्र सरकार कोई त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, जबकि जंतर-मंतर पर दो दिन से धरना देते हुए हम इस मुद्दे को हर माध्यम से उठा रहे हैं।

अफसरों को भेजे...

सरकार ने जिस मामले में ईडी की कार्रवाई को गलत और अधिकार क्षेत्रों का उल्लंघन बताते हुए याचिका दायर की है, वह 2020 में साहिबगंज जिले के बड़हरवा टोल प्लाजा के टेंडर विवाद से संबंधित है। इस विवाद को लेकर शंभु भगत नामक एक ठेकेदार द्वारा झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम और सीएम हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र प्रतिनिधि पंकज मिश्र समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद 24 घंटे के अंदर इसका सुपरविजन करनेवाले डीएसपी प्रमोद मिश्र ने मंत्री आलमगीर एवं पंकज मिश्र को क्लीन चिट दे दी थी। ईडी ने इस मामले में पैसे के लेन-देन के एंगल पर जांच शुरू की और झारखंड पुलिस के डीएसपी प्रमोद मिश्रा को पूछताछ के लिए समन किया है। हालांकि, डीएसपी प्रमोद मिश्र ईडी के समन के बावजूद पिछले 13 दिसम्बर को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी ने उन्हें दोबारा समन जारी कर 15 दिसंबर को पूछताछ के लिए समन भेजा था।

झारखंड सरकार ने जो याचिका डाली है, उसमें कहा गया है कि ईडी को अपने केस के सिलसिले में किसी से पूछताछ करने का अधिकार है, लेकिन वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर राज्य पुलिस से जुड़े मामले में पुलिस अफसरों को समन कर रही है। झारखंड सरकार ने इसे राज्य के अधिकारों का अतिक्रमण बताते हुए ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है।

न्यायाधीश नियुक्ति का...

पीठ के लिए मूल्य जोड़ेगी और समावेश और विविधता प्रदान करेगी। कृपाल भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीएन कृपाल के पुत्र हैं।

मालूम हो कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के सबसे बड़े वकील से पूछा था कि सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने जिन नामों का रिकमेंडेशन सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति के लिए किया है, उस पर क्या हो रहा है। जिस पर सरकार के वकील ने कहा कि प्रोसेस में है, जल्दी ही हो जायेगा। लेकिन हुआ यह कि उसके बाद कानून मंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में सरकार का प्रतिनिधित्व की मांग कर दी। लेकिन अब सर्वोच्च न्यायालय ने कॉलेजियम की सिफारिश और पाच वर्ष से ज्यादा समय लंबित सौरभ कृपाल की नियुक्ति पर केंद्र को त्वरित कार्रवाई करने को लिख दिया है।

इसी मिट्टी से...

खुद का परिश्रम करने के बदले स्थानीय लोगों द्वारा निकाल कर रखे गए सुखी मिट्टी ही खरीद कर ले जाते हैं। वहीं, कुछ लोग घर में भूंजा भूंजने तथा अन्य देव कर्मों के लिए गंगा का बालू खरीद कर ले जा रहे हैं। बालू बेचनेवाले स्थानीय लोग एक किलो एवं दो किलो बालू पॉलिथीन में पैक कर बेच रहे हैं। गुरुवार को गंगा घाट पर गंगा की मिट्टी बेच रहे सीता देवी, विमल देवी, विनय कुमार आदि ने बताया कि पानी के अंदर से मिट्टी निकालने में काफी परेशानी होती है। हम लोग मां गंगा के पुराने सेवक हैं, लोगों की मांग को देखते हुए मिट्टी निकालकर बेचते हैं। माता गंगा करोड़ों लोगों को रोजी रोजगार दिए हुए हैं, हम भी कोई गलत काम नहीं कर रहे हैं। अपने जीविकोपार्जन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह धंधा कर रहे हैं।

गंगा के अर्थशास्त्र से जुड़े अनील कहते हैं कि गंगा में पाई जानेवाली तीन सौ से अधिक प्रजाति की मछली से करोड़ों लोगों का जीवन यापन होता है। 20 करोड़ से अधिक लोग पीने और सिंचाई के पानी के लिए पूरी तरह से गंगा और सहायक नदियों पर निर्भर हैं। गंगा एक ओर अपनी सहायक नदियों के साथ देश के बड़े भू-भाग के लिए सिंचाई का बारहमासी स्रोत है। तो वहीं, गंगा किनारे बसे तमाम शहर और मठ-मंदिर भारतीय अर्थव्यवस्था के बड़े स्रोत हैं। अब तो गंगा की मिट्टी भी गंगा की गोद में बसे लोगों के लिए आर्थिक समृद्धि का स्रोत बन रही है।

पीएलएफआई उग्रवादियों ने...

जाएगी। घटना की सूचना मिलने के बाद ओड़गा ओपी प्रभारी संदीप कुमार, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, एसडीपीओ तथा एसपी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रि करीब दो बजे के करीब अज्ञात अपराधियों द्वारा रेलवे दोहरीकरण कार्य में लगे जेसीबी मशीन एवं पानी टैंकर को आग के हवाले कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। एसपी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि इस मामले में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इधर, कंपनी के कर्मचारी के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद रेलवे पुलिस भी उस क्षेत्र में लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं।

खतरा अब तो सीईओ सत्य नडेला ने भी कर दिया कन्फर्म

माइक्रोसॉफ्ट करेगी 10000 छंटनी

एजेंसी। नई दिल्ली

वैश्विक मंदी से डरी दुनियाभर की प्रौद्योगिकी कंपनियां बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही हैं। ट्विटर, अमेजन, मेटा और ओला के बाद दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भी इस साल अपने 10 हजार कर्मचारियों को बाहर करेगी। कंपनी के भारतीय मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने कंपनी के कर्मचारियों को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की है। सीईओ नडेला ने कर्मचारियों के लिए लिखे ब्लॉगपोस्ट में कहा है कि कंपनी की आर्थिक परिस्थिति और उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी लंबी अवधि के लक्ष्यों पर केंद्रित

कदम उठा रही है। नडेला ने कहा कि निकाले जाने वाले कर्मचारियों को सूचना दे दी गई है। इसमें से कुछ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इससे कंपनी को करीब 1.2 अरब डॉलर की बचत होगी। दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी में छंटनी की शुरूआत इंजीनियरिंग विभाग से होने वाली है। इससे पहले कंपनी जुलाई में भी अपने 1,000 कर्मचारियों को निकाल चुकी है। दरअसल, 30 जून, 2022 तक माइक्रोसॉफ्ट में कुल 2 लाख 21 हजार पूर्णकालिक कर्मचारी थे। इनमें से 1 लाख 22 हजार कर्मचारी संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्यरत थे, जबकि 99 हजार कर्मचारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्विटर, अमेजन और मेटा सहित कई टेक कंपनियों ने धीमी मांग और बिगड़ते वैश्विक आर्थिक हालात के मद्देनजर छंटनी की हैं। अमेजन समेत अन्य कंपनियां जनवरी के पहले छह दिनों में 30,611 लोगों को निकाल चुकी हैं। शेयरचैट ने भी 20 फीसदी छंटनी की घोषणा की है। वहीं, देश की चार सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों टीसीएस, विप्रो, इन्फोसिस और एचसीएल टेक में भर्तियों में 97 फीसदी की गिरावट आई है।

बजट के रन अप महीने में तेजी का रुझान

नई दिल्ली । पिछले रुझानों से पता चला है कि पिछले 10 बजटों में से अंतिम छह में बजट पेश करने से पहले महीने के दौरान तेजी के रुझान थे। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। बाजार के आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 में बजट के एक महीने की दौड़ में बीएसई सेंसेक्स में 7.5 प्रतिशत की तेजी से सुधार हुआ। 2013 में बेंचमार्क 6.2 फीसदी गिरा था, जबकि 2012 में इसमें 3.8 फीसदी की गिरावट आई थी। 2020 में भी इसमें 3.8 फीसदी की गिरावट आई थी। 2014 में, बेंचमार्क 0.8 प्रतिशत और 2015 में 0.7 प्रतिशत नीचे था। हालांकि, बीएसई सेंसेक्स ने 2017 और 2018 के केंद्रीय बजट से पहले के महीने में अच्छा प्रदर्शन किया, आंकड़ों के अनुसार 5.7 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की बढ़त हासिल की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी, कार चालक ने 15 मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली। दिल्ली की महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। खबरों के मुताबिक एक गाड़ी वाले ने नशे की हालत में स्वाति मालीवाल से छेड़छाड़ की। स्वाति मालीवाल ने कहा जब मैंने उसे पकड़ा तो गाड़ी के शीशे में मेरा हाथ बंद कर मुझे घसीटा। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्वाति मालीवाल खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है।

मुंबई-गोवा हाईवे पर दो हादसों में 11 की मौत

रत्नागिरी/सिंधुदुर्ग। रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर गुरुवार को दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहली घटना में, कम से कम नौ लोगों की उस समय मौत हो गई जब उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। दूसरी घटना में सिंधुदुर्ग के कंकवली गांव के पास एक तेज रफ्तार निजी बस के पलट जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।

जयपुर लिटरेचर फेस्ट शुरू

जयपुर। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 16वां संस्करण गुरुवार से गुलाबी शहर में शुरू हो गया है। इसमें दुनिया भर से साहित्य, संगीत, कला और फिल्म से जुड़े 350 वक्ता शामिल हो रहे हैं। यह अनूठा महोत्सव 19 से 23 जनवरी तक जयपुर के होटल क्लार्क्सहं आमेर में चलेगा। गुरुवार को उद्घाटन समारोह को नोबेल पुरस्कार विजेता अब्दुलराजक गुरनाह ने फ्रंट लॉन में सुबह 9:50 बजे से संबोधित किया।

अर्मेनिया की सैन्य बैरक में आग, 15 सैनिकों की मौत

येरेवान। अर्मेनिया की एक सैन्य बैरक में भीषण आग लग गई। इस कारण 15 सैनिकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अर्मेनिया के पूर्वी गेघारकुनिक क्षेत्र के अजात गांव में स्थित सेना की बैरक में आधी रात के बाद डेढ़ बजे के आसपास अचानक आग लगी। जिस समय आग लगी, सैनिक बैरकों में सो रहे थे। अचानक आग लगने से वहां चीख-पुकार मच गई। आग इतनी तेज थी कि कोई संभल नहीं सका।

बोर्ड परीक्षा देने से रोकना अधिकारों का है उल्लंघन

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा : शिक्षा ही छात्रों का है भविष्य

फीस न दे पाने के कारण बच्चे को परीक्षा से नहीं कर सकते वंचित

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि फीस नहीं भर पाने के कारण एक छात्र को बोर्ड परीक्षा देने से रोकना भारत के संविधान की धारा का 21 के तहत गारंटीकृत बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को फीस नहीं भर पाने की वजह से बोर्ड की परीक्षा में बैठने से रोका नहीं जा सकता है, खासकर तब जब वे 10वीं और 12वीं की परीक्षा देनेवाले हों। शिक्षा वो बुनियाद है, जिस पर छात्र का भविष्य निर्भर करता है और आखिरकार ये समाज का भविष्य तय करते हैं। कोर्ट ने दिल्ली के इंडियन स्कूल के 10वीं कक्षा के एक छात्र को बोर्ड की परीक्षा में शामिल करने का आदेश दिया। छात्र के अभिभावक ने स्कूल की फीस जमा नहीं की थी, जिसकी वजह से उसे 10वीं की परीक्षा में बैठने नहीं दिया जा रहा था। छात्र के अभिभावक की आर्थिक स्थिति काफी खराब है, जिसकी वजह से फीस जमा नहीं हो पाई थी। 10वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 18 जनवरी से शुरू हो रही हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता छात्र के अभिभावक की इस बात के लिए फटकार लगाई कि उसने कोर्ट का दरवाजा अंतिम समय में खटखटाया है।

अब दो घंटे में पहुंच सकेंगे दिल्ली से जयपुर

जल्द होगी वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत

अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों से सफर करने पर लगते हैं करीब चार घंटे

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली से जयपुर का सफर अब यात्रियों के लिए महज दो घंटे का होने जा रहा है। भारतीय रेलवे अब दिल्ली से राजस्थान के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने जा रही है। रेलवे के अनुसार भारतीय रेलवे जल्द ही नई दिल्ली और जयपुर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की प्रीमियम सेवा शुरू करने जा है।

नई दिल्ली-जयपुर मार्ग पर चलने वाली अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों से सफर करने पर इस समय करीब चार घंटे लग जाते हैं। इस ट्रेन के शुरू होने के बाद यात्री महज दो घंटे में दोनों शहरों के बीच सफर कर पाएंगे। देश में अब तक आठ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें विभिन्न रूट्स पर चल रही हैं जिनमें नवीनतम सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस है जो दो तेलुगु भाषी राज्यों को जोड़ती है। वहीं, अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें नई दिल्ली-वाराणसी, नई दिल्ली-कटरा, गांधीनगर राजधानी-मुंबई, नई दिल्ली-अंब अंदौरा, चेन्नई-मैसूरु, बिलासपुर-नागपुर और हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वन्दे भारत को लेकर कहा : वंदे भारत एक उत्कृष्ट ट्रेन है। ये 52 सेकंड में 0-100 किमी की यात्रा कर सकती है, जबकि दुनिया की अन्य ट्रेनों में 54 से 60 सेकंड का समय लगता है। वंदे भारत के डिजाइन हवाई जहाज से भी बेहतर हैं। यह सबसे आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान कर सकता है।

पुतिन का दावा, युद्ध में रूस की होगी जीत

एजेंसी। मास्को

यूक्रेन के साथ जारी युद्ध को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने एक बार फिर जीत का दावा करते हुए कहा कि युद्ध में रूस की जीत 'सुनिश्चित' रूप से होगी। पुतिन ने कहा : रूस इस जंग को हर हाल में जीतेगा। मैं डोनबास में जारी युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों में लगा हुआ हूं। डोनबास में रूसी समर्थित अलगाववादी 2014 से ही यूक्रेनी सेना से जूझ रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने सेंट पीटर्सबर्ग में हथियार कारखाने के दौरे के दौरान कर्मचारियों से टीवी पर की गई टिप्पणियों में श्रमिकों और पत्रकारों से कहा कि हमारी जीत निश्चित है, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। कीव के खिलाफ ऑपरेशन में मॉस्को हर हाल में जीतेगा, इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। हमारी सेना भले ही स्ट्रेटजिक तरीके से कुछ जगहों से पीछे हटी है, लेकिन वो हार नहीं बल्कि हमारी योजना का हिस्सा है। हम अपने ऑपरेशन को बढ़ाने वाले हैं और जल्द ही ऑपरेशन को पूरी तरह से अंजाम दे देंगे। पुतिन ने यह भी दावा किया कि मास्को के आक्रमण का उद्देश्य पूर्वी यूक्रेन में कई वर्षों से चल रहे 'युद्ध' को रोकना था। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि रूस ने लंबे समय से यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र डोनबास में संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत करने की मांग की है। पुतिन ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से डोनबास में भारी हथियारों, तोपों, टैंकों और विमानों से जुड़े बड़े पैमाने पर युद्धक अभियान बंद नहीं हुए हैं।



बीटेक की छात्रा ने लगाई फांसी

झांसी। नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित बुंदेलखंड विश्विद्यालय के कैंपस में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कैम्पस में बने हॉस्टल में बीटेक थर्ड ईयर की छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा के कमरे से मनो चिकित्सकों के कुछ पर्चे बरामद हुए हैं। प्रथम दृष्टया जांच में छात्रा द्वारा आत्महत्या किया जाना बताया जा रहा है। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के समता हॉस्टल में रूम नंबर 24 में रहने वाली 24 वर्षीय श्रृष्टि राय बीटेक की थर्ड ईयर की छात्रा थी।

मोदी ने विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी। यादगीर/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक के यादगीर जिले के कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यादगीर में जल सुरक्षा, किसान कल्याण और कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिससे इस क्षेत्र को काफी लाभ होगा। देश अगले 25 वर्षों के नए संकल्पों को सिद्ध करने के लिए आगे बढ़ रहा है। ये 25 साल देश के प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक राज्य के लिए अमृतकाल है। इस अवधि में हमें एक विकसित भारत का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने यादगीर सहित देश के 100 से अधिक ऐसे जिलों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू किया। जिन जिलों को पहले की सरकार ने पिछड़ा घोषित किया, उन जिलों में हमने विकास की आकांक्षा को प्रोत्साहित किया। हमारी सरकार वोटबैंक की राजनीति के लिए नहीं, विकास के लिए है।

न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री अगले माह देंगी इस्तीफा

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न अगले माह अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। जैसिंडा 7 फरवरी को लेबर पार्टी की प्रमुख का पद भी छोड़ेंगी। गुरुवार को पार्टी रिट्रीट के दौरान उन्होंने इसकी घोषणा की। इस साल अक्टूबर में न्यूजीलैंड में चुनाव होनेवाले हैं और जैसिंडा ने घोषणा की है कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने छह साल के अपने कार्यकाल को चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उनके इस्तीफे की कोई गोपनीय वजह नहीं है, लेकिन जितना समय वे दे सकती थीं, उन्होंने दिया। उन्होंने कहा कि 7 फरवरी से उनका इस्तीफा प्रभावी हो जाएगा।

दो महिला सिपाहियों ने बैंक लूटने से बचाया

एजेंसी। हाजीपुर

बिहार में एक तरफ जहां रोज लूट, हत्या की खबरें सुनने को मिलती हैं, वही दूसरी ओर वैशाली जिले से सुकून और पुलिस की जांबाजी की खबर भी सामने आई हैं। यहां दो जांबाज महिला कांस्टेबल (सिपाही) ने अपनी हिम्मत और कर्तव्यपरायणता का उदाहरण पेश कर एक बैंक को लूटने से बचा लिया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक अब इन दोनों महिला सिपाहियों की जांबाजी से खुश होकर पुरस्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के सेन्दुआरी चौक स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में बुधवार को महिला कांस्टेबल शांति कुमारी और जूही कुमारी अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। बैंक में सारे कार्य चल रहे थे। इसी बीच चार बाइक पर सवार होकर चार बदमाश बैंक के बाहर पहुंचे। इनमे से मास्क लगाए दो बदमाश बैंक अंदर जाने लगे। इस पर सुरक्षा में तैनात सिपाहियों ने मास्क उतारने और पासबुक दिखाने को कहा। सिपाहियों की इस मांग पर बदमाश भड़क गए और पिस्तौल निकालकर तान दिया। महिला सिपाही भी अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए उनसे भिड़ गई। बदमाशों ने इन सिपाहियों से हथियार छीनने की भी कोशिश की, जिसमें महिला सिपाहियों को हल्की चोट भी लगी। दोनों महिला सिपाही जब फायरिंग की पोजिशन में आईं, तो बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान बदमाश अपनी मोटर साइकिल भी छोड़ गए।

FILMY हलचल

राखी सावंत को मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया, शर्लिन ने दर्ज कराई थी एफआईआर

मुंबई। अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा की शिकायत पर राखी सावंत को अंबोली पुलिस ने हिरासत में लिया है। शर्लिन ने आरोप लगाया कि राखी उसे बदनाम कर रही थीं और उसके अश्लील वीडियो और तस्वीरें ऑनलाइन प्रसारित कर रही थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वह अपनी डांस एकेडमी लॉन्च करनेवाली थीं, हालांकि शर्लिन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के चलते अब उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शर्लिन ने अपने ट्वीट में दावा किया है कि राखी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने यह भी कहा कि उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी गई है।

श्रद्धा कपूर ने प्यार को लेकर अपने फैंस से मांगा जवाब

एजेंसी। मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी रिलीज 'तू झूठी मैं मक्कार' के लिए उत्सुकता बढ़ा रही हैं, जिसमें वह रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी। गुरुवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उनका दिमाग साल 2023 के आधुनिक प्रेम का सबसे कठिन हिस्सा क्या है, इस बारे में विचारों से घिर गया है। श्रद्धा ने मुस्कुराते हुए अपनी एक तस्वीर अपलोड की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया : 2023 के प्यार में सबसे मुश्किल क्या है? एक सवाल जो हैशटैग तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर देखने के बाद मेरे साथ अटक गया। आपके जवाब पढ़ने के लिए उत्साहित हूं! 'तू झूठी मैं मक्कार' में पहली बार बड़े पर्दे पर रणबीर और श्रद्धा नजर आएंगे। यह फिल्म आधुनिक समय की रोमांटिक-कॉमेडी है। यह लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत है।

'अग्निसाक्षी एक समझौता' में शादीशुदा जोड़े की भूमिका निभाएंगे अक्षय और शिविका

एजेंसी। मुंबई

अक्षय मिश्रा और शिविका पाठक नए शो 'अग्निसाक्षी एक समझौता' में सात्विक भोंसले और जीविका राणे की भूमिका निभाएंगे। अभिनेताओं ने अपनी भूमिकाओं के बारे में जानकारी दी और इस काल्पनिक नाटक की अवधारणा का खुलासा किया। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, अक्षय का कहना है कि वह एक पारिवारिक व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं, जो पेशे से एक व्यवसायी है। अभिनेता ने कहा : सात्विक का किरदार बेहद पेचीदा है क्योंकि इसमें कई शेड्स हैं। हमारा शो 'अग्निसाक्षी' सात्विक और जीविका के बीच एक वैवाहिक बंधन के बारे में है। कहानी सात्विक और जीविका के इर्द-गिर्द घूमती है और क्या होता है जब सात्विक अपनी शादी के ठीक बाद जीविका को तलाक देने का फैसला करता है। दूसरी ओर, शिविका ने कहा कि वह अपने पहले शो को लेकर उत्साहित हैं और एक साधारण विवाहित लड़की की भूमिका निभा रही हैं। जीविका एक बहुत ही सरल परिवार-उन्मुख लड़की है, जो जीवन से भरी हुई है, जो शादी की संस्था में विश्वास करती है और एक खुश रहने की इच्छा रखती है। अग्निसाक्षी एक समझौता 23 जनवरी से कलर्स पर शुरू होगा।

हंसिका मोटवानी की वेडिंग डॉक्यूमेंट्री का फर्स्ट लुक आया सामने

एजेंसी। मुंबई

साउथ सेंसेशन हंसिका मोटवानी और सोहेल खतुरिया की शादी एक भव्य समारोह थी जिसने देशभर में सुर्खियां बटोरीं और अब प्रशंसक उनकी शादी का हिस्सा बन सकते हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार इसको प्रदर्शित करेगा। हॉटस्टार के विशेष शो 'हंसिका का लव शादी ड्रामा' में वह सब कुछ दिखाया जाएगा जो उस समय से लेकर अब तक हुआ- जैसे जब अभिनेत्री ने सोहेल के साथ शादी के बंधन में बंधने की घोषणा की, शादी के लिए इवेंट को अंजाम देने के लिए योजनाकारों, डिजाइनरों और परिवारों की सिर्फ 6 हफ्तों में तैयारी और फिर शादी, जो वास्तव में हर मायने में शानदार थी। हंसिका और उसका परिवार उस स्कैंडल को भी संबोधित करेगा जो उनकी शादी से पहले सामने आया था।

सखी

मुरादाबाद के एक कॉलेज में बुर्का पहनने को लेकर विवाद

छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश करने से रोका

एजेंसी। मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के एक कॉलेज में गुरुवार को बुर्का को लेकर विवाद फिर से शुरू हो गया, जब कुछ छात्राओं को बुर्का पहनने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया। घटना मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज में हुई। छात्राओं का आरोप है कि उन्हें कॉलेज परिसर में घुसने नहीं दिया जा रहा है और गेट पर बुर्का उतारने के लिए मजबूर किया जा रहा है। निर्धारित नियमों पर अड़े रहनेवाले छात्रों, समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं और कॉलेज के प्रोफेसरों के बीच कथित तौर पर हाथापाई हुई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है।

इस बीच कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. ए.पी. सिंह ने कहा कि उन्होंने यहां विद्यार्थियों के लिए एक ड्रेस कोड लागू किया है और जो कोई भी इसका पालन करने से इनकार करेगा, उसे कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा। समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने कॉलेज के ड्रेस कोड में बुर्का को शामिल करने और छात्राओं को इसे पहनकर अपनी कक्षाओं में जाने की अनुमति देने के लिए एक ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि पिछले साल एक बड़ा विवाद तब शुरू हुआ, जब कर्नाटक के उडुपी जिले में सरकारी गर्ल्स पीयू कॉलेज की कुछ छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें कक्षाओं में जाने से रोक दिया गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्रों ने दावा किया कि हिजाब पहनने के कारण उन्हें कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बाद मामला कर्नाटक उच्च न्यायालय में ले जाया गया, जिसने शिक्षा संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं को खारिज कर दिया और कहा कि हिजाब पहनना इस्लाम की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है।